राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-184
लखनऊ, बुधवार 21 फरवरी, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





मनरेगा में महिलाओं की भागीदारी में हुई वृद्धि : केशव प्रसाद मौर्य 03

आठ सालों में बदली तस्वीर, पूरी दुनिया में हो रही है यूपी की चर्चा : गोयल 12


### प्रधानमंत्री ने जम्मू कश्मीर में 32 हजार करोड़ की परियोजनाओं का किया लोकार्पण व शिलान्यास

# जम्मू-कश्मीर के विकास को लगेंगे पंख

एजेंसी

**जम्मू।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को जम्मू में एम्स का उद्घाटन करने के साथ ही शिक्षा, रेल, सड़क, विमानन, पेटोलियम तथा नागरिक सुविधाओं और बुनियादी ढांचे से संबंधित लगभग 32 हजार करोड़ की विकास योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इन परियोजनाओं से जम्मू-कश्मीर के विकास को और अधिक पंख लगेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्थानीय मौलाना आजाद स्टेडियम में आयोजित समारोह में जम्मू कश्मीर के लिए 32 हजार करोड़ की विकास योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया।



▶ विजयपुर में 1661 करोड़ से बने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान का लोकार्पण

साम्बा जिले के विजयपुर में 1661 करोड़ रुपये से बने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का प्रधानमंत्री ने लोकार्पण किया। यह एम्स 226.84 एकड़ में फैला है। इस एम्स के बनने से जम्मू-कश्मीर सहित पंजाब व हिमाचल के लोगों को भी स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा। एम्स में 30 जनरल और 20 सुपर स्पेशियलिटी विभाग होंगे। पहले चरण में लगभग तीस से अधिक जनरल और सुपर स्पेशियलिटी विभागों में ओपीडी सेवाएं शुरू की जा रही है, जो 1 मार्च से शुरू होंगी। पहले चरण में एम्स में आपात सेवाएं शुरू नहीं की जाएंगी। अगले छह माह में एम्स पूरी तरह से काम करने लगेगा।187 सृजित पदों में से 85 संकाय सदस्यों की नियुक्ति कर ली गई है और बाकी की भर्ती जारी है। पहले चरण में 750 बिस्तर स्थापित किए जाएंगे। बाद में इसे बढ़ाकर 900 से अधिक बिस्तर करने का प्रस्ताव है। एम्स प्रशासन प्वाइजिंग (जहर) सूचना व प्रबंधन प्रणाली स्थापित करेगा। इसमें सर्पदंश और दूसरे जहर के मामलों के लिए जिला स्तर पर टेलिमेडिसिन के माध्यम से एम्स विशेषज्ञों द्वारा तत्काल उचित चिकित्सा सलाह मुहैया करवाई जाएगी।

#### इन रेल परियोजनाओं का लोकार्पण

प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू कश्मीर में बनिहाल-खड़ी-सुंबड़-संगलदान (48 किलोमीटर) रेल लाइन और बारामूला-श्रीनगर-बनिहाल-संगलदान खंड (185.66 किलोमीटर) के बीच नवविद्युतीकृत सहित कई रेल परियोजनाओं का लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री ने पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन और संगलदान स्टेशन तथा बारामूला स्टेशन के बीच रेल सेवा को भी हरी झंड़ी दिखाई। बनिहाल-खड़ी-सुंबड़-संगलदान का शुरू होना महत्वपूर्ण है। भारत की सबसे लंबी रेलवे परिवहन सुरंग टी-50 (12.77) खड़ी-सुंबड़ के बीच इसी हिस्से में स्थित है। इस ट्रैक पर अब इलेक्ट्रिकल इंजन वाली ट्रेन तेज गति से चल सकेंगी। यहां रेलवे ने जापान की तकनीक पर आधारित ट्रैक तैयार किया है। बनिहाल-खारी-सुम्बर-संगलदान रेलवे ट्रैक पर ट्रेन चलना सामरिक दृष्टि से भी भारत के लिए काफी महत्वपूर्ण है। इससे जम्मू-कश्मीर के समग्र आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा और रेलवे के अन्य मार्गो से कनेक्टिविटी भी बढ़ जाएगी।

#### 7874 करोड़ की सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्य में 7874 करोड़ की सड़क परियोजनाओं का भी शिलान्यास किया। इसमें जम्मू को कटरा से जोड़ने वाले दिल्ली-अमृतसर-कटड़ा एक्सप्रेसवे के दो पैकेज (44.22 किलोमीटर) सहित महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं भी शामिल है। इसके अलाव श्रीनगर रिंग रोड को चार लेन का बनाने के लिए चरण दो, राष्ट्रीय राजमार्ग-1 के 161 किलोमीटर लंबे श्रीनगर-बारामूला-उड़ी खंड के उन्नयन के लिए पांच पैकेज तथा राष्ट्रीय राजमार्ग-444 पर कुलगाम बाईपास और पुलवामा बाईपास का शिलान्यास किया।

#### हवाई अड्डा के नए टर्मिनल भवन की आधारशिला रखी

प्रधानमंत्री ने जम्मू हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन की भी आधारशिला भी रखी। 40 हजार वर्गमीटर क्षेत्र में फैला नया टर्मिनल भवन भीड़भाड़ के दौरान दो हजार यात्रियों को आधुनिक सुविधाओं से लैस सुविधाएं देगा। इससे हवाई सेवा और अधिक मजबूत होगी तथा पर्यटन और व्यापार हो भी बढ़ावा मिलेगा।

#### 677 करोड़ से विकसित होगा सीयूएफ पेट्रोलियम डिपो

प्रधानमंत्री ने जम्मू में सीयूएफ (कमान यूजर फैसिलिटी) पेट्रोलियम डिपो विकसित करने की परियोजना की आधारशिला भी रखी। लगभग 677 करोड़ से विकसित होने वाले इस आधुनिक पूर्ण संचलित डिपो में मोटर स्पिरिट, हाई स्पीड डीजल, सुपीरियर केरोसिन आयल, एविएशन टर्बाइन इंधन, इथेनाल, बायोडीजल और विंटर ग्रेड एचएसडी के भंडारण के लिए लगभग एक लाख किलोलीटर की भंडारण क्षमता होगी।

#### भिलाई आईआईटी का स्थाई परिसर किया राष्ट्र को समर्पित

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को वर्चुअल माध्यम से छत्तीसगढ़ के भिलाई स्थित आईआईटी के स्थाई परिसर को राष्ट्र को समर्पित किया। प्रधानमंत्री ने धमतरी जिले के कुरुद और कवर्धा में केंद्रीय विद्यालय के नए भवनों का भी लोकार्पण किया। जम्मू में आयोजित प्रधानमंत्री के कार्यक्रम से छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भिलाई आईआईटी परिसर से वर्चुअली जुड़े।

## कार्यकर्ता भाजपा की विजययात्रा के अर्जुन भी हैं और कृष्ण भी : शाह

एजेंसी

**उदयपुर।** केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने राजस्थान की सभी 25 लोकसभा सीटों को जीतकर हैट्रिक बनाने का आह्वान करते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा है कि वे अब से लेकर मगणना तक एक ही लक्ष्य में जुट जाएं, अबकी बार- चार सौ पार, फिर एक बार-मोदी सरकार। केन्द्रीय गृहमंत्री शाह उदयपुर में मंगलवार को दक्षिणी राजस्थान की तीन लोकसभा सीटों चित्तौड़, उदयपुर और बांसवाड़ा-डूंगरपुर के भाजपा कार्यकर्ताओं के सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

कार्यकर्ताओं को भाजपा का मालिक बताते हुए गृहमंत्री शाह ने कहा कि भाजपा की विजय यात्रा के अर्जुन भी कार्यकर्ता हैं और कृष्ण भी। कार्यकर्ता घर-घर जाकर सभी को प्रणाम करें और उन्हें बताएं कि उनका एक-एक वोट भारत को विश्व गुरु बनाएगा। अपने उद्बोधन में शाह ने मोदी सरकार की दस साल की उपलब्धियों व योजनाओं को गिनाने और कश्मीर से धारा 370 हटाने, अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर बनाने का जिक्र करते हुए कहा कि लोग ताने मारते थे कि ऐसा कभी नहीं हो पाएगा लेकिन भाजपा ने करके दिखाया। उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि भगवान श्रीराम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के आयोजन का बहिष्कार कर कांग्रेस ने फिर से वही किया जैसा पहले भगवान श्रीराम के अस्तित्व को नकारते हुए शपथपत्र दिया था। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के 12 लाख करोड़ के घपले-घोटाले उजागर हुए जबकि आज प्रधानमंत्री पर एक भी आरोप नहीं है। मोदी ने आर्थिक प्रगति के साथ भ्रष्टाचार पर भी प्रहार किया है। देश की अर्थव्यवस्था को 11वें से 5वें स्थान पर लाए और अब अगले 5 साल में भारत की अर्थव्यवस्था विश्व में तीसरे स्थान पर होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने आजादी के सौ साल पर वर्ष 2047 में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प व्यक्त किया है और युवाओं को आह्वान किया है कि वे इस संकल्प को साकार करने में सहभागी बनें।



### संक्षिप्त समाचार

#### टाइम बमों की बरामदगी के मामले में एनआईए जांच शुरू

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में चार टाइम बमों की बरामदगी के मामले में जांच शुरू कर दी है। बम बरामदगी मामले में उत्तरप्रदेश एसटीएफ के द्वारा 25 वर्षीय जावेद और 60 वर्षीय इमराना की गिरफ्तारी हुई थी। एनआईए ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि गिरफ्तारी के बाद इमराना और जावेद के खिलाफ आईपीसी की धारा 286 और विस्फोटक अधिनियम की धारा 4/5 के तहत मामला दर्ज किया गया है। एनआईए के अधिकारियों के मुताबिक उनकी एक टीम सोमवार शाम को दो संदिग्धों के घर पहुंची और एक घंटे तक जांच की।

#### मराठा समाज को शिक्षा-नौकरी में 10 फीसदी आरक्षण मंजूर

**मुंबई।** महाराष्ट्र में मराठा समाज को शिक्षा और नौकरी में 10 फीसदी आरक्षण दिए जाने का विधेयक विधानमंडल के दोनों सदनों में एकमत से मंजूर किया गया है। यह प्रस्ताव विधानमंडल के विशेष अधिवेशन में दोनों सदनों विधानसभा और विधान परिषद् में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पेश किया था। दोनों सदनों में इस विधेयक को एकमत से सभी सदस्यों ने मंजूरी दी और यह विधेयक एकमत से पारित हो गया। इससे सूबे में मराठा समाज को शिक्षा और नौकरी में 10 फीसदी आरक्षण का रास्ता साफ हो गया है।

#### हाईकोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकार पर लगाया जुर्माना

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में मांडर के चान्हो में बनने वाले एकलव्य स्कूल के लिए चयनित स्थान को दूसरी जगह बदलने के खिलाफ गोपाल भगत की जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को हुई। केंद्र सरकार व राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल नहीं किए जाने पर हाई कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई है। कोर्ट ने केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना लगाते हुए अपनी मौखिक टिप्पणी में कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि अदालत के समय को जानबूझकर बर्बाद किया जा रहा है।

#### चंडीगढ़ मेयर चुनाव : आप के कुलदीप विजयी घोषित

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एतिहासिक फैसला सुनाते हुए चंडीगढ़ मेयर चुनाव के परिणाम को पलटते हुए आम आदमी पार्टी (आप) -कांग्रेस गठबंधन के पराजित उम्मीदवार कुलदीप कुमार को शहर का नया मेयर घोषित किया। अदालत ने 30 जनवरी के चुनाव के संचालन में गंभीर खामियां पाए जाने के बाद, निर्वाचन अधिकारी अनिल मसीह, जो भाजपा नेता हैं, के खिलाफ के लिए मुकदमा चलाने का भी आदेश दिया। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि वह पूरी चुनावी प्रक्रिया को रद्द नहीं कर रही है और खुद को मतगणना प्रक्रिया में गलत कार्यों से निपटने तक ही सीमित रख रही है।

## सपा ने जारी की तीसरी सूची, बदायूं से शिवपाल यादव लड़ेंगे चुनाव

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश में पांच उम्मीदवारों की तीसरी सूची जारी कर दी है। सपा ने बदायूँ में धर्मेन्द्र यादव की जगह शिवपाल यादव को उम्मीदवार बनाया है। सपा ने जिन पांच उम्मीदवारों की सूची को जारी किया है उसमें बदायूं से शिवपाल सिंह यादव के अलावा कैराना से एकरा हसन, बरेली से प्रवीण सिंह एरन, हमीरपुर से राजेंद्र सिंह राजपूत और वाराणसी से सुरेंद्र सिंह पटेल है। वाराणसी से उम्मीदवार का ऐलान कर अखिलेश ने कांग्रेस को सख्त संदेश दे दिया है कि सीट बंटवारे को लेकर आप निर्णय लीजिए अन्यथा हम अकेले चुनाव लड़ने की तैयारी कर चुके हैं।

समाजवादी पार्टी की ओर से कुछ प्रभारी का भी ऐलान किया गया है। अमरोहा के लिए महबूब अली और राम अवतार सैनी को प्रभारी बनाया गया है। कन्नौज और आजमगढ़ से धर्मेंद्र यादव प्रभारी है। वहीं, बागपत के लिए मनोज चौधरी को प्रभारी दिया गया है।धर्मेंद्र यादव को कन्नौज या आजमगढ़ में से किसी एक सीट से चुनावी मैदान में उतारा जा सकता है। इससे पहले उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे को लेकर तनातनी के बीच समाजवादी पार्टी ने 11 अन्य सीटों पर अपने उम्मीदवारों का ऐलान कर दिया है।

## जेपी नड्डा व सोनिया गांधी राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित

**राजस्थान।** राज्यसभा में अपना पहला कार्यकाल चिह्नित करते हुए, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सोनिया गांधी मंगलवार को राजस्थान से राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुनी गईं। बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा गुजरात से राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुने गए हैं। 77 वर्षीय कांग्रेस नेता ने स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के कारण आगामी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ने की घोषणा के बाद 14 फरवरी को जयपुर में अपना राज्यसभा नामांकन दाखिल किया। राजस्थान में बीजेपी के चुन्नीलाल गडासिया और मदन राठौड़ भी निर्विरोध चुने गए। बिहार के सभी 6 उम्मीदवार राज्यसभा के लिए निर्विरोध निर्वाचित हो गए हैं।

## स्वामी ने सपा व विधान परिषद सदस्यता से दिया इस्तीफा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) पर भेदभावपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाने वाले कद्दावर नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने सपा की प्राथमिक सदस्यता और विधान परिषद की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है।

श्री मौर्य ने पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव को लिखे पत्र में कहा है कि 12 फरवरी को उनसे हुयी बातचीत और 13 फरवरी को प्रेषित पत्र पर कोई पहल न होने के फलस्वरूप वह पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रहे हैं। एक अन्य पत्र में उन्होने विधान परिषद के सभापति को लिखा कि वह सपा के प्रत्याशी के रुप में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से सदस्य विधान परिषद के लिये निर्वाचित हुये थे और जब उन्होने सपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है तो नैतिकता के आधार पर विधान परिषद की सदस्यता से भी त्यागपत्र दे रहे हैं।



गौरतलब है कि श्री मौर्य ने पिछले दिनो सपा के कुछ नेताओ से उनके प्रति रवैये से नाराजगी व्यक्त की थी और पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव से कहा था कि उनके बयान पार्टी के हित में होते है मगर पार्टी उनके निजी बयान कह कर उनसे किनारा कर लेती है जो सही नहीं है। इस पर श्री यादव की ओर से कोई जवाब नहीं मिलने पर उन्होने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद भी सपा की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर पिछले दिनो उन्होने अपने निजी राजनीतिक दल बनाने की घोषणा कर दी थी जिस पर अखिलेश यादव ने तंज कसते हुये कहा था कि कोई किसी के मन की बात को नहीं जान सकता।

#### हमने सम्मान दिया उन्होंने धोखा : डिंपल यादव



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव ने आज मंगलवार को स्वामी प्रसाद मौर्य पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि स्वामी प्रसाद चुनाव नहीं जीत पाए थे। इसके बावजूद सपा ने उन्हें एमएलसी बनाया था। उन्हें सब कुछ दिया लेकिन स्वामी ने धोखा दिया। सपा पीडीए का पूरा सम्मान करती है। पल्लवी पटेल मेरी बहन जैसी हैं। वो सपा से चुनाव लड़कर जीती हैं। हम चाहते थे कि कृष्णा पटेल भी सपा से चुनाव लड़कर सदन पहुंचे। समाजवादी पार्टी के संस्थापक नेताजी भी सबको साथ लेकर चलने का कार्य करते थे और आज भी पार्टी यही करती है। चुनाव के दौरान स्वामी प्रसाद मौर्य पार्टी में आए थे, जो चुनाव नहीं जीत पाए। इसके बावजूद सपा ने उन्हें एमएलसी बनाकर विधानसभा में भेजने काम किया और हम स्वामी प्रसाद मौर्य का पूरा सम्मान करते हैं।

## देश की सबसे स्वच्छ राज्य की राजधानी के रूप में स्थापित हुआ तिरूपति शहर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले का सबसे बड़ा शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी) तिरुपति नगर निगम ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 रैंकिंग में 1 लाख से अधिक आबादी वाले सबसे स्वच्छ शहरों में 8 वां स्थान हासिल किया है। इसके साथ ही तिरूपति ने 5-स्टार कचरा मुक्त शहर और वाटर प्लस रेटिंग हासिल की है।



आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है। तिरूपति नगर निगम टीम ने स्वच्छता सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए 1000 स्वच्छता कर्मचारियों को नियोजित किया है। 100 प्रतिशत डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण का लक्ष्य हासिल किया।तिरूपति में एकत्र किए गए सभी कचरे को संबंधित अपशिष्ट प्रसंस्करण और प्रबंधन सुविधाओं में वैज्ञानिक रूप से संसाधित किया। शहर में वास्तविक समय में घर-घर कचरा संग्रहण ट्रैकिंग के लिए आरएफआईडी तकनीक के साथ एक ऑनलाइन अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली लगाया गया है। तिरूपति में प्रतिदिन लगभग 60 टन सूखा कचरा और 1 टन घरेलू खतरनाक कचरा उत्पन्न होता है। कचरे को व्यवस्थित रूप से पुनर्चक्रण योग्य और गैर-पुनर्चक्रण योग्य वस्तुओं में अलग किया जाता है।

#### एंटी करप्शन टीम ने महिला लिपिक को रिश्वत लेते दबोचा

**झांसी।** योगी सरकार की भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति को सरकारी विभागों में जमकर पलीता लगाया जा रहा है। हाल ही में कलेक्ट्रेट कार्यालय के बाबू के रिश्वत लेने के वीडियो वायरल होने का मामला अभी शांत भी नहीं हुआ था कि आज एन्टी करप्शन टीम ने नगर निगम विभाग में छापेमार कार्यवाही कर महिला क्लर्क को रंगेहाथ दबोच लिया और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। महिला लिपिक नामांतरण के लिए 4 हजार रुपये की रिश्वत मांग रही थी। जानकारी के मुताबिक झांसी नगर निगम में प्लॉट नामांतरण कराने के लिए रवींद्र वर्मा ने कई दिनों पहले आवेदन किया था। उसने फीस जमा करते हुए पर्ची भी कटवाई थी।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने किया किसान पथ का निरीक्षण

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** बख्शी का तालाब क्षेत्र से गुजर रहे निर्माणाधीन रक्षा मंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट 104 किमी लम्बे आउटर रिंग रोड किसान पथ का उनके द्वारा निरीक्षण किया गया। मंगलवार दोपहर किए गए इस निरीक्षण को लेकर उन्होंने बताया कि इस किसान पथ पर कोई टोल टैक्स नहीं पड़ेगा। मार्च के पहले सप्ताह में उद्घाटन होगा। अब वाहन बिना किसी बाधा के अपने गंतव्य तक जा सकेंगे।

मंगलवार दोपहर केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपने ड्रीम प्रोजेक्ट निर्माणाधीन 104 किलो मीटर लंबे आउटर रिंग रोड़ का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बताया कि एनएचएआई द्वारा 28 फरवरी तक आउटर रिंग रोड का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। वहीं मार्च माह के पहले सप्ताह में इसका लोकार्पण कर दिया जाएगा। किसान पथ के पूर्ण होने के बाद वाहन बिना किसी अवरोध के दौड़ने लगेंगे। राजनाथ सिंह ने कहा कि जब वह सांसद बने तो उन्होंने 2017 से इस आउटर रिंग रोड़ का निर्माण कार्य का प्रोजेक्ट शुरू करवाया था जो अब पूर्ण होने जा रहा है। लोकार्पण हो जाने के बाद लखनऊ के चारों तरफ से दूसरे जिले में जाने वाले वाहनों को शहर के अंदर से होकर नहीं जाना पड़ेगा।

#### चतरा में टीपीसी के सब-जोनल कमांडर समेत तीन उग्रवादी गिरफ्तार

**चतरा।** पुलिस ने मंगलवार को टीपीसी के तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो देशी पिस्टल, 7.65 एमएम का आठ गोली, 7.62 एमएम का तीन गोली, टीपीसी का 14 लेटर पैड पर्चा, कोयला कारोबारी का मोबाइल नंबर लिखा नोट बूक, लेवी वसूली के 22500 रुपये नकदी बरामद हुआ है। गिरफ्तार आरोपितों में लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र स्थित मुरपा निवासी इरफान अंसारी उर्फ तूफान, रांची के मैक्लूस्कीगंज थाना क्षेत्र के धमधमियां निवासी शोभित शर्मा उर्फ राजा उर्फ अभिषेक और खलारी थाना क्षेत्र के जमुनाघोड़ा निवासी संदीप लोहरा उर्फ बलवन्त शामिल हैं।

## मनरेगा में मिलेगा ज्यादा काम का मौका यूपी को 33 करोड़ मानव दिवस आवंटित

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** आगामी एक अप्रैल से ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा के तहत ग्रामीणों को रोजगार से जुड़ने का भरपूर मौका मिलेगा। केंद्र सरकार ने मनरेगा के तहत 2024-25 में यूपी को 33 करोड़ मानव दिवस आवंटित किये हैं। चालू वित्तीय 2023-24 में यूपी के लिए मानव दिवस सृजन का आवंटन 21 करोड़ था, जो धीरे-धीरे बढ़ कर 31 करोड़ तक पहुंचा है।

ग्राम्य विकास विभाग के विशेष सचिव सुखलाल भारती व उपायुक्त मनरेगा हरिशचंद्र के मुताबिक चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में बजट आवंटन के समय यूपी को 21 करोड़ मानव दिवस पर काम कराए जाने का लक्ष्य हासिल हुआ था।जैसे-जैसे राज्य में मनरेगा के तहत काम कराने की गति बढ़ी, केंद्र सरकार ने और मानव दिवस यूपी को आवंटित किए।यह आवंटन 31 करोड़ मानव दिवस तक पहुंच गया है। अभी डेढ़ महीने से अधिक इस वित्तीय वर्ष में शेष है, उम्मीद की जा रही है कि भारत सरकार यूपी को आवंटित मानव दिवस की संख्या में फिर से इजाफा कर सकती है। सुखलाल भारती के मुताबिक नए वित्तीय वर्ष 2024-25 में आवंटित 33 करोड़ मानव दिवस से मजदूरों को काम देने का काम एक अप्रैल से ही युद्धस्तर पर शुरू करा दिया जायेगा। लक्ष्य पूरा करने के बाद केंद्र सरकार पूर्व के वर्षों की तरह यूपी के लिए अतिरिक्त मानव दिवस का सृजन भी करेगी। यह संख्या 36 करोड़ मानव दिवस तक जा सकती है।

संबोधन

### मुख्यमंत्री का निवेशकों को आश्वासन, यूपी में निवेश सुरक्षित

## अनलिमिटेड पोटेंशियल वाला राज्य बना उत्तर प्रदेश : योगी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि सात वर्ष में यूपी की छवि बदली है। यह नये भारत का नया उत्तर प्रदेश है। विकसित भारत का विकसित उत्तर प्रदेश है। पहले यूपी बीमारू राज्य और देश के विकास में बैरियर माना जाता था। यूपी अब बीमारू राज्य की श्रेणी से उबर कर असीमित संभावनाओं वाला राज्य बन चुका है। सात वर्षों में ही राज्य की अर्थव्यवस्था दोगुनी होने के साथ प्रति व्यक्ति आय भी दोगुनी हो चुकी है।

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के दूसरे दिन आज मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश-निवेश प्रदेश के तहत एफडीआई कॉन्क्लेव यूपी-इमर्जिंग डेस्टिनेशन फॉर फॉरेन इनवेस्टमेंट इन इंडिया को संबोधित किया। जिसमें उन्होंने कहा कि हमारे पास प्रकृति भी है, परमात्मा भी है और प्रतिभा से भरपूर युवा भी हैं। इस त्रिवेणी के माध्यम से पीएम के मार्गदर्शन व नेतृत्व में हम यूपी को आगे बढ़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने विश्वास दिलाया कि पीएम द्वारा दिए गए लक्ष्यों को प्रदेश सरकार समयबद्ध तरीके से प्राप्त करेगी और पीएम के संकल्पों के अनुरूप यूपी भारत के ग्रोथ इंजन के रूप में स्थापित करने की प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि यूपी को बीमारू राज्य से उबारने में सफलता मिली तो इसके पीछे पीएम का विजन था, जिसे हमने मिशन के रूप में लेकर प्रभावी ढंग से अलग-अलग सेक्टर की 25 नीतियां बनाई और कानून-व्यवस्था की बेहतर स्थिति देकर माहौल बदला। जिसका परिणाम है कि यूपी अब देश की दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। रेवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में स्थापित है।



#### विदेशी उद्यमियों ने भी की निवेश के माहौल की तारीफ

**लखनऊ।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व, सूबे में बेहतरीन संसाधन, सुदृढ़ बुनियादी ढांचा और ईज ऑफडूइंग बिजनेस की सराहना उद्यमी कर रहे हैं। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 के दूसरे दिन यूपी-भारत में विदेशी निवेश के लिए उभरता गंतव्य कॉन्क्लेव के दौरान विभिन्न उद्योग समूहों के प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखे। लुलु समूह के चेयरमैन एमए यूसुफअली, शराफ ग्रुप के उपाध्यक्ष मेजर जनरल सेवानिवृत्त शराफुद्दीन शराफ, एयर लिक्विड के एमडी बेनोइट रेनार्ड, डोर्ना के सीईओ कार्मेलो एस्पेलेटा और ग्रीनको ग्रुप के प्रतिनिधि ने प्रदेश में निवेश के बेहतरीन माहौल की तारीफ की। लुलु समूह के अध्यक्ष और एमडी एमए यूसुफअली ने कहा कि विदेशी निवेश में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र समेत कई क्षेत्रों में निवेश की बेहतरीन संभावनाएं हैं। निवेशक निवेश से पहले चार चीजें देखते हैं। ये चीजें हमारे पास भारत और उत्तर प्रदेश में हैं। शराफ ग्रुप के उपाध्यक्ष रिटायर्ड मेजर जनरल शराफुद्दीन शराफ ने कहा कि एक आदमी, एक परिवार, एक समाज अपना पैसा वहीं निवेश करना चाहता है जहां वे पूरी तरह संतुष्ट हो।

# अवैध मार्फीन के साथ तीन गिरफ्तार, भेजा जेल

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



सुबेहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत चौपुला मांगौवा गांव के समीप थाना सुबेहा पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है जिसके कब्जे से कुल 1 किलो 400 ग्राम अवैध मारफीन चोरी की गई 01 जोड़ी पायल सफेद धातु 01 अदद मोटरसाइकिल बरामद हुई है। जानकारी के मुताबिक पुलिस अधीक्षक बाराबंकी दिनेश कुमार सिंह के आदेशानुसार जनपद में अपराध एवं अपराधियों तथा मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक, दक्षिणी डॉ0 अखिलेश नारायण सिंह के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी हैदरगढ़ जयेन्द्र नाथ अस्थाना के पर्यवेक्षण में मंगलवार को थाना सुबेहा पुलिस टीम को मैनुअल इंटेलीजेंस के आधार पर महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस टीम द्वारा तीन मादक पदार्थ तस्कर जिसमे किला वार्ड कस्बा थाना इन्हौंना जनपद अमेठी निवासी हसीब बाबा पुत्र बसीर, मासूक पुत्र रसीद इसौली थाना बल्दीराय जनपद सुलतानपुर, व प्रकाश रावत पुत्र स्व0 छविनाथ निवासी बगिया मजरे अमरवल क्रिसिया थाना सुबेहा को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की हैं जिसके कब्जे से कुल 1 किलो 400 ग्राम अवैध मारफीन (अंतर्राष्ट्रीय कीमत करीब 01 करोड़ 40 लाख रूपये), चोरी की 01 जोड़ी पायल सफेद थाना हैदरगढ़ से सम्बन्धित व 01 अदद मोटर साइकिल बरामद की गई है। पुलिस ने पकड़े गए सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक गजेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्तगण का एक गिरोह है जिनका अपराधिक लंबा इतिहास है जिनके नाम अलग थानों पर गंभीर अपराध के तहत मुकदमा दर्ज है यह आरोपी धनोपार्जन हेतु जनपद बाराबंकी व आस-पास के जनपदों में मादक पदार्थ की तस्करी करते हैं। बरामद की गई मारफीन के सम्बन्ध में भी गहनता से जांच की जा रही है एवं घटना में अन्य व्यक्तियों के संलिप्तता की जांच कर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

तस्कर को गिरफ्तार करने में मुख्य रूप से थानाध्यक्ष गजेन्द्र प्रताप सिंह, उनि जितेन्द्र प्रताप सिंह, उनि सुभाष चन्द्र यादव, हेका विनोद कुमार यादव का. विनय चौहान, अंकित पाल, कृष्ण कुमार आदि लोग की मुख्य भूमिका रही।

## गन्ने से लदा ओवर लोड ट्रक पलटा, बाइक सवार घायल

**सूरतगंज, बाराबंकी।** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र के सूरतगंज - हेतमापुर मार्ग पर गन्ने से लदा हुआ एक ओवर लोड ट्रक पलट गया। इसकी चपेट में आकर एक बाइक सवार घायल हो गया। यह हादसा बभनावा गांव के पास हुआ गन्ने से लदा ओवरलोड ट्रक लालपुर गन्ना क्रय केन्द्र से हैदरगढ़ चीनी मिल जा रहा था। अचानक बभनावा गांव के पास वह पलट गया। चपेट में आने से बाइक सवार रिछला निवासी कुर्बान (25) ने किसी तरह कूद कर अपनी जान बचाई। इस दौरान उसकी बाइक गन्ने के नीचे दब गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार इसी मार्ग से गन्ने से भरे ओवरलोड ट्रक निकलते हैं। सांठगांठ के चलते पुलिस वाले भी ट्रक के खिलाफ कार्रवाई नहीं करते हैं।

# बैजनाथ शिवकला पीजी कालेज के छात्रों को स्मार्टफोन वितरित

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



मंगलवार क्षेत्र के मंगलपुर स्थित बैजनाथ शिवकला पी जी कॉलेज में स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजनांतर्गत स्मार्टफोन वितरण समारोह पूर्वक आयोजित कार्यक्रम में वितरित किया गया। फोन पाकर छात्र-छात्राओं के चेहरे पर मुस्कान देखी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राम नाथ वर्मा पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक बाराबंकी थे। उन्होंने अपने संबोधन में स्मार्टफोन की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्मार्ट फोन तकनीकी शिक्षा के लिए अत्यंत उपयोगी है।इस अवसर पर महाविद्यालय के संस्थापक संरक्षक राम पाल वर्मा पूर्व विधान परिषद सदस्य ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में स्मार्टफोन के समुचित उपयोग पर बल देते हुए कहा कि आज का युग सूचना क्रांति का युग है इसलिए विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान से जुड़ना बहुत ही आवश्यक है बगैर विज्ञान और तकनीकी के ज्ञान से विद्यार्थी बड़े लक्ष्य को नहीं हासिल कर सकते है। कॉलेज के प्रबंधक इंजीनियर रमेश कुमार वर्मा ने अपने संबोधन में छात्र छात्राओं से स्मार्टफोन के सकारात्मक पहलुओं को आत्मसात करते हुए अपनी तकनीकी समस्याओं का समाधान खोजने की अपील की। महाविद्यालय के बी, एड एवम् बी, टी,सी,विभाग के विभागाधक्ष डॉक्टर आशुतोष कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों से बड़ा मुकाम हासिल करने के लिए परंपरागत ज्ञान के साथ विज्ञान और तकनीकी ज्ञान की संप्राप्ति के लिए सूचना और प्रौद्योगिकी के वर्तमान दौर में स्मार्टफोन की महत्ता पर विस्तार से विचार रखे। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर अमरेश सिंह श्रीनेत, उप प्रबंधक समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार वर्मा, राकेश कुमार वर्मा,नोडल अधिकारी डॉक्टर रंजीत वर्मा, धीरज वर्मा सहित सभी संकायों के प्रवक्ता गण उपस्थित रहे।

# नाबालिग के साथ रह रही विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

घर में नाबालिक पुत्र के साथ मौजूद 24 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। सुबह जब महिला की मौत हुई उस समय पति एवं सास घर पर मौजूद नहीं थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल रवाना किया है और पति द्वारा दी गई तहरीर पर मामले की छानबीन कर रही है। जानकारी के अनुसार थाना लोनी कटरा अंतर्गत रुकनापुर निवासी सूरज कुमार पुत्र रामस्वरूप शादियों में जयमाली स्टेज सजाने का काम करते हैं। सोमवार को भी वह अहिमा मऊ गंगागंज मैं आयोजित समारोह में जयमाल स्टेज सजाने गए हुए थे। वही आज सुबह लगभग साढ़े 9 बजे जब विवाहिता ने दुपट्टा के सहारे फांसी का फंदा लगाया तो उस समय मृतका की सास खेत में फसल चर रहे साँड़ों को भगाने खेत गई हुई थी। पड़ोसियों द्वारा सूचना पाकर पहुंची महिला को मृतिका तख्त पर बेहोशी की अवस्था में पड़ी मिली आनन फानन में पड़ोसियों की सहायता से मृतका को अस्पताल ले जाया जा रहा था कि तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर घर पहुंचे सूरज द्वारा दी गई तहरीर पर पुलिस लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजने के बाद मामले की तहकीकात कर रही है वहीं इस मामले में मृतका के भाई लखनऊ के थाना गोसाईगंज के जँहगीरपुर निवासी आशीष कुमार गौतम ने मृतका के पति पर शराबी होने के साथ-साथ दबंग होने का आरोप लगाते हुए आए दिन गाली गलौज और घर से खेदने की शिकायत करते हुए रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।

# खेल प्रतिस्पर्धा में खिलाड़ियों को सांसद ने किया सम्मानित



**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

जनपद स्तरीय एक दिवसीय सांसद खेल स्पर्धा के डी सिंह बाबू स्टेडियम में अयोजित की गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ सांसद उपेन्द्र सिंह रावत जी द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। ध्वजारोहण करते हुए सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर इन खेलों के आयोजन किये जा रहे हैं। युवा अपने दमखम का उपयोग कर खेल जगत में अपना श्रेष्ठ स्थान सुरक्षित करेंगे। प्रतियोगिता का आयोजन जिला युवा कल्याण एवं प्रदेशिक विकास दल अधिकारी अरुण कुमार सिंह के संरक्षण में हुआ। सांसद खेल स्पर्धा प्रतियोगिता के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि राज्य मंत्री सतीश शर्मा रहे। श्री शर्मा ने कहा कि खेल हमारे देश की बहुत पुरानी परंपरा है। खेल इतना जरूरी एवं लोकप्रिय होते हैं कि खेल के माध्यम से शिक्षा प्रदान करने पर बल दिया जाता है।राज्यमंत्री मंत्री सतीश शर्मा एवं सांसद उपेन्द्र सिंह रावत द्वारा संयुक्त रूप से विजेताओं को नकद पुरस्कार, प्रमाण पत्र व मैडल प्रदान किये गए। खेल स्पर्धा के दौरान खिलाडियों के उत्साहवर्धन हेतु जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य, पूर्व विधायक शिवकरन सिंह, महामंत्री संदीप गुप्ता,हंसराज यादव, नीतू रावत उपस्थित रहे। बालिका वर्ग की कबड्डी में देवा तथा बालक वर्ग की कबड्डी में त्रिवेदीगंज की टीम विजयी रही। बालक वर्ग में 100 मीटर में तुषार सिंह, 200 मीटर व 400 मीटर दौड़ में परमेश्वर सिंह व बालिका वर्ग 100 मीटर में नीतू देवी, 200 मीटर में अनीशा मिश्रा तथा 400 मीटर में नीतू कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया ।

प्रतियोगिता को सफल बनाने में सेवा निवृत्त व्यायाम प्रशिक्षक अमर बहादुर सिंह, जिला स्काउट मास्टर राजेंद्र त्रिपाठी, समाज सेवक प्रदीप सारंग, अनंत कुमार अस्थाना, सुशील सिंह, राजेंद्र किशोर पांडे का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# कार की चपेट में आने से युवक की मौत, साथी ट्रामा में भर्ती

**मसौली,बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

सोमवार की देर रात्रि तिलक समारोह में आये 26 वर्षीय युवक की डिजायर गाड़ी की चपेट मे आने से दर्दनाक मौत हो गयी वही दूसरा साथी गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे ट्रामा सेन्टर लखनऊ मे भर्ती कराया गया है।

सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम भगेला निवासी विनोद कुमार के यहां सोमवार को तिलक समारोह था जिसमे शामिल होने के लिए आये देवा थाना क्षेत्र के ग्राम भिटौली खुर्द निवासी 26 वर्षीय दिलीप पुत्र संतराम लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे अपने साथी प्रमोद के साथ खड़ा था तभी अयोध्या की ओर से आ रही सिफ्ट डिजायर कार नंबर यूपी 32 ईके 5066 ने जोरदार टककर मार दी जिससे दिलीप की मौक़े पर ही दर्दनाक मौत हो गयी सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा प्रमोद को ट्रामा सेन्टर लखनऊ मे भर्ती कराया गया है।

इसी क्रम मे सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सैदनपुर मे बालू लेकर जा रहे ट्रैक्टर ट्राली की चपेट मे आने साईकिल सवा 16 वर्षीय किशोर की मौत हो गयी। सैदनपुर निवासी 16 वर्षीय दानिश पुत्र वसीम सैदनपुर पंचायत भवन के निकट साईकिल से जा रहा था कि पीछे से आ रहे ट्रैक्टर ट्राली नंबर यूपी 41 बी सी 3516 ने टककर मार दी जिसकी मौक़े पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने दोनो वाहनो को कब्जे मे ले लिया है।

## कोल्ड स्टोरेज से गिरकर मजदूर की मौत

**बेलहरा, बाराबंकी।** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र अंतर्गत दादनपुर चौराहे के पास स्थित महावीर कोल्ड स्टोर में बिहार प्रांत निवासी एक मजदूर पांड से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज हेतु सीएचसी फतेहपुर पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिहार प्रांत के कस्बा थाना अंतर्गत ग्राम बभरा निवासी 28 वर्षीय अमजद पुत्र असलम मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र अंतर्गत दादनपुर चौराहे के पास स्थित महावीर कोल्ड स्टोर में राजगीर का काम करता था। अमजद मंगलवार की दोपहर कोल्ड स्टोर में प्लास्टर कर रहा था तभी अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह पांड से नीचे गिर गया। आसपास मौजूद लोगों ने आनन-फानन उसे घायल अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस का कहना है की शव पीएम के लिए भेजा गया है, मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है।

## खबरें एक नजर में

### ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से बालक की मौत

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** थाना सफदरगंज क्षेत्र के ग्राम सैदनपुर में पंचायत घर के निकट ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर में 10 वर्षीय बालक की ट्राली में के नीचे दबकर मौत हो गई। मामला थाना सफदरगंज क्षेत्र के ग्राम सैदनपुर का है। ज़हां के वसीम निवासी सैदनपुर तीस चालीस वर्षों से अकबर नगर लखनऊ में रहते हैं। कुछ दिनों पूर्व पैतृक गांव को परिवार सहित आये हुये थे। उनका 10 वर्षीय बेटा दानिश मंगलवार की सुबह करीब 9 बजे पंचायत भवन सैदनपुर के पास सायकिल से घर जा रहा था कि सैदनपुर पंचायत भवन के पास ट्रैक्टर ट्राली ने बालक को रौंद रौंद दिया।सूचना पर पहुंची थाना सफदरगंज पुलिस ने ट्रैक्टर ट्राली को पकड कर कब्जे में ले लिया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया है कि मृतक के परिजनों की तहरीर आने पर आगे की कार्यवाही की जायेगी।

### आम जनता की सहूलियतों को देखते हुए बस का हुआ संचालन

**मितौली खीरी,समृद्धि न्यूज।** मितौली क्षेत्र के ग्राम अवधपुर से लखनऊ तक रोडवेज बस का संचालन प्रातः 7:00 बजे किया जाएगा। बस को हरी झंडी दिखाकर विधानसभा कस्ता भारतीय जनता पार्टी के विधायक सौरभ सिंह सोनू द्वारा रवाना किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉक्टर नरेंद्र सिंह एवं भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष रविंद्र कनौजिया ने अवधपुर में बैठक कर जनता को लखनऊ से सीधे जोड़ने का प्रयास किया गया है। इस अवसर पर संजय सिंह के सौजन्य से एक सभा का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय विधायक ने रोडवेज बस को हरी झंडी दिखाकर कस्ता विधानसभा क्षेत्र के विधायक सौरभ सिंह सोनू एवं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉक्टर नरेंद्र सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रबना किया गया। इस अवसर पर कस्ता विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ो नागरिक उपस्थित रहे। रविंद्र कनौजिया एवं संजय सिंह के विशेष प्रयास से इस बस का संचालन कराया गया। जनता ने खुशी जाहिर की। इस अवसर पर पूर्व प्रधान प्रतिनिधि ग्रट इनायत चीफ रामदास राधेश्याम वर्मा बीरमपुर प्रताप सिंह एवं एवं सहायक परिवहन अधिकारी उपस्थित रहे।

### बांकेगंज में हुआ वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

**बांकेगंज खीरी।** बांकेगंज के मेला मैदान में युवा कमेटी द्वारा 19 फरवरी को डे नाइट युवा किसान वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन कराया गया। जिसमें 16 टीमों ने भाग लिया। देर शाम तक नॉक आउट मैच चलते रहें। नॉकआउट मैचों में बरबर और शाहजहांपुर के हुआ बीच हुआ मैच काफी रोचक रहा। दोनों ही टीमें कुछ ही अंको से आगे पीछे चलती रही। पन्द्रह अंको पर दोनों टीमें बराबर हो गई और मैच रोमांचक हो गया। सोलह, अठारह अंको पर भी दोनों टीम में बराबर रही। बरबर की टीम का खेल देखकर दर्शक उसी के जीतने का अनुमान लगा रहे थे परंतु शाहजहांपुर की टीम ने अंततः मैच जीत लिया। झाऊपुर और पसगवां तथा सितारगंज और बांकेगंज के बीच हुए मैच एक तरफा साबित हुए। सितारगंज और पसगवां ने बड़े अंतर से मैच जीता। इस दौरान बड़ी संख्या में मैच देख रहे दर्शक स्थानीय टीमों पर ही तंज कसने लगे। पूर्व ब्लाक प्रमुख राकेश सिंह कई घंटे मैच का आनंद उठाते रहे।

# मलेशिया में बिजनेस एक्सीलेंस अवार्ड से नवाजे गए डॉ. कौशल

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज**



छोटी काशी में सनसाइन हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर के डायरेक्टर डॉ कौशल वर्मा को चिकित्सा के क्षेत्र में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों और योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनको मलेशिया की राजधानी कुआलालंपुर में आयोजित एक समारोह में दिया गया। मलेशिया टूरिज्म एंड प्रमोशन बोर्ड डायरेक्टर मनोहरन पेरियासैमी मिनिस्ट्री ऑफ़ टूरिज्म के हाथों बिजनेस एक्सीलेंस अवार्ड 2024 से नवाजा गया है। देश के अलग अलग क्षेत्रों में उल्लेखनीय काम करने वाले मलेशिया में डॉ. कौशल वर्मा को सम्मानित किया गया। 15 लोगों को यह सम्मान मलेशिया में प्रदान किया गया है। डॉ. कौशल अब तक कई कैंप लगाकर निःशुल्क इलाज कर चुके हैं और 5000 से अधिक लोगों तक राशन, कंबल और राहत सामग्री का वितरण कर चुके हैं। बता दे इससे पूर्व अंतरराष्ट्रीय कर्मश्री पुरस्कार से दिल्ली में डॉ. कौशल को सम्मानित किया गया जा चुका है। डॉ. कौशल वर्मा को दिल्ली में सोक्रेट्स सोशल रिसर्च यूनिवर्सिटी द्वारा विश्व युवक केंद्र में अंतरराष्ट्रीय कर्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

## वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत

**बिजुआ खीरी।** गोला/बिजुआ मुख्य मार्ग पर हर्रैया गांव के समीप पेट्रोल टँकी के पास सोमवार की रात अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बाइक सवार एक युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की घटनास्थल पर भीड़ उमड़ पड़ी। घायल युवक को डायल 108 एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिजुआ भेजा गया है। जहा इलाज के दौरान घायल मदन मोहन गुप्ता ने दम तोड़ दिया। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार शाम करीब सात बजे मदन मुरारी गुप्ता पुत्र बांके लाल उम्र करीब 65 वर्षीय निवासी गोला गौकर्ण नाथ मिल रोड मोहल्ला कुम्हारन टोला थाना गोला अपनी गाड़ी यूपी 31 वाई 6403 सीडी डिलक्स से भीरा दवा लेकर बस्तोला चौराहे से होते हुए अपने घर गोला जा रहे थे। रास्ते मे हरैया गांव के समीप बने पेट्रोल पंप के पास एक अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए। घटना की सूचना मिलने के बाद भीरा पुलिस सीएचसी पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

# गाड़ी की टक्कर से बच्चे की मौत

**मितौली खीरी। समृद्धि न्यूज**



थाना मुख्यालय पर गत 13 फरवरी को मितौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के निकट मार्ग पर तेज रफ्तार से आ रही स्कॉर्पियो गाड़ी की टक्कर से चार वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसकी इलाज के दौरान गत दिवस मृत्यु हो गई। जानकारी के अनुसार मितौली निवासी आमना पत्नी हकीम बंजारा निवासी मितौली ने मितौली थाने में दी तहरीर। तहरीर के अनुसार गत 13 फरवरी को तेज रफ्तार से मितौली चिकित्सालय मार्ग पर आ रही स्कार्पियो के चालक अजय शुक्ला पुत्र संतोष शुक्ला ने लापरवाही पूर्वक 4 वर्षीय बच्चे राहत पुत्र हाकिम बंजारा को टक्कर मार दी, तेज गति से टक्कर लगने के कारण चार वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में बच्चे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली में इलाज के लिए ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने गंभीर हालत को देखते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया था, जिला चिकित्सालय के डॉक्टरों ने गंभीर हालत को देखते हुए बच्चे को मेडिकल कॉलेज लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया था।

जहां इलाज के दौरान 20 फरवरी को बच्चे की मृत्यु हो गई। मृतक बच्चे की मां ने थाना मितौली में गाड़ी चालक के विरुद्ध रिपोर्ट पंजीकृत कराई है मितौली पुलिस घटना की जांच तत्परता के साथ कर रही है।

**आवश्यकता है**

विभागाध्यक्ष एवं प्रवक्ता डी.एल.एड. (बी.टी.सी.) पद हेतु **वेतनमान-**NCTE के नियमानुसार। **नोट-** इच्छुक अभ्यर्थी अपने सभी शैक्षिक अभिलेखों सहित विज्ञप्ति प्रकाशन से 15 दिन के अंदर अपना आवेदन पत्र संस्था में उपस्थित होकर/डाक/स्पीडपोस्ट/ई-मेल (guptameenu434@gmail.com) पर भेंजे।

**प्रबन्धक**
**अक्षर ज्योति एकेडमी**
**सिठौली खुर्द नई जेल के सामने लखनऊ।**

# युवक को गोली मारकर किया घायल, लखनऊ रेफर

**पसगवां खीरी। समृद्धि न्यूज**

कस्बा जंग बहादुर गंज में बीती रात 12 बजे मिट्टी खनन का कार्य देख कर वापस लौटे शनील गाजी को हरदोई जनपद के एक युवक ने उनके घर के पास गोली मार कर घायल कर दिया।

पसगवां कोतवाली क्षेत्र के कस्बा जंगबहादुरगंज में उस समय शनील 28 पुत्र मुशाहब को रंजिशन गोली मार दी गई जब मिट्टी खनन के कार्य को देख कर शनील गाजी वापस अपने घर पिहानी बाईपास पर आये जिसके बाद वह पेशाब घर के बाहर पेशाव करने लगे परिजनों ने बताया उसी समय उन्हें आभास हुआ कि कोई उनके पीछे है वो तुरन्त ही घर की तरफ भागे लेकिन जैसे ही वो अपने घर की तरफ भागे तो पीछे तमंचे से एक युवक ने रंजिशन गोली मार दी जो शनील के बाएं पैर में लगी। जिसके बाद शोर सुनकर अपराधी भाग गए । परिवार के लोग जमा हो गये। पुलिस को सूचना दी गयी। जिसके बाद मौके पर पसगवां थाना पुलिस दल बल के साथ पहुच गई।

अपराधियो का पीछा भी किया गया। बताया जाता है रात में ही पुलिस अपराधियो को उठा भी लाई है। घायल शनील को पहले पसगवां सीएचसी भर्ती कराया गया जिसके बाद लखीमपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। गंभीर हालत को देखते हुए शनील को लखनऊ रेफर किया गया है।

बताया जाता हैं शनील गाजी के परिवार से पुरानी रंजिश लड़की के मामले को लेकर दूसरे पक्ष से चल रही है। बीते समय मे लड़की बरामद भी हो गई थी लेकिन पुलिस कार्यवाही नही करवाई गई उसी रंजिश को लेकर उक्त लोग मंगलवार की बीती रात हमलावर हुये और मौके से फरार हो गये। कोतवाली निरीक्षक दीपक राठौर ने बताया कि तहरीर मिलने के बाद कार्यवाही की जाएगी।

## मासिक शिक्षक संकुल बैठक का हुआ आयोजन

**मितौली खीरी।** मासिक शिक्षक संकुल बैठक का आयोजन पूर्व निर्धारित एजेंडा के अनुसार संविलियन विद्यालय मैनहन में संकुल के समस्त विद्यालयों से उपस्थित शिक्षकों की उपस्थिति में एवं ए आर पी प्रशांत पाण्डेय की अध्यक्षता में शिक्षक संकुल टीम मितौली के द्वारा सफलता पूर्वक किया गया। बैठक का शुभारंभ शिक्षकों द्वारा ज्ञान की देवी मां सरस्वती जी का पूजन धूप- दीप एवं पुष्प अर्पित करके किया गया एवं नोडल संकुल शिक्षक सुनील कुमार सिंह के द्वारा बैठक में शामिल सभी शिक्षक साथियों का स्वागत किया गया। बैठक का उद्देश्य स्पष्ट किया गया। शिक्षक संकुल राम मिलन , महेश कुमार, ज्ञानेंद्र कुमार एवं राजेंद्र कुमार के द्वारा निपुण भारत लक्ष्य एवं एफ एल एन आधारित कक्षा शिक्षण पर विस्तृत चर्चा की गई एवं सभी शिक्षकों के द्वारा निपुण विद्यालय-निपुण संकुल बनाने का संकल्प लिया।

# डीएम-एसपी की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित



**मोहम्मदी खीरी। समृद्धि न्यूज**

मंगलवार को तहसील सभागार संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमे कुल 33 शिकायते प्राप्त हुई। जिलाधिकारी, महेन्द्र बहादुर सिंह व पुलिस अधीक्षक गणेश प्रसाद साहा द्वारा तहसील मोहम्मदी पर उपस्थित रहकर संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की। इस दौरान फरियादियों की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जन शिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके विधिक निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। बताया कि संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त प्रार्थना पत्रों का समयबद्ध रूप से निस्तारण करने तथा जिन प्रार्थना पत्रों का निस्तारण उच्चाधिकारी स्तर से किया जाना है उन पर रिपोर्ट लगाकर सम्बंधित अधिकारी को प्रेषित करने के लिए निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने-अपने सर्किल की तहसीलों में उपस्थित रहकर जनशिकायतों का निस्तारण कराया गया। मौके पर 4 शिकायतों का निस्तारण किया किया।

राजस्व विभाग से 12, पुलिस विभाग से 8, नगर पालिका परिषद से 2 , विकास विकास विभाग से 4,पूर्ति विभाग गन्ना विभाग की एक शिकायत प्राप्त हुई। इसके अतिरिक्त डीडीओ सीडीओ अनिल कुमार सिंह उपजिलाधिकारी डॉ अवनीश कुमार प्रभारी निरीक्षक चन्द्रशेखर सिंह सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# लुधौनी में लगी आग, गृहस्थी जलकर हुई खाक



**धौरहरा खीरी। समृद्धि न्यूज**

खमरिया क्षेत्र के लुधौनी गांव में अज्ञात कारणों से लगी आग में गृहस्थी जलकर राख हो गई। आग को ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद बुझाकर हल्का लेखपाल को सूचना दी,जो मौके पर जाकर हुए नुकसान का आंकलन कर पीड़ित परिवार हो जल्द ही सहायता दिलवाने का अस्वासन दिया है। ईसानगर क्षेत्र की ग्राम पंचायत लुधौनी में इस्तियाक पुत्र सदीक के घर में अज्ञात कारणों से अचानक आग लग गई। जो देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर कुछ ही देर में घर मे रखी गृहस्थी को राख का ढेर बना दिया। इस दौरान परिवार के लोगों ने किसी तरह अपने आप को बचाने में ही कामयाब हो सके। वही ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग को काबू कर हल्का लेखपाल को अवगत कराया। जो मौके पर जाकर हुए नुक़सान का आंकलन कर पीड़ित परिवार को जल्द ही सरकारी मदद दिलवाने के अस्वासन दिया है।

**लखनऊ नगर निगम**

लालबाग, टी.एन.मार्ग, लखनऊ-226001 (उ0प्र0)
ई-मेल- nnlko@up.nic.in टेली-फैक्स-0522-2622440

संख्या- 363/मु.अ./23-24 — दिनांक : 17.2.2024

**अति-अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत ठेकदारों को उनकी सीमान्तर्गत निम्नलिखित कार्यो हेतु 27.2.24 को मोहरबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती है। 26.2.24 तक अपरान्ह 2:00 बजे तक कार्यालय दिवस व अवधि में फार्म कीपर कार्यालय के अतिरिक्त, मुख्य अभियन्ता एवं मुख्य वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है या नगर निगम की बेवसाइट upgov.nic.in से डाउन लोड किया जा सकता हैं। निविदा दिनांक 27.2.24 को अपरान्ह तीन बजे तक जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय एवं मण्डलायुक्त लखनऊ के कार्यालय कक्ष में एवं मुख्य अभियन्ता के कार्यालय कक्ष में रखे निविदा बाक्स में डाली जा सकती है। प्राप्त निविदाओं को 27.2.24 को अपरान्ह 4:00 बजे मुख्य अभियन्ता के समक्ष खोला जायेयगा। यदि निविदा तिथि को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस को डाली एवं खोली जायेगी। किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार समक्ष अधिकारी में निहित होगा। पेवर कार्य हेतु निविदादाता के पास स्वंय का कम्पूटराइज हाट मिक्स प्लान्ट व ब्राइवेटर रोलर होना आवश्यक है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | आगणन धनराशि रू0 में | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 18% जी.एस.टी. | कुल निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | शंकरपुरवा तृतीय वार्ड के अन्तर्गत शिव बिहार कालोनी में म0सं0-5 के पास मनोकामना मन्दिर के पास सड़क व नाली सुधार कार्य। | 841572.00 | 84157 | 1 माह | 842 | 152 | 994 |
| 02 | शहीद भगत सिंह द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत श्याम इन्क्लेव फेज-3 में चन्द्रिका ट्रेडर्स से डा0 ए0के0 श्रीवास्तव के पास सी0सी0 सड़क का निर्माण कार्य। | 278501.00 | 27850 | 1 माह | 279 | 50 | 329 |
| 03 | शहीद भगत सिंह द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत गोयला गांव में सुन्दर लाल के मकान से नूर कान्वेंट स्कूल के पास तक नाली सड़क का सुधार कार्य। | 646546.00 | 64655 | 1 माह | 647 | 116 | 763 |

**शर्तें:**

1. निविदा में प्रतिभाग हेतु नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक नहीं है । न्यूनतम निविदा धारक को सफल होने पर नियमानुसार पंजीकरण कराना आवश्यक होगा।
2. शासनादेश सं0-6738/23-7-06-176(सा0)/ 06 दिनांक 31.01.2007 का पालन करते हुए रू0 40.00 लाख की धनराशि पर 10 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि और उसके ऊपर समस्त अवशेष धनराशि पर 05 प्रतिशत की दर से जमानत धनराशि निविदा के समय ही जमा करायी जायेगी ।10 प्रतिशत निम्न तक 0.50 प्रति 1प्रतिशत कम दर पर तथा 10 प्रतिशत से अधिक निम्न दर पर 1.00 प्रतिशत प्रति कम दर पर सिक्योरिटी / परफारमेन्स गारण्टी ली जायेगी।
3. शासनादेश संख्या-962/नौ-9-2017 / 81ज / 17 दिनांक 17.10.2017 के अनुसार जी0एस0टी0 का भुगतान फर्म द्वारा वास्तविक वाउचर प्रस्तुत करने के उपरान्त प्रतिपूर्ति की जायेगी।
4. आवेदक निविदादाता को शासनादेश संख्या 3890 / नौ-5-19-149सा0 /2019 दिनांक 20.09.2019 का अनुपालन सुनिश्चित करना होगा।
5. कार्य हेतु 1 वर्ष की डिफेक्ट लायबिलिटि पीरियड पूर्ण होने के उपरान्त ही कार्य संतोषजनक पाये जाने पर जमानत धनराशि अवमुक्त किया जायेगा।

**मुख्य अभियन्ता**

# सपा की कांग्रेस को दो टूक : कांग्रेस को दी 17 सीटें, अब गठबंधन रखें या न रखें

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव को लेकर बने विपक्षी गठबंधन को सबसे बड़ा झटका लगा है। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन अधर में लटक गया। सपा और कांग्रेस के बीच सीटों को लेकर अभी तक सहमति नहीं बन पाई है।

समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस से दो टूक कह दिया है कि 17 सीटें कांग्रेस ने मांगी थी, दे दी। गठबंधन रखें या न रखें, कांग्रेस जाने। कांग्रेस नेतृत्व में बैक फुट पर आते हुए बातचीत जारी रखने की बात कही है।कल सोमवार को



समाजवादी पार्टी ने गठबंधन के तहत अब 17 सीटों पर कांग्रेस को अपने प्रत्याशी उतारने का प्रस्ताव दिया था। इससे पहले सपा ने कांग्रेस को 11 सीटों पर चुनाव लड़ने का प्रस्ताव दिया था, जिसे लेकर दोनों दलों के बीच बयानबाजी शुरू हो गई थी। सोमवार को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कांग्रेस के लिए 17 लोकसभा सीटें छोड़ने का फैसला लिया। बताते हैं कि सपा ने कांग्रेस को अमेठी, रायबरेली, बाराबंकी, सीतापुर, कैसरगंज, वाराणसी, अमरोहा, सहारनपुर, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, बुलंदशहर, फतेहपुर सीकरी, कानपुर, हाथरस, झांसी, महराजगंज और बागपत सीट दी थी। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक सपा की तरफ से 17 सीटों का प्रस्ताव मिला है, कांग्रेस पार्टी की ओर से अभी प्रतिक्रिया नहीं आई। इससे पहले 11 सीटों का प्रस्ताव देने पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने असंतोष जताया था जिसके बाद सपा ने नए सिरे से सीटों का चयन कर सूची कांग्रेस नेतृत्व को भेजी थी।

# नोएडा के मॉडल पर होगा बुंदेलखण्ड का औद्योगिक विकास : दुर्गा शंकर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/कानपुर।** सरकार जेवर हवाई अड्डे के पास के क्षेत्र को विकसित करने के साथ-साथ बुन्देलखण्ड क्षेत्र को नोएडा के मॉडल पर यूपी बुन्देलखण्ड औद्योगिक विकास प्राधिकरण विकसित करने की एक प्रमुख योजना पर भी काम कर रही है। यह बात मंगलवार को आईआईटी कानपुर में महत्वाकांक्षी योजना का अनावरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि उप्र के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने कही।

उन्होंने कहा कि नोएडा में आरओसी की स्थापना के लिए





विभिन्न क्षेत्रों से आए अनुरोध को सरकार द्वारा सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ संबोधित किया जाएगा। सरकार उत्तर प्रदेश में 21 हवाई अड्डों और 12 नए विश्वविद्यालयों को चालू करने के लिए भी काम कर रही है।उत्तर प्रदेश की प्रतिभा के रिवर्स माइग्रेशन को प्रोत्साहित करने के लिए यह उपाय किये जा रहे हैं। एआईएफ और स्टार्टअप्स के सामने आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए एक समर्पित सिंगल विंडो सिस्टम स्थापित किया जाएगा। उन्होंने संयुक्त राज्य अमेरिका की तर्ज पर उप्र में शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

### 60 से अधिक इनक्यूबेटर व उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना

उप्र के नियोजन प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देने में सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला और बताया कि कैसे उन्होंने पिछले दो वर्षों में 60 से अधिक इनक्यूबेटर और उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) की स्थापना की। उप्र के प्रमुख सचिव अनिल कुमार सागर ने कहा कि, इन प्रयासों ने नवीन विचारों को पोषित करने के लिए अनुकूल माहौल तैयार किया है, जिसमें अच्छी तरह से सुसज्जित स्टार्टअप इनक्यूबेटर किसी भी अवधारणा को एक व्यवहार्य उद्यम में बदलने के लिए तैयार हैं।

### हम जीवंत स्टार्टअप संस्कृति को फलने-फूलने के लिए करेंगे काम

सिडबी के मुख्य महाप्रबंधक एसपी सिंह ने कहा राज्य में स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उठाए गए सक्रिय नीतियों और समर्थन उपायों की सराहना की। राज्य में स्थापित इनक्यूबेशन प्लेटफॉर्म और उत्कृष्टता केंद्र नवोन्मेषी स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण सहायता प्रदान करते हैं। सिडबी, यूपी आईटी और स्टार्टअप नीति 2017 के तहत स्थापित 1000 करोड़ के यूपी स्टार्टअप फंड के माध्यम से और अधिक प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए तैयार है। हम पूरे उत्तर प्रदेश में जीवंत स्टार्टअप संस्कृति को फलने-फूलने के लिए सरकार और सभी हितधारकों के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## खबरें एक नजर में

### प्रबंध तंत्र के निर्देशों का सख्ती से करें पालन

**गोसाईंगंज/लखनऊ।** परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के साथ-साथ नए सत्र की तैयारी पूरी। क्षेत्र के प्रसिद्ध अमेठी पब्लिक इंटर कॉलेज मुंशीगंज अमेठी लखनऊ में मंगलवार को विद्यालय के प्रबंधक गुलाम साबिर सर द्वारा परीक्षा पर चर्चा कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की गई, विद्यालय के उप प्रबंधक निहाल अहमद सर द्वारा नए सत्र की तैयारी हेतु उचित निर्देश दिए गए। विद्यालय के वरिष्ठ लिपिक अतुल त्रिपाठी को विगत वर्षों की बात इस वर्ष भी प्रवेश एवं छात्रवृत्ति का दायित्व दिया गया, जबकि चांद बाबू सर अकाउंटेंट का काम करेंगे सुरेंद्र वर्मा लेखाधिकारी तथा अनिल चौरसिया को परीक्षा संपन्न करने का दायित्व दिया गया। उक्त अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य असित कुमार मिश्रा ने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं तथा छात्र-छात्राओं से अपील की है कि वह प्रबंध तंत्र द्वारा दिए गए निर्देशों का सख्ती से पालन करें तथा प्रवेश के समय विद्यालय द्वारा निर्धारित किए गए प्रपत्र उपलब्ध कराए। विद्यालय की वार्षिक परीक्षा मार्च के दूसरे सप्ताह से प्रस्तावित है।

### केजीएमयू में दूसरे दिन भी ठप हुआ सर्वर, मरीज परेशान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी में मंगलवार को एक बार फिर सर्वर ठप हो गया। बताया जा रहा है कि अचानक करीब 10 बजे से सर्वर बंद होने से मरीजों को दुश्वारियां झेलनी पड़ी। हालांकि, केजीएमयू प्रशासन का दावा है कि वैकल्पिक व्यवस्था कर दी गई है और मैन्युअल काम हो रहा है। किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में सोमवार को भी मरीजों को दुश्वारियां झेलनी पड़ी थी। सोमवार को भी केजीएमयू का सर्वर ठप हो गया था। जिसके चलते अलग-अलग जनपदों से आये मरीजों को जांच से लेकर बिलिंग काउंटर तक धक्के खाने पड़े। कल बताया जा रहा है था कि यह समस्या केजीएमयू से नहीं बल्कि दिल्ली स्थित एनआईसी से हैं। दरअसल, केजीएमयू में प्रदेश के अलग-अलग जिलों से इलाज के लिए मरीज पहुंचते हैं। सर्वर ठप होने से इलाज में तमाम समस्यायें उठानी पड़ी थी। दर्जनों मरीजों को बिना इलाज ही वापस लौटना पड़ा था। इनमें से उन मरीजों की संख्या अधिक रही। जिन्हें जांच रिपोर्ट और जांचों के लिए पैसे जमा करने थे और रिपोर्ट लेनी थी।

### 151 युवाओं को मिला रोजगार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अलीगंज एवं क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में डीडीयूजीकेवाई योजनान्तर्गत अमेठी इण्टर कालेज ब्लाक गोसाईगंज लखनऊ में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया,जिसका शुभारम्भ मो. वहीद चेयरमैन प्रतिनिधि ब्लाक गोसाईगंज ने किया। प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई लखनऊ राज कुमार यादव ने बताया कि रोजगार मेले में 09 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। 448 अभ्यर्थी में 151 अभ्यर्थियों को रोजगार का अवसर प्राप्त हुआ। लोकसभा चुनाव में लोकतंत्र विरोधी सरकार को बेदखल करेगी जनता-अंगारा

### राहुल गांधी की न्याय यात्रा में शामिल हुए राजद उपाध्यक्ष

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राहुल गांधी मोहब्बत और लगाव के हिमायती हैं और बीजेपी के सर्वराकार अलगाव और नफरत के जनक हैं। हिन्दू मुस्लिम के बीच दूरी पैदाकर सत्ता में बने रहना चाहते हैं। सत्ता के लालची लोगों के झांसे से निकलने की जरूरत है और जनता अब सब समझ चुकी है। फैसला लेगी और इन्हें बेदखल करेगी। यह उदगार व्यक्त करते हुए राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में सम्मिलित राष्ट्रीय जनता दल के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष रवींद्र कुमार श्रीवास्तव अंगारा ने प्रदेश वासियों एवं देशवासियों से अनुरोध किया है कि 2024 के चुनावों में भाजपा को उत्तर प्रदेश में शिकस्त देकर राहुल गांधी और कांग्रेस को मजबूत करें। संविधान, लोकतंत्र विरोधी सरकार को सत्ता से उखाड़ फंकने का समय आ गया है।यह सरकार किसान विरोधी, बेरोजगार विरोधी, राज्य कर्मचारी और मध्यम व्यापारी विरोधी है।

### ठंड से बचाव के लिए गरीबों को दिया गया कम्बल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** आज श्रमिक भारती कानपुर तथा गिव इंडिया के सहयोग से विज्ञान फाउंडेशन द्वारा कंबल वितरण का कार्य लखनऊ जनपद के शहरी गरीब बस्ती जानकीपुरम, मडियांव ,रायपुर, तकरोही, हरदासी खेड़ा, डूडा कालोनी, कसैला, जुगौली इस्माइलगंज चिनहट, कमता व पलटन छावनी समुदाय से 300 जरुरतमंद लाभार्थियों का चयन करके गरम कम्बल वितरण किया गया.। कंबल वितरण में ऐसे लाभार्थियों का चयन किया गया जिसमें परिवार अपने आर्थिक समस्याओं से जूझ कर अपना दैनिक जीवनयापन कर रहा है। अधिकतर ऐसे लाभार्थी का दिया गया जो, घरेलू कामगार, दिहाड़ी मजदूरी, एकल महिला, गरीब परिवार व झोपडपट्टी में रहने वाले व घर में किसी गम्भीर बीमारी से जूझ रहे है, साथ ही लखनऊ में संचालित आश्रय में बेघर समुदाय के साथियों के लिए 200 कम्बल डोनेट किया गया।

### कुंवर अतीक अहमद बने समाजवादी छात्रसभा के राष्ट्रीय सचिव



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी की छात्रसभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर ईमरान इदरीस ने फंटल की राष्ट्रीय कार्यकारिणी घोषित की। जिसमें लखनऊ के कुंवर अतीक अहमद को अहम जिम्मेदारी देते हुए राष्ट्रीय सचिव बनाया गया है। 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी समाजवादी पार्टी ने अपने फंटल संगठनों को चुस्त-दुरुस्त करते हुए एक के बाद एक राष्ट्रीय कार्यकारिणी को घोषित करना शुरू कर दिया है। साथ ही सभी फंटलों को जनता के बीच जाकर वोट मांगने की अपील करने को कहा है। लखनऊ के अमीनाबाद निवासी कुंवर अतीक अहमद ने इससे पहले लोहिया वाहिनी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में राष्ट्रीय सचिव रहे है। विधनसभा चुनाव 2022 के दौरान बतौर राष्ट्रीय सचिव पार्टी के लिए जमीनी तौर पर काम किया था, जिसके मद्देनजर पार्टी ने उन्हें बड़ी जिम्मेदारी देते हुए छात्र सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में जगह दिया है। कुंवर अतीक अहमद ने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का धन्यवाद करते हुए कहा कि पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारी को आगे भी पूरी मेहनत और लगन के साथ उठाते रहेंगे और आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी को बूथों पर मजबूत करने का काम करेंगे।

### सपा लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बने अर्पित वर्मा



**लखनऊ।** आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर समाजवादी पार्टी अपनी यूथ इकाइयों का विस्तार करते हुए संगठन को धार देने में लगी हुई है. लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों के चयन के साथ ही साथ संगठन में पदाधिकारियों की भी घोषणा सिलसिलेवार ढंग से चालू है. इसी क्रम में समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव ने अम्बेडकर नगर निवासी एडवोकेट अर्पित वर्मा को समाजवादी लोहिया वाहिनी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाकर बड़ी जिम्मेदारी दी है। अंबेडकर नगर में जन्मे अर्पित वर्मा (एडवोकेट) दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक है एवं दिल्ली विवि से ही विधि की पढ़ाई कर वर्तमान में इलाहाबाद हाईकोर्ट के लखनऊ बेंच में वकालत कर रहे हैं । भारत देश के सर्वोच्च सदन में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ संसद में आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में विधिक सलाहकार के रूप में भी काम कर चुके हैं, वर्तमान में अर्पित वर्मा विकासखंड बसखारी के वार्ड नंबर 73 बढ़ियानी कलां से क्षेत्र पंचायत सदस्य भी हैं। इनके राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर पूर्व एमएलसी विशाल वर्मा,जिला अध्यक्ष जंग बहादुर यादव, पूर्व मंत्री/विधायक राम मूर्ति वर्मा, त्रिभुवन दत्त, पूर्व एमएलसी अतहर खां, हीरालाल यादव, जिला महासचिव मुजीब अहमद सोनू, पूर्व प्रमुख विजय वर्मा, शेषकुमार वर्मा, उत्तम चौधरी, विधानचंद्र चौधरी, अखिलेश यादव, संदीप वर्मा, सिद्धार्थ मिश्र, एडवोकेट हैदर अब्बास, प्रद्युमन यादव, अंकुश पटेल, मो सईम, अंकित वर्मा, राम फूल गौतम, निखिल जैसवाल, विनोद कन्नौजिया, संजय गुप्ता आदि ने बधाई दी।

# मनरेगा में महिलाओं की भागीदारी में हुई वृद्धि

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** डिप्टी सीएम केशवप्रसाद मौर्य के कुशल मार्ग दर्शन में ग्राम्य विकास विभाग के माध्यम से महिलाओं कोआत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनाने के गम्भीर व सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं की आमदनी में इजाफा करने के बहुआयामी प्रयास किये जा रहे हैं। मनरेगा के तहत अधिक से अधिक महिलाओं को काम देने का प्रयास किया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश में 2023-24 में अब तक मनरेगा योजना के तहत कुल 31.15 करोड़ मानव दिवस सृजित हुए, जिनमें से 13.16 करोड़ महिलाएं हैं जो लगभग 42 प्रतिशत है। महिला मेट मनरेगा में प्रबंधन और पर्यवेक्षण के लिए महिला श्रमिकों के लिए सहायक सिद्ध हो रही हैं।उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि ग्राम्य विकास विभाग की योजनाओं में महिलाओं की अधिक से अधिक भागीदारी हो रही है। मनरेगा योजना में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी तेजी के साथ आगे बढ़ी है। ग्रामीण महिलाओं की आजीविका



संवर्धन से महिलाएं स्वावलंबी बन रही हैं। उत्तर प्रदेश में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी के तहत महिलाओं की भागीदारी लगातार बढ़ रही है। ग्रामीण रोजगार योजनाओं में महिलाओं की भागीदारी 2019-20 और 2020-21 में 34 प्रतिशत रही, वर्ष 2021-22 में 37 प्रतिशत रही, वर्ष 2022-23 में 38 प्रतिशत रही और वर्ष 2023-24 में माह अब तक बढ़कर औसतन 42 प्रतिशत हो गई है, जो अब तक का महिलाओं की मनरेगा में भागीदारी में सबसे अधिक है।बीते वर्षों से महिला लाभार्थियों की संख्या बढ़ाने में प्रदेश तेजी से जुटा है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में इस योजना के तहत अब तक 2024 तक 31.15 करोड़ मानव दिवस सृजित हुए, जिनमें 13.16 करोड़ महिलाएं हैं, जो 42 प्रतिशत है। आयुक्त ग्राम्य विकास जीएस प्रियदर्शी ने बताया कि मनरेगा में सक्रिय महिला श्रमिकों को राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूहों एसएचजी से भी जोड़ा जा रहा है।

### मनरेगा से बने खेल मैदानों से निखर रहीं ग्रामीण खेल प्रतिभाएं

**ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं, बुजुर्गों व बच्चों को मिल रहा लाभ**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में उत्तर प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण इलाकों में मनरेगा से लगातार खेल मैदान बनवाये जा रहे हैं। ग्राम्य विकास विभाग द्वारा मनरेगा के तहत गाँवों में मैदानों का निर्माण कराया जा रहा है। खेल मैदानों के बनने की संख्या में इजाफा हो रहा है।इस वित्तीय वर्ष में जनवरी की शुरुआत में जहां सात हजार मैदान बनकर तैयार हुये थे, अब उनकी संख्या बढ़कर आठ हजार से अधिक हो गई है। इससे नई प्रतिभाएं तो निखर ही रही हैं, साथ ही मनरेगा के तहत इन खेल मैदानों का निर्माण होने की वजह से श्रमिकों को निरंतर रोजगार भी मिल रहा है। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशन में प्रदेश के छोटे से छोटे गाँव से प्रतिभाओं को निखारने के लिये ग्राम्य विकास विभाग की ओर से बनाई गई कार्य योजना से खेल मैदानों का निर्माण हो रहा है। वित्तीय वर्ष 2017-18 से वित्तीय वर्ष 2023-24 में अब तक लगभग 33,609 खेल मैदानों का निर्माण पूरा जो चुका है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 मे अब तक 8 हजार से अधिक खेल मैदानों का निर्माण किया जा चुका है। खेल मैदानों के बनने की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है।

### लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा का मंथन जारी

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर भाजपा पूरी तरह से चुनावी मोड में आ चुकी है। नई दिल्ली के भारत मण्डपम में संपन्न अधिवेशन के दौरान दिये गये निर्देशों को धरातल पर उतारने के लिए भाजपा प्रदेश नेतृत्व कार्ययोजना बना रही है। इस संबंध में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों, क्षेत्रीय अध्यक्षों एवं सभी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष की बैठक मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय पर हो रही है। भाजपा की चुनावी तैयारियों की दृष्टि इसी माह में कुछ प्रत्याशियों की घोषणा कर सकती है। सबसे पहले हारी हुई सीटों पर प्रत्याशियों की घोषणा भाजपा करेगी। उत्तर प्रदेश में इन दिनों राजनीतिक उठापटक जारी है। सपा व कांग्रेस के गठबंधन टूटने की खबर आयी है। स्वामी प्रसाद मौर्य ने आज ही सपा से इस्तीफा दिया है। वहीं सपा प्रदेश अध्यक्ष आज ही जनसत्ता दल के अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह से मिलने पहुंचे हैं।

# बलरामपुर में खून की रिपोर्ट के लिए भटक रहे मरीज, ऑपरेशन प्रभावित

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** बलरामपुर अस्पताल में मरीज आरडीसी केंद्र से मिलने वाली रिपोर्ट के लिए परिसर में भटक रहे हैं। क्योंकि दो दिन से अब यह रिपोर्ट पैथॉलजी में मिलना बंद हो गई है। अफसरों के नए आदेश से इमरजेंसी के साथ ही ऑपरेशन कराने वाले मरीजों को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई मरीजों का तो ऑपरेशन भी प्रभावित हो रहा है। पहले आरडीसी केंद्र की रिपोर्ट पैथालॉजी में 24 घंटे मिलती थी। इससे मरीजों के इलाज में देरी हो रही है।

बलरामपुर अस्पताल की ओपीडी में रोजाना करीब छह हजार और इमरजेंसी में रोजाना 200 से अधिक मरीजों का इलाज होता है। इमरजेंसी समेत अन्य विभागों की ओर से रोजाना करीब 30 छोटे बड़े ऑपरेशन होते हैं। रोजाना पैथालॉजी से करीब एक हजार मरीजों की खून की जांच होती है। जबकि परिसर के अल्ट्रासाउंड कक्ष के ऊपर पहली मंजिल पर बने आरडीसी केंद्र से रोजाना 150 से 200 मरीजों की खून की जांच होती है। अस्पताल के अफसरों के निर्देश पर दो दिन से आरडीसी केंद्र

**▸ आरडीसी से होने वाली खून की जांचों की रिपोर्ट पैथालॉजी से मिलना बंद**

से जुड़ी खून की जांचों की रिपोर्ट 24 घंटे पैथालॉजी में मिलना बंद हो गई है। आरडीसी केंद्र का सर्वर पैथालॉजी में बंद कर दिया गया है। अस्पताल में पैथालॉजी 24 घंटे खुलती है, जबकि आरडीसी केंद्र दोपहर दो बजे ओपीडी के साथ ही बंद हो जाता है। आरडीसी में वायरल मार्कर, एचबी1एसी, विटामिन बी2, विटामिन डी3 समेत कई जरूरी जांचें होती हैं। इनमें से वायरल मार्कर की जांच ऑपरेशन के लिए बहुत जरूरी होती है। बिना वायरल मार्कर की जांच आए किसी भी प्रकार का छोटा या बड़ा ऑपरेशन डॉक्टर नहीं करते हैं। आरडीसी केंद्र दोपहर दो बजे बंद हो जाता है। ऐसे में इमरजेंसी में आने वाले मरीज और जिनका तुरंत ऑपरेशन होता है। उन्हें जांच रिपोर्ट तुरंत चाहिए होती है। ऐसे लोगों को जांच रिपोर्ट दो दिन से मिलना बंद हो गई। इसके अलावा रेडियोलॉजी विभाग से भी सिर्फ दोपहर दो बजे तक ही रिपोर्ट दी जा रही है। इस वजह से ऑपरेशन करने में देरी हो रही है। मरीज की जान पर बन आ रही है।

# नियमित-संविदा बिजली कर्मियों ने ऊर्जा मंत्री को सौंपा ज्ञापन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** विद्युत मजदूर संयुक्त मोर्चा एवं विद्युत संविदा कर्मचारी महासंघ उप्र द्वारा मध्यांचल विद्युत वितरण निगम गोखले मार्ग लखनऊ पर शांतिपूर्ण सत्याग्रह करके सायं काल 3 बजे डायरेक्टर टेक्निकल के माध्यम से ऊर्जा मंत्री को ज्ञापन दिया गया। ऊर्जा निगमों के चेयरमैन आशीष कुमार गोयल द्वारा नियमित और संविदा कर्मचारियों की मॉगो पर बैठक में दिए गए आश्वासन के बावजूद आदेश जारी नहीं किए जाने पर क्षोभ व्यक्त करते हुए प्रदेश प्रभारी पुनीत राय के नेतृत्व में सत्याग्रह किया गया और ऊर्जा मंत्री को ज्ञापन देकर समस्याओं के निदान की मांग की गई।

संगठनों ने मांग की है कि नियमित कर्मचारियों का न्यूनतम ग्रेड पे 3000 रूपये किया जाए तथा यार्डस्टिक के अनुसार डिस्काम और परियोजनाओं में कर्मचारियों के पद स्वीकृत किया जाए। कार्यकारी सहायक एवं टीजी 2 कर्मचारियों को उनके गृह डिस्काम में स्थानांतरित किया जाए। टीजी 2,कार्यकारी सहायक एवं

**▸ नियमित कर्मचारियों का न्यूनतम ग्रेड पे 3000 रूपए किया जाए**

समकक्ष को 19 वर्ष बाद तीसरा टाइम स्केल 6600 का दिया जाए, सेवानिवृत्ति सहित सभी कर्मचारियों को कैशलेस इलाज की सुविधा प्रदान की जाए, टीजी 2 को वाहन भत्ता एवं पेट्रोल की सुविधा प्रदान की जाए। संविदा लाइन मैन और एसएसओ को रू 25 हजार तथा श्रमिक को 18 हजार रूपये वेतन दिया जाए, कार्यरत संविदा कर्मियों को मृत्यु उपरांत 10 लाख रुपये क्षतिपूर्ति दी जाए।

पांच वर्षों से कार्यरत संविदा कर्मियों को रिक्त नियमित पदों पर नियुक्ति दी जाए। सत्याग्रह में संतोष त्रिपाठी संरक्षक विद्युत संविदा मजदूर संगठन, सतीश तिवारी अध्यक्ष उत्पादन निगम, मनीष श्रीवास्तव महामंत्री मध्यांचल विद्युत मजदूर संगठन, आर पी पाल, शिव शंकर सिंह, पुनीत मिश्रा, शिव कुमार, अंजनी कुमार, फराज हसन, मुस्ताक अहमद, सुधीर जौहरी आदि शामिल रहे।

### सिंचाई मंत्री के आवास पर पहुंचे ट्यूबवेल ऑपरेटर अभ्यर्थी, मिला आश्वासन

**लखनऊ।** युवा मंच की प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य ई. राम बहादुर पटेल की अगुवाई में बड़ी संख्या में छात्रों ने सिंचाई मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के आवास पहुंच कर सिंचाई विभाग में रिक्त पड़े 6404 ट्यूबवेल आपरेटर के पदों को तत्काल विज्ञापित करने का मुद्दा उठाया। छात्रों की सिंचाई मंत्री के निजी सचिव व अन्य अधिकारियों ने वार्ता में आश्वस्त किया कि उनकी मांगों को लेकर सरकार गंभीर है और छात्रों के सामने सिंचाई विभाग के प्रमुख अभियंता को फोन कर दिशा-निर्देश जारी किया। इसके पूर्व तकनीकी छात्रों की सिंचाई विभाग के प्रमुख अभियंता यांत्रिक से भी मुलाकात हुई। सिंचाई मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के निजी सचिव को सौंपे गए ज्ञापन में प्रदेश में जिक्र किया गया है कि प्रदेश में 34 हजार सरकारी ट्यूबवेल हैं। इसमें ट्यूबवेल ऑपरेटर के 18811 सृजित पदों में से 6404 पद रिक्त पड़े हुए हैं। इससे सरकारी ट्यूबवेल का सुचारू संचालन प्रभावित हो रहा है और किसान निजी ट्यूबवेल से मंहगी दरों में सिंचाई के लिए बाध्य हैं और कहीं कहीं पर तो निजी ट्यूबवेल व नहरों आदि की उपलब्धता न होने से किसानों को पूरी तरह से मानसून पर निर्भर रहना पड़ता है।

# सीएसआर फंड के सदुपयोग के लिए यूपी से बेहतर कोई जगह नहीं : राजभर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** जीबीसी 4.0 के दूसरे दिन आज कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिल्टी कान्क्लेव सीएसआर का आयोजन हुआ। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कॉन्क्लेव में योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर, राज्यमंत्री असीम अरुण, प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने विभिन्न कंपनियों के सीएसआर प्रमुखों से संवाद किया। इस दौरान सरकार की ओर से कंपनियों को उनके सीएसआर फंड का उपयोग रचनात्मक कार्यों में करने की अपील की गई।

कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि सीएसआर फंड के सदुपयोग के लिए यूपी से बेहतर कोई जगह नहीं है। राज्यमंत्री असीम अरुण ने कहा कि सीएसआर मूल रूप से समाज को अच्छी दिशा दिखाने वाले प्रयोग हैं। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने बताया कि प्रदेश सरकार जल्द ही यूपी सीएसआर समिट का आयोजन करेगी। कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि प्रधानमंत्री के आशीर्वाद, मुख्यमंत्री के संकल्प और



अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के प्रयास से यूपी के विकास की नई गाथा लिख दी गई है। किसी ने कल्पना नहीं की थी कि हम इस तरह के इवेंट करेंगे। लोग कहते थे कि निवेश का प्रस्ताव मिलना और उसका धरातल पर उतारना दोनों अलग-अलग बात है।

मगर यूपी में अब 10 लाख करोड़ रुपए से अधिक का निवेश धरातल पर उतर गया है। उन्होंने कहा कि सीएसआर फंड के सदुपयोग के लिए यूपी से बेहतर कोई जगह नहीं है। यूपी में 8.39 करोड़ श्रमिक पंजीकृत हैं। सीएसआर फंड को खर्च करने के लिए बहुत बड़ी संभावना यूपी में है। राज्यमंत्री असीम अरुण ने कहा सीएसआर डबल इंजन सरकार में गार्ड के डिब्बे की तरह है। जो ये सुनिश्चित करता है कि कोई डिब्बा पीछे ना छूट जाए। समाज का कोई तबका विकास से वंचित न रहे, यही सीएसआर के मूल में है। वस्तुतः ये समाज के लिए अच्छी दिशा दिखाने वाला प्रयास है। असीम अरुण ने विभिन्न कंपनियों द्वारा सीएसआर फंड से किये गये कार्यों की चर्चा करते हुए उन्हें अन्य कंपनियों के लिए मॉडल बताया।मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि सीएसआर के मूल में हमारी सनातन संस्कृति के विचार हैं, जो सामूहिकता पर बल देते हैं। कोरोना काल में हमने देश की सामूहिक शक्ति का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देखा है। उन्होंने बताया कि 2015 से 2023 के बीच में प्रदेश में दो लाख करोड़ का सीएसआर फंड प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि आज यूपी देश की दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। मुख्य सचिव ने कंपनियों को उनके सीएसआर फंड का रचनात्मक कार्यों में उपयोग करने की अपील की। साथ ही यह भी बताया कि आने वाले समय में उत्तर प्रदेश सीएसआर समिट का आयोजन करेगी, जिसमें कंपनियों के सीएसआर प्रमुखों की भागीदारी होगी। मुख्य सचिव ने यह भी कहा कि सीएसआर कंपनियों की ओर से दान नहीं, बल्कि बड़ी जिम्मेदारी है।

### अरहम ने प्रथम यूएई इंटरनेशनल कराटे ओपन प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण

**लखनऊ।** लखनऊ के उभरते हुए कराटे खिलाड़ी अरहम खान ने प्रथम यूएई इंटरनेशनल कराटे ओपन प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश व देश का नाम रोशन किया। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के फुजैरा में 16 से 19 फरवरी 2024 तक आयोजित इस प्रतियोगिता में अरहम खान ने बालक 10 साल काता में स्वर्णिम सफलता हासिल की। अरहम ने फाइनल में रूस के खिलाड़ी को मात दी। इससे पहले चौंपियन ऑफ चौंपियंस कराटे अकादमी व वर्ल्ड मॉडर्न शोतोकान फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रशिक्षु, फर्स्ट डिग्री डिग्री ब्लैक बेल्ट अरहम खान ने फाइनल तक के अपने सफर में फिलिपींस, यूएई, कुवैत तथा कतर के खिलाड़ियों को मात दी थी।

मंजूरी | मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना : गोरखपुर में तीन योजनाओं के लिए दो करोड़ 15 लाख स्वीकृत

# श्रद्धालुओं को नजदीक पर्यटन विकल्प देने पर सरकार का विशेष ध्यान

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना के तहत गोरखपुर में तीन धार्मिक स्थलों पर बुनियादी सुविधायें उपलब्ध कराने के लिए 02 करोड़ 15 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत किया है। स्वीकृत धनराशि का 50 प्रतिशत-राज्य सरकार द्वारा वहन किया जायेगा।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने आज बताया कि विधानसभा क्षेत्र सहजनवा में भूलेश्वरनाथ मंदिर, चौरी-चौरा क्षेत्र स्थित प्राचीन काली माता मंदिर और खजनी क्षेत्र स्थित महोदवा मंदिर का पर्यटन विकास किया जायेगा। ये तीनों प्राचीन धार्मिक स्थल हैं। विभिन्न अवसरों पर दूर-दूर



से बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां आते हैं। खासतौर से विधानसभा खजनी क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध देवा मंदिर की बड़ी मान्यता है।

इस मंदिर के पर्यटन विकास पर 84.15 लाख रूपये व्यय किये जायेंगे। स्वीकृत धनराशि का 50 प्रतिशत राज्य सरकार और 50 प्रतिशत स्थानीय विधायक द्वारा उपलब्ध कराई जायेगी। इसी तरह विधानसभा क्षेत्र चौरी चौरा में काली माता मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 67.35 लाख रूपये स्वीकृत किये गये हैं। इसमें भी 50 प्रतिशत धनराशि राज्य सरकार द्वारा तथा 50 प्रतिशत धनराशि स्थानीय विधायक द्वारा उपलब्ध कराई जायेगी।

भूलेश्वरनाथ मंदिर के लिए 63.13 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है। यह भी मंदिर अतिप्राचीन है। विभिन्न अवसरों पर यहां पर मेले का आयोजन होता है और दूर-दराज से लोग दर्शन पूजन के लिए आते हैं। श्रद्धालुओं को बुनियादी सुविधायें सुलभ कराने के लिए यह धनराशि व्यय की जायेगी।यूपी में धार्मिक पर्यटन बहुत तेजी से बढ़ रहा है, इसको दृष्टिगत रखते हुए प्राचीन धरोहरों को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना के तहत जनप्रतिनिधि, सक्षम व्यक्ति, संस्था व संगठन भी प्रस्तावक हो सकते हैं।

प्रस्ताव पर खर्च होने वाली राशि का 50 प्रतिशत सरकार और 50 प्रतिशत व्यक्ति या संस्था देगी। इसी तरह जनप्रतिनिधियों की ओर से भी जो प्रस्ताव आएंगे, उसमें भी सरकार 50 प्रतिशत राशि देगी और 50 प्रतिशत जनप्रतिनिधि को देने होंगे। योजना के तहत प्रत्येक विधानसभा में सबसे अधिक महत्वपूर्ण स्थल का चयन या अल्पज्ञात पर्यटक स्थलों को चिन्हित कर उसे उच्चस्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जायेगा। राज्य सरकार का प्रयास है कि ज्यादा से ज्यादा लोग भ्रमण के लिए निकलें। ऐसा तब होगा जब लोगों के नजदीक पर्यटन के विकल्प उपलब्ध होंगे।

इसी उद्देश्य से सभी विधानसभा क्षेत्रों में पर्यटन स्थल विकसित करने की तैयारी है। इससे आर्थिक गतिविधियां बढ़ने के साथ लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। गोरखपुर ऐतिहासिक तथा धार्मिक विरासत के लिए पहले से ही विख्यात है। अध्यात्मिक एवं धार्मिक पर्यटन की इस जनपद में असीम संभावनायें हैं। अयोध्या के समीप होने के कारण श्रद्धालुओं की पसंदीदा गन्तव्य स्थल है।

# डीएम की अध्यक्षता में हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

## विभिन्न न्यायालयों में प्रचलित वादों का मूल्यांकन कर प्रभावी करते हुए उन्हें निस्तारित कराया जाये: डीएम

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए तृतीय शनिवार को पुलिस भर्ती परीक्षा के दृष्टिगत तृतीय मंगलवार को जनपद की समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। तहसील सदर बहराइच में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सीडीओ रम्या आर, एसडीएम सदर प्रिंस वर्मा व अन्य अधिकारियों के साथ आए हुए फरियादियों के समस्याओं की गंभीरता पूर्वक सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए गए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में पयागपुर निवासी श्यामा देवी उर्फ



निर्मला पत्नी बेलभद्र द्वारा भूमि पर अवैध के सम्बन्ध में प्रस्तुत प्रार्थना-पत्र पर जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा एसडीएम पयागपुर को तत्काल कौमा मुआयना कर समस्या का समाधान कराये जाने के निर्देश दिये गये। इसी प्रकार मोहल्ला घोसियाना निवासी मोहम्मद अली पुत्र स्व. सालारबख्श द्वारा भूमि की नकल दिलाये जाने से सम्बन्धित प्रार्थना-पत्र पर तत्काल निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिये गये। इसी प्रकार सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त होने वाले 30 अन्य प्रार्थना-पत्रों में से 05 का मौके पर निस्तारण कराते हुए शेष 25 के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों को समयबद्धता के साथ निस्तारण कराये जाने के निर्देश दिये गये। डीएम मोनिका रानी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त शिकायतों का पूरी संवेदनशीलता के साथ निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को त्वरित न्याय दिलाते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शासकीय योजनाओं से आच्छादित कर मुख्यमंत्री के निर्देशों को अमलीजामा पहनाया जाय। डीएम ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया कि विभिन्न न्यायालयों में प्रचलित वादों का मूल्यांकन कर प्रभावी करते हुए उन्हें निस्तारित कराया जाय। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अन्त में सीडीओ ने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की तथा बच्चों को अन्नप्रासन कराया। इस अवसर पर नवागंतुक डीएफओ बहराइच संजय कुमार, प्रभारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. राजेश गौतम, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र कुमार पाण्डेय, पीडी डीआरडीए राज कुमार, उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही, डीपीआरओ राशवेन्द्र द्विवेदी, डीपीओ राज कपूर, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी रमा शंकर गुप्ता, व अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, बीडीओ, बीईओ, सीडीपीओ व थानाध्यक्षगण मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि तहसील पयागपुर में सम्पन्न हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस में 50 प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 04 का मौके पर निस्तारण किया गया।

# लापता हुए युवक का पुलिया के पास मिला जूता

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के ग्राम पंचायत गोपिया निवासी एक युवक सोमवार शाम को घर से लापता हो गया था। उसका कुछ पता नहीं चला है। पुलिया के निकट युवक का जूता बरामद हुआ है। मोतीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोपिया निवासी अरविंद कुमार गुप्ता (22) पुत्र हरिपाल गुप्ता मोबाइल की दुकान पर काम करते हैं। सोमवार शाम को वह बाजार से मोबाइल की दुकान से घर आए। इसके बाद वह कुछ देर में पुनः घर से चले गए। पूरी रात युवक घर नहीं

**नहर में चल रहा रेस्क्यू ऑपरेशन**



पहुंचा। इस पर परिवार के लोगों ने तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान युवक का जूता गांव के बाहर स्थित कदम पुलिया के पास मिला है। जिस पर सरयू नहर में गोताखोरों द्वारा तलाश शुरू की गई है। लेकिन दोहपहर तक अरविंद का कुछ पता नहीं चल सका है। परिवार के लोग किसी अनहोनी की घटना को लेकर रो रहे हैं।

## दहेज के लिए नवविवाहिता की हत्या का आरोप

**गोण्डा,समृद्धि न्यूज़।** धानेपुर थाना क्षेत्र के ग्राम शक्तिपुरवा ढोंगही पूरे सुकाली के रहने वाले जोगबहादुर के मुताबिक उसने अपनी बेटी मैना देवी ;21 वर्ष का विवाह दो साल पहले जिआऊपुरवा रमवापुर नायक के राजेश के साथ किया था। विवाह के बाद मैना के ससुराल वाले उससे दहेज में सोने की जंजीर व एक लाख रुपये की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर मैना को प्रताड़ति किया जा रहा था। आरोप है कि सोमवार की रात पति राजेश सोनकर ने बहन रीना देवी व दो अन्य लोगों के साथ मिलकर नैना देवी की मारपीट कर हत्या कर दी। मामले को आत्महत्या दर्शाने के लिए उसका शव छज्जे के हुक में लटका दिया। सुबह मैना का शव हुक से लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतारा और पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# परीक्षा में विघ्न डालने वालों पर होगी कार्रवाई : डीएम



**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़**

मंगलवार को यूपी बोर्ड परीक्षा को नकल विहीन एवं शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को लेकर डीएम नेहा शर्मा ने जिला पंचायत सभागार में जिले के 143 परीक्षा केन्द्रों को नकल विहीन एवं शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने को लेकर जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा स्टेटिक मजिस्ट्रेट, पुलिस अधिकारी, सचल दल के साथ बैठक कर स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि शासन व बोर्ड की मंशा के विपरीत किसी भी परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापक अथवा अन्य अधिकारी द्वारा गड़बड़ी करने की कोशिश की गई तो निश्चित ही एफआईआर दर्ज कराकर जेल भेजने की कार्यवाही की जाएगी।

जिलाधिकारी ने जिला प्रशासन की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि परीक्षाओं का माहौल खराब करने अथवा नकल कराने या पर्चा लीक कराने का जरा भी प्रयास कराने वाले किसी भी असामाजिक तत्वों के खिलाफ कठोरतम कार्यवाही की जायेगी, यदि उसमें विद्यालय प्रबंधन की संलिप्तता पाई गई तो परीक्षा केन्द्र को डिबार करने के साथ ही उसमें संलिप्त हर अधिकारी-कर्मचारी को कठोर दण्ड दिया जाएगा। जिलाधिकारी ने शासन के निर्देशों के बारे में बताते हुए कहा कि कोई भी व्यक्ति स्ट्रांग रूम में मोबाइल कतई नहीं ले जाएगा। इसके अलावा डबल लॉक में रखे प्रश्नपत्रों के पैकेट्स को परीक्षा के निर्धारित समय व बिना स्टेटिक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति के कतई खोला नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि नकलविहीन परीक्षा में बाधा बनने की कोशिश करने वाले केन्द्र व्यवस्थापक सतर्क हो जाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के सभी 143 परीक्षा केन्द्र सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में है। किसी भी परीक्षार्थी या परीक्षा कक्ष निरीक्षक को मोबाइल लेकर जाने की अनुमति न दी जाए। जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया है कि जनपद में हाईस्कूल के 27194 बालक एवं 24283 बालिका तथा इंटर मीडिएट के 21995 बालक एवं 18600 बालिकायें देंगी बोर्ड की परीक्षा। बोर्ड परीक्षा में जोनल मजिस्ट्रेट 04, सेक्टर मजिस्ट्रेट 20 तथा स्टेटिक मजिस्ट्रेट 143 लगाये गये हैं।

# वर्चस्व को लेकर दो किन्नरों में मारपीट,श्रावस्ती में हुआ था झगड़ा

**मामले की जांच किया गया तो पता चला की श्रावस्ती में दोनों के मध्य मारपीट हुआ था**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के नानपारा में दो किन्नरों में क्षेत्र को लेकर मारपीट का मामला सामने आया है। बताया जाता है कि बात इतनी बढ़ गई कि दोनों में मारपीट हो गई। घायल किन्नर को गम्भीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करके मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। किन्नरों का अपना अपना क्षेत्र होता है। वे आपस में निर्धारित किए गए क्षेत्र में बधाई आदि देकर नेग उपहार लेते हैं। इसी वर्चस्व को लेकर दो किन्नरों में कहासुनी होने लगी जो गाली गलौज में तब्दील होते हुए खूनी संघर्ष में तब्दील हो गई।

इस मारपीट के दौरान दूसरे किन्नर को चोट आई। जिसके बाद किन्नरों के खूनी संघर्ष का मामला नानपारा कोतवाली पहुंचा। वही इस बात पर नानपारा प्रभारी निरीक्षक मिथलेश राय ने बताया कि घायल किन्नर को मेडिकल के लिए सीएचसी भेजा गया था जहां उसने मेडिकल कराने से मना कर दिया। बोला कि जिला मुख्यालय पर ही मेडिकल करवाया जाएगा। जिसके बाद उसे जिला मुख्यालय मेडिकल कॉलेज के लिए भेजा गया मामले की जांच किया गया तो पता चला की श्रावस्ती में दोनों के मध्य मारपीट हुआ था।

# इकरा एजुकेशनल सोसाइटी के बच्चों को प्रबंधक ने किया पुरस्कृत

**पुरस्कार वितरण के साथ-साथ ही संपन्न हुआ विदाई समारोह**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड जरवल कस्बा के अंतर्गत जरवल देहात में संचालित मदरसा इकरा अनवारूल उलूम के छात्र-छात्राओं ने अपना वार्षिक उत्सव समारोह 14 फरवरी को किया था। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में अपने कार्यक्रमों को रंगमंच से अभिनय द्वारा प्रस्तुत कर वहां उपस्थित अभिभावक व अतिथियों का मन मोहा और पूरे पंडाल को तालिया की घड़घड़ाहट से गुंजायमान कर दिया।

बच्चों द्वारा सर्व शिक्षा अभियान, बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ, बाल विवाह, मतदाता जागरूकता अभियान आदि पर आधारित घटनाओं को रंगमंच के माध्यम से



अभिनय द्वारा प्रस्तुत किया। जिसकी हौसलाफजाई के लिए स्कूल प्रबंधक रिजवान अहमद ने उन बच्चों को मंगलवार को पुरस्कार देकर उनका उत्साह वर्धन किया और उन बच्चों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस स्कूल में पढ़ने वाले अंतिम वर्ष के बच्चों का आज का दिन विद्यालय का अंतिम दिवस रहा। उनको आने वाली परीक्षा में अच्छे अंक हासिल कर उच्च शिक्षा के लिए उनके उज्वल भविष्य की कामना कर भावभीनी विदाई दी गई।

इस अवसर पर छात्र-छात्राओं सहित विद्यालय स्टाफ पंकज कुमार, नाहिद फातिमा, सोनी, नूर,महक, सबील, शहाबुद्दीन ,तरन्नुम, शबनम, नसरीन,शमसुल कमर सहित अध्यापक और अध्यापिकाएं मौजूद रही।

# एसपी ने चार निरीक्षक समेत आठ के कार्यक्षेत्र बदले

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक ने चार निरीक्षक और उप निरीक्षको के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है। जरवल रोड के पूर्व थानाध्यक्ष को अपराध शाखा में भेजा गया है। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला का पुलिस कर्मियों का कार्यक्षेत्र बदलाव जारी है। एसपी ने चार निरीक्षक समेत आठ उप निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में बदलाव किया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि निरीक्षक चंद्रेश कुमार को अपराध निरीक्षक नवाबगंज से दरगाह का निरीक्षक बनाया गया है। मोतीपुर के अपराध निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह को प्रभारी सेल वीआईपी का प्रभारी बनाया गया है। उपेंद्र कुमार यादव का सीओ



कार्यालय कैसरगंज का स्थानांतरण रद्द करते हुए अपराध शाखा का प्रभारी बनाया गया है। पुलिस लाइन में तैनात निरीक्षक विनोद कुमार राव, वरिष्ठ उप निरीक्षक अनुज कुमार त्रिपाठी भी इसी शाखा में भेजे गए हैं। उप निरीक्षक नीरज कुमार को वरिष्ठ उप निरीक्षक मोतीपुर, उप निरीक्षक अनिल कुमार को फखरपुर से वरिष्ठ उप निरीक्षक रूपईडीहा और उप निरीक्षक न्यायालय सुरक्षा में तैनात फूल चंद यादव को रामगांव थाने में तैनाती दी गई है।

# डीएम-एसपी ने फरियादियों की सुनी समस्याएं

**संपूर्ण समाधान दिवस में आये हुये 75 शिकायती पत्रों मैं मात्र पांच का हुआ निस्तारण**

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

शासन की मंशानुरूप जन सामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का एक ही स्थल पर निस्तारण कराने के उद्देश्य से आज जनपद के समस्त तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

जिसमें तहसील करनैलगंज में डीएम व एसपी ने आये हुये फरियादियों की समस्याओं को सुना तथा शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को



प्रेषित किया गया। जनसुनवाई के दौरान तहसील करनैलगंज में कुल 75 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये जिसमें 05 प्रार्थना पत्र का मौके पर ही हुआ निस्तारण, शेष प्रार्थना पत्र को निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत प्रकरण का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करते हुये आख्या तहसील में उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने निर्देश दिए हैं कि समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण हेतु टीम गठित किया जाए, तथा टीम के द्वारा शिकायत का मौके पर स्थलीय जांचकर गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाए।

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान उन्होंने कहा कि अवैध अतिक्रमण के मामले में संयुक्त रूप से राजस्व एवं पुलिस फोर्स के साथ मौके पर जाकर निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। साथ ही उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि तालाब जमीन की पैमाइश, अवैध कब्जा, चकरोड, नाली, अवैध अतिक्रमण आदि को पुलिस फोर्स के साथ हटवाने का कार्य करें। शिकायतकर्ताओं को मौके पर बुलाएं। उसके आने पर लिखित रूप से उल्लेख करें और निस्तारण के प्रकरण का फोटोग्राफी/वीडियोग्राफी भी करना सुनिश्चित करें।

# बिना मान्यता के चल रहे विद्यालयों से सरकार को लग रहा करोड़ों का चूना

**राजनीतिक शरण में चल रहे विद्यालयों पर नहीं चलता है जिले के अधिकारियों का जोर**

**रुपईडीह /गोंडा ,समृद्धि न्यूज़**

जनपद में बिना मान्यता प्राप्त सैकड़ो विद्यालय संचालित हो रहे हैं। जिससे परिषदीय विद्यालय में बच्चों की संख्या दिन प्रतिदिन घटती जा रही है। जिससे गैर मान्यता प्राप्त विद्यालय फल फूल रहे हैं। जिसकी शिकायत परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा कई बार विभागीय अधिकारियों से की गई परंतु कोई कार्रवाई न होने पर सभी मायूस है।

शासन एवं प्रशासन द्वारा बिना मान्यता के विद्यालय संचालित करने पर कई प्रतिबंध लगा रखा है। परंतु अधिकारियों के शिथिलता के चलते जनपद में हर वर्ष सैकड़ो विद्यालय नए खुलते हैं और बिना मान्यता के ही धड़ल्ले से संचालित हो रहे हैं। जिससे अभिभावक उनके शिकार हो जाते हैं और बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के नाम पर शोषित होते हैं जिसकी शिकायत अभिभावकों द्वारा समय-समय पर की जाती है पर विभाग द्वारा कोई कार्रवाई न करने के चलते निजी विद्यालय फल फूल रहे हैं। जिसकी शिकायत स्थानीय लोगों, परिषदीय विद्यालय के शिक्षकों, समाजसेवियों ने कई बार विभागीय अधिकारियों से की। परंतु कोई कार्रवाई नहीं हुई। शिक्षा क्षेत्र रुपईडीह के ग्राम पंचायत कमरावा में दो निजी विद्यालय संचालित किया जा रहा हैं जिसमें सत्य साई बाल विद्या मंदिर कमरावा बिना मान्यता के



यह हाल केवल शिक्षा क्षेत्र रूपईडीह में ही नहीं बल्कि जनपद के झंझरी,पंडरी कृपाल, करनैलगंज, कटरा बाजार, इटियाथोक, बभनजोत, नवाबगंज,छपिया, नगर, तरबगंज, सहित सभी 16 बिकास खण्ड में सैकड़ो विद्यालय बिना मान्यता के संचालित है।

इस संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि क्षेत्र में बिना मान्यता के विद्यालय चलने की जानकारी हमें नहीं है। अगर ऐसा है तो जांच कर बिना मान्यता के चल रहे विद्यालय संचालकों पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

इंटर तक संचालित है। जबकि सरस्वती विद्या मंदिर इंटर तक पढ़ाया जा रहा है। विद्यालय के संचालक एमडी सोनकर ने बताया कि विद्यालय का मान्यता न होने के चलते बालपुर के एक इंटर कॉलेज में सभी छात्र-छात्राओं का रजिस्ट्रेशन कराया गया है।

विद्यालय का भवन निर्माण पूर्ण न होने के कारण टीन शेड के नीचे बैठाकर बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। आसपास के लोगों व अभिभावकों ने बताया कि विद्यालय में अप्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा बच्चों को शिक्षा दी जाती है तथा विद्यालय संचालक के द्वारा अच्छी शिक्षा देने के नाम पर जेब पर डाका डाला जा रहा है जिससे अभिभावक काफी परेशान है।

# उपभोक्ता फोरम ने सिटी कार्ट मॉल पर लगाया 8004 रुपए का जुर्माना

**जुर्माना न देने पर प्रति माह 6 प्रतिशत ब्याज भी देना होगा**

**गोण्डा ,समृद्धि न्यूज़**

जिले के धानेपुर थाना क्षेत्र के सोहिली गांव निवासी अधिवक्ता सुरेंद्रनाथ मिश्रा के मुताबिक वह 20 मई 2022 को शहर के सिटी कॉर्ट शॉपिंग मॉल में परिवार के साथ खरीदारी करने गए थे। वहां उन्होंने 628 रुपये का सामान खरीदा था।

सुरेंद्र के अनुसार, मॉल के कर्मचारी ने उन्हें सामान के साथ एक थैला भी दिया था, लेकिन बिल देते समय थैले की कीमत के रूप में चार रुपये अतिरिक्त जोड़ लिया। इस संबंध में जब उन्होंने कर्मचारी से पूछताछ की तो उसने मैनेजर से बात? करने को कहा।




सुरेंद्र का कहना है कि दो दिन दौड़ाने के बाद मैनेजर ने उनसे कहा कि थैले की कीमत अलग से ही ली जाती है। आरोप लगाया कि सवाल-जवाब पर उसने अभद्रता भी की। मैनेजर के कृत्य से आहत अधिवक्ता सुरेंद्रनाथ मिश्रा ने उपभोक्ता फोरम में वाद दायर कर 55 हजार रुपये की क्षतिपूर्ति दिलाए जाने की मांग की थी?। फोरम ने प्रतिवादी को नोटिस जारी किया लेकिन वह उपस्थित नहीं हुआ। सुनवाई के दौरान अधिवक्ता सुरेंद्र नाथ ने फोरम को बताया कि शॉपिंग मॉल की तरफ से उन्हें जो थैला दिया गया, उस पर कंपनी ने प्रचार-प्रसार के लिए अपना नाम लिख रखा था?, जो सीधे तौर पर उपभोक्ता के अधिकारों का हनन है। फोरम के अध्यक्ष रामानंद तथा पीठासीन सदस्य सुभाष सिंह व मंजू रावत ने सुनवाई के बाद शॉपिंग मॉल को जिम्मेदार ठहराते हुए उस पर 8004 रुपये का जुर्माना लगाया है। फोरम ने शॉपिंग मॉल के प्रबंधक को एक माह के भीतर जुर्माने की धनराशि परिवादी अधिवक्ता सुरेंद्रनाथ मिश्र को चुकाने का निर्देश दिया है। तय समय में जुर्माना न देने पर प्रति माह 6 प्रतिशत ब्याज भी देना होगा।

## उद्योग विभाग ने किया भव्य भूमि पूजन समारोह का आयोजन

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** जिले में निवेशकों के लिए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की शुभ घड़ी आ गई है।जिला पंचायत सभागार में भव्य भूमि पूजन समारोह का आयोजन किया गया है।इस भूमि पूजन समारोह में जिले के जाने-माने उद्यमी और निवेशक शामिल होंगे।इसमें कुल 1890 करोड़ रुपए के 78 परियोजनाओं को जमीन पर उतारने की तैयारी है।इन परियोजनाओं से क्षेत्र के विकास को रफ्तार मिल सकेगी। लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित हो रहे इस ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में दस करोड़ रुपए से अधिक का निवेश करने वाले जिले के 23 निवेशकों को बुलाया गया है।

# डीएम ने की लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।**

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने मंगलवार को हलधरमऊ विकासखण्ड के पूर्व सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) समेत तीन के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए प्रतिकूल प्रविष्टि जारी कर दी है। करनैलगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर इन अधिकारियों द्वारा जनशिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने की पुष्टि हुई थी। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि यह अधिकारी शिकायतकर्ता को बीते सात महीने से दौड़ा रहे थे। वहीं, खण्ड विकास अधिकारी हलधरमऊ को उपरोक्त प्रकरण का नियमानुसार निस्तारण कराकर एक सप्ताह में अवगत कराने के निर्देश दिए गए हैं। करनैलगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर मंगलवार को रामछबीले मिश्र ओर से इस आशय का प्रत्यावेदन प्रस्तुत किया गया कि प्रार्थी के सगे भाई पशुपति नाथ पुत्र अम्बिका प्रसाद अविवाहित थे। उनकी मृत्यु के पश्चात विपक्षी चन्द्र प्रकाश द्वारा फर्जी व कूटरचित तरीके से परिवार रजिस्टर में मृतक पशुपति नाथ के पुत्र के रूप में अपना नाम दर्ज करा लिया। विपक्षी द्वारा यह कृत्य प्रार्थी के भाई पशुपति नाथ की सम्पत्ति को हड़पने की नीयत से किया गया है।

**बैठक** — 1 मार्च से जल महोत्सव कार्यक्रम का होगा आयोजन: सरोज सिंह चौहान

# नमामि गंगे प्रकल्प की जिला स्तरीय बैठक हुई संपन्न

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

भाजपा नमामि गंगे प्रकल्प की जिला स्तरीय बैठक मंगलवार को जिला पंचायत परिसर स्थित सभागार में सम्पन्न हुआ।आयोजित बैठक में अवध क्षेत्र अध्यक्ष समेत जनपद के समस्त संगठनात्मक मंडलों के संयोजक व सह-संयोजक के अलावा पर्यावरण-विद व समाजसेवी उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों ने जनपद में पर्यावरण व जल संरक्षण का समूहिक संकल्प भी लिया।

नमामि गंगे प्रकल्प की ओर से आयोजित बैठक को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि अवध क्षेत्र अध्यक्ष सरोज सिंह चौहान ने कहा कि




पर्यावरण व जल संरक्षण के लिए संगठक की ओर से बहुआयामी कार्यक्रम चलाया जा रहा है तालाब नदी झील व सरोवर तथा नदियों के संरक्षण के लिए 1 मार्च से 8 मार्च तक जिले के प्रमुख नदियों पर जल महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन प्रस्तावित है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए नमामि गंगे जिला संयोजक एवं पर्यावरण विद राकेश चंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि हमारा जनपद शस्य श्यामलाम् एवं धनध्यान से परिपूर्ण है यह सौभाग्य का विषय है कि पौराणिक सरयू नदी भी अविरल रूप से सनातन काल से बहराइच से निकलती है ऐसे में हमारा दायित्व है कि हम जल व नदी संरक्षण के लिए बहुआयामी योजना पर काम करें और पर्यावरण को मानवानुकूल बनाए रखें। भाजपा जिला महामंत्री राघवेंद्र प्रताप सिंह ने प्रकृति को मानवजाति का धरोहर बताते हुए कहा कि , पर्यावरण व जल संरक्षण के लिए अभियान चलाकर हमे काम करना होगा तभी जल व पर्यावरण धरती को हराभरा रख सकेगा। मामि गंगे की आयोजित बैठक में प्रमुख रूप से शिक्षक नेता रमेश मिश्र , समाजसेवी चंद्रप्रकाश मिश्र , संयोजक आकाश सोनी व चंद्रिका प्रसाद गुप्ता , संयोजक रिसिया तिलक राम वर्मा , धीरेंद्र शर्मा , संजय कुमार श्रीवास्तव , भानु प्रताप सिंह , सज्जन मिश्र , जगदीश प्रसाद वर्मा , बसन्त चौहान , धमेन्द्र सिंह , विवेक ससक्सेना , जिला मिडिया प्रभारी देवेंद्र कुमार मिश्र , डॉ. राधेश्याम श्रीवास्तव , अंगद आदि लोग उपस्थित रहे।

## मुरादाबाद की आंधी में बहराइच ब्लू पस्त, 225 रनो से मुरादाबाद ने जीता मुकाबला

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** अंडर-19 देवीपाटन चैलेंज कप राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को छठवें दिन डीएसए मुरादाबाद एवं डीसीए बहराइच ब्लू के बीच मुकाबला खेला गया। सुबह टॉस जीतकर मुरादाबाद के कप्तान ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 35 ओवर में मुरादाबाद की टीम ने 4 विकेट के नुकसान पर 310 का बड़ा स्कोर बनाया। मुरादाबाद की तरफ से आर्यन ने 80 उस्मान ने नाबाद 86 एंव कप्तान अक्षु बाजवा ने 22 गेंदों में 57 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली। बहराइच ब्लू की तरफ से सत्यम ने 02 देव एवं रोहित ने 1-1 विकट लिए।

# वार्षिक प्रतिभा पुरस्कार में बच्चों ने छोड़ी छाप

**श्रावस्ती, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग,स्माइल फाउंडेशन और आदित्य बिड़ला कैपिटल फाउंडेशन (एबीसीएफ) की ओर से जिले में वार्षिक प्रतिभा पुरस्कार एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया।

जिला प्रशासन कार्यालय परिसर स्थित तथागत सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में जिले के 15 सरकारी स्कूलों के मेधावी बच्चों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाधिकारी कृतिका शर्मा ने कहा कि मैं स्माइल फाउंडेशन के काम और हमारे बच्चों, खासकर ग्रामीण सरकारी स्कूलों के बच्चों के लिए एक उज्जवल भविष्य बनाने के हमारे मिशन में उनके योगदान की सराहना



करती हूं। स्माइल फाउंडेशन उत्तर प्रदेश प्रशासन के सहयोग से और आदित्य बिड़ला कैपिटल फाउंडेशन (एबीसीएफ) के सहयोग से श्रावस्ती जिले के 15 ग्रामीण स्कूलों में दो साल से काम कर रही है। स्माइल फाउंडेशन शिक्षकों,स्कूलों की प्रबंधन समिति, पीटीएम,माताओं, शिक्षकों के बीच समन्वय, सामुदायिक स्वयंसेवकों को बढ़ावा देना, वृक्षारोपण और रसोई उद्यान को बढ़ावा देने का काम कर रही है ताकि बच्चों और परिवारों को पोषण में सुधार के लिए कम लागत वाले स्थानीय समाधान उपलब्ध हो सकें। स्माइल फाउंडेशन एक गैर सरकारी संस्था है जो भारत के 27 राज्यों में शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और कौशल के क्षेत्र में काम कर रही है,जिससे हर साल 15 लाख बच्चों और उनके परिवारों को लाभ मिलता है।

# राहुल की यात्रा को दिखाए गए काले झंडे



**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

रायबरेली पहुँची कांग्रेस की न्याय यात्रा में कांग्रेस नेता राहुल गाँधी ने युवाओं का अपमान किया है। उन्होंने उत्तर प्रदेश के युवाओं को नशेड़ी बताया है। राहुल गाँधी ने कहा कि गाना बज रहा है युवा नाच रहा है। रायबरेली में न्याय यात्रा के दौरान सुपर मार्केट में नुक्कड़ सभा मे राहुल गाँधी ने कहा कि मैं बनारस गया वहाँ पर देखा कि युवा शराब के नशे में सड़क पर पड़ा है।

गाना बज रहा है वो नाच रहा है। इसके साथ ही राहुल गाँधी की न्याय यात्रा के दौरान बीजेपी और कांग्रेस के कार्यकर्ता आमने सामने आ गए और जमकर झंडा लहराते हुए यात्रा का विरोध करते नजर आए।

इससे पहले राहुल गाँधी सुल्तानपुर एमपी एमएलए कोर्ट से जमानत पाकर फुरसतगंज पहुँचे। जहाँ से उनकी यात्रा तय समय से देरी से शुरू हुई। राहुल की न्याय यात्रा फुरसतगंज के रास्ते रायबरेली पहुँची। रायबरेली के सारस चौराहे से सिविल लाइन होकर सुपर मार्केट पहुँची जहाँ पर राहुल गाँधी ने नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। यात्रा के दौरान शहर में छत से लोगो ने राहुल गाँधी को काले झंडे दिखाए। नुक्कड़ सभा मे राहुल गाँधी ने ओबिसी, एससी के मुद्दे के साथ पेपर लीक का मुद्दा उठाया।

**▶ सुपर मार्केट में नुक्कड़ सभा मे राहुल गाँधी ने कहा कि मैं बनारस गया वहाँ पर देखा कि युवा शराब के नशे में सड़क पर पड़ा है**

सुपर मार्केट से नुक्कड़ सभा को संबोधित करने के बाद यात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए आगे त्रिपुला के रास्ते लखनऊ प्रयागराज एनएच होते हुए रायबरेली की हरचंदपुर, बछरांवा विधानसभा होकर गुजरेगी। कांग्रेस के गढ़ में राहुल गांधी यात्रा की यात्रा का विरोध हुवा। एनएच पर एक होर्डिंग लगाई गई जिसमें बताया गया कि सपा बसपा के साथ रायबरेली अमेठी को धोखा दिया है और अब न्याय करेंगे। वाह भाई वाह।

### ओबीसी और एससी की आई याद



भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर राहुल गांधी का काफिला सुपरमार्केट पहुँचा। राहुल गाँधी ने जनता को सम्बोधित करते हुए बीजेपी सरकार पर जमकर निशाना साधा। राहुल गांधी को देखकर युवाओं ने बेरोजगारी का मुद्दा उठाया और बेनर लेकर उनके सामने आ गए। राहुल गांधी ने एक युवा को पास बुलाकर गले से लगाया और साथ में बैठाकर मंच किया सांझा।नौकरियों में ओबीसी और एससी छात्रों की अनदेखी की बात कहते हुए उन्होंने नौकरियों में ओबीसी और एससी शिक्षको की अनदेखी की बात कही।

### बीजेपी और कांग्रेस के झंडे आमने-सामने

राहुल गांधी की यात्रा जैसे ही सुपर मार्केट पहुंची भाजपा कार्यकर्ता भाजपा का झंडा लेकर सामने आ गए और प्रदर्शन करने लगे । जय श्री राम के नारे लगाते हुए वह कांग्रेस कार्यकर्ताओं से उलझ गए। पुलिस ने बीच बचाव करते हुए किसी तरह स्थिति को संभाल लिया। उसके बाद कुछ कार्यकर्ता छत पर चढ़ गए और काले झंडे में दिखाने लगे। इसके बाद राहुल का काफिला आगे के लिये रवाना हो गया।

### काले झंडे से हुआ स्वागत



राहुल गांधी की न्याय यात्रा के दौरान भाजपाइयों ने काले झंडे दिखाये। सिविल लाइन चौराहे से गुजरते हुए काले झंडे दिखाये गए। वही सुपर मार्केट पहुंचने पर मार्केट के छत से काले झंडे दिखाते हुए नारेबाजी की गई। जिस पर शहर कोतवाल राजेश सिंह व अन्य पुलिसकर्मी ऊपर जाकर उन्हें किसी तरह कार्यालय भेजा। इस तरह राहुल गांधी के न्याय यात्रा के दौरान जय श्री राम के नारे लगाते हुए काले झंडे भी दिखाए गए।

# डीएम-एसपी ने सुनी जनता की समस्याएं

**▶ तहसील दिवस मे 67 शिकायतो मे एक का हुआ निस्तारण**

**▶ डीएम के आदेश पर हटवाया गया अवैध अतिक्रमण**

**महराजगंज, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



डीएम और एसपी ने सुनी जनता की समस्याएं महराजगंज तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

जिसकी अध्यक्षता जिला अधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा की गई संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता कर रही जिला अधिकारी ने कहा फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना जाए राजस्व पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी शिकायतों का निष्पक्ष निस्तारण करे । उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा 17 तारीख दिन शनिवार को होने की वजह से तहसील दिवस को मंगलवार को शिफ्ट किया गया जिसकी अध्यक्षता डीएम हर्षिता माथुर व एसपी अभिषेक अग्रवाल रायबरेली द्वारा की गई तहसील दिवस में कुल 67 शिकायतें आई जिनमे केवल एक शिकायत का ही निस्तारण मौके पर हो पाया राजस्व विभाग की 29 शिकायत पुलिस विभाग की आठ शिकायत विकास की नौ अन्य 21 शिकायती पत्र तहसील दिवस पर आये।

इस मौके पर एसडीएम राजितराम गुप्ता सीएमओ डॉ वीरेंद्र सिंह सीओ यदुवेन्द्र पाल सहित अन्य सभी विभागो के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

संपूर्ण समाधान दिवस में व्यापारी नेता रिंकू जायसवाल द्वारा नवीन मंडी स्थल सुखई का पुरवा में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ पूर्व में मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की थी वही आज तहसील दिवस मे शिकायत करने पर जिला अधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा ईओ अर्पणा मिश्रा महराजगंज को आदेशित किया गया कि तत्काल अवैध अतिक्रमण हटवाया जाए आदेश पर पहुंची नगर पंचायत की टीम ने जेसीबी लगाकर अतिक्रमण हटाया।

# गंगाजल से पवित्र हुई बछरावां कस्बे की सड़के

**▶ युवा भाजपा नेता ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा को ढकोसला बताते हुए 2024 में रायबरेली में कमल खिलाने की बात कही**

**बछरावां, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के पश्चात दर्जनों की संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रयागराज संगम से आए गंगाजल से बछरावां कस्बे की सड़कों को धोया जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की बछरावां भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रवेश वर्मा की अगुवाई में दर्जनों महिला एवं पुरुष कार्यकर्ताओं ने बछरावा की सड़कों को गंगाजल से पवित्र करने का काम किया है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष भाजपा प्रवेश वर्मा ने बताया कि सनातन धर्म का विरोध करने वाले राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के पश्चात आज हम लोगों ने उनके अपवित्र विचार जो बछरावां की सड़कों पर गूजे हैं उसको मिटाने के लिए हम लोगों ने कस्बे की सड़कों को गंगाजल से धोया है ताकि बछरावां कस्बा सनातन विरोधियों की वाणी से अपवित्र न हो सके इसी कड़ी में युवा भाजपा नेता हरिओम चतुर्वेदी ने भी राम मंदिर का निमंत्रण ठुकराने पर राहुल गांधी और उनकी पार्टी को आड़े हाथो लिया और उनकी भारत जोड़ो न्याय यात्रा को ढकोसला बताते हुए 2024 में रायबरेली में कमल खिलाने की बात कही। इस मौके पर भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा जय श्री राम के नारे का भी उद्घोष भी किया गया।

## करंट की चपेट में आकर श्रमिक की मौत

**उन्नाव।** सदर कोतवाली क्षेत्र के सिंगरोसी गांव स्थित एक पाइप कटिंग कर रहा मजदूर बीतीरात करंट की चपेट में आकर झुलस गया। साथी मजदूरों ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनों को सूचना देने के साथ ही शव को मोर्चरी में रखवा दिया है। बुलंदशहर के आहार थाना क्षेत्र के बामनपुर गांव निवासी अमित (24) बलजीत सिंह एक निर्माण कंपनी में मजदूरी करता है। सदर कोतवाली क्षेत्र के सिंगरोसी गांव पाइप डालने के चल रहे काम में वह सोमवार रात अमित गड्ढे में मशीन ने पाईप की कटिंग कर रहा था। इसी दौरान वह मशीन के करंट की चपेट में आ गया। अन्य मजदूरों ने बिजली सप्लाई बंद कर उसे आनन-फानन जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के मेमो पर पहुंची पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा दिया है। मृतक के परिजनों से संपर्क कर उन्हे जानकारी दे दी गई है।

## ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी का हुआ उद्घाटन

UP NEW INDIA'S GROWTH ENGINE
GROUND BREAKING CEREMONY @4.0
19 FEB 2024 • LUCKNOW
ACCELERATION FOR NATION

**डलमऊ,रायबरेली।** प्रधानमंत्री भारत सरकार द्वारा ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी उद्घाटन समारोह के क्रम में विकासखंड डलमऊ परिसर में उद्घाटन समारोह का सजीव प्रसारण के साथ तहसीलदार डलमऊ ध्रुव यादव द्वारा ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की विस्तार जानकारी देते हुए उद्यमियों को प्रसाद पत्र देकर सम्मानित किया गया। विकास खांडल में परिसर में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी कार्यक्रम मैं मुख्य रूप से मौजूद तहसीलदार डलमऊ ध्रुव यादव ब्लॉक प्रमुख शिवराम रावत विकासखंड अधिकारी सत्य प्रकाश द्वारा कार्यक्रम की विस्तार जानकारी देते हुए प्रधानमंत्री भारत सरकार द्वारा उद्घाटन समारोह का सजीव प्रसारण दिखाया गया और बिस्तर जानकारी दी गई मौके पर मौजूद उद्यमियों को तहसीलदार डलमऊ द्वारा प्रशस्तपत दिया गया इस मौके पर रामगोपाल आशुतोष सोनी जयप्रकाश सिंह रामनिवास आदि के साथ अन्य लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### स्लग शटरिंग खोलते समय छत से गिरकर मिस्त्री की मौत

**रायबरेली।** शटरिंग खोलने समय छत से गिरकर बुजुर्ग की हुई दर्दनाक मौत मामला शिवगढ़ थाना क्षेत्र के गंगादीन का पुरवा गांव का है जहां रामस्वरूप पुत्र सुंदरलाल उम्र 57 वर्ष ग्राम जगतपुर थाना शिवरतनगंज जिला अमेठी जो पेसे से मिस्त्री भी है, और अपनी बेटी का मकान बना रहा था आज निर्माणाधीन मकान की छत खोलते समय अचानक पैर फिसलने से वह नीचे गिर गया आनन-फानन में परिजन उसको लेकर अस्पताल पहुंचे लेकिन डॉक्टर ने उसे कर दिया बुजुर्ग की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

### ट्रैक्टर-ट्राली से गिरकर अबोध घायल

**उन्नाव।** एक दो वर्षीय अबोध बच्ची ट्रैक्टर-ट्राली से नीचे गिरकर गंभीर घायल हो गई। परिजन बच्ची को बेहोशी की हालत में यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। घायल बच्ची को हायर सेंटर रेफर किया गया। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के गांव दुर्गा पुरवा निवासी अरविंद अपने परिवार के साथ ट्रेक्टर से कही जा रहा था तभी अचानक उनकी दो वर्षीय बच्ची कृतिका ट्रेक्टर-ट्राली से नीचे जमीन पर आ गिरी और ट्राली का पहिया उसके सिर के ऊपर से निकल जाने के चलते बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन घायल बच्ची को आनन-फानन यहां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सकों ने घायल की हालत चिंताजनक देख उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

### धोखाधड़ी की धनराशि पीड़ित के खाते में करायी वापस

**उन्नाव।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीणा के निर्देश एवं अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी के पर्यवेक्षण में साइबर अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत साइबर क्राइम थाना पुलिस ने रिश्तेदार बनकर फोन काल के माध्यम से फ्राड की गई 50 हजार रुपए पीड़ित के खाते में वापस करायी। आरक्षी बीरेन्द्र प्रताप सिंह थाना कोतवाली सदर ने 7 जनवरी को साइबर क्राइम थाना पुलिस को एक प्रार्थनापत्र देकर रिश्तेदार बनकर फोन काल कर उसके खाते से 50 हजार रूपये की आनलाइन धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया था। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने कार्यवाही कर पीड़ित की सम्पूर्ण धनराशि पीड़ित के खाते में रिफण्ड करायी।

### शिविर में पुलिस कर्मियों-परिजनों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**उन्नाव।** मंगलवार को उप्र पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन वामा सारथी के तत्वाधान व जनपदीय अध्यक्षा वामा सारथी इंदिरा के आदेश पर रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया। कैम्प में जिला अस्पताल के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. आरिफ मजीद, चीफ फार्मासिस्ट अशोक कुमार, फार्माशिस्ट महेंद्र, प्रयोगशाला सहायक नवीन शुक्ला व सहायक देवेंद्र सिंह ने पुलिस लाइन निवासी पुलिसकर्मियों व उनके परिजनों का शुगर टेस्ट व थायराइड टेस्ट किया। इस दौरान लगभग 52 लोगों ने स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया। कैंप में प्रतिसार निरीक्षक अब्दुल रशीद, निरीक्षक संतोष कुमारी सिंह, वामा सारथी से मुख्य आरक्षी सुरेखा शर्मा, महिला मुख्य आरक्षी संगीता वर्मा, परिवार परामर्श केंद्र प्रभारी समिति व वामा सारथी कोऑर्डिनेटर डॉक्टर आशीष श्रीवास्तव का विशेष सहयोग रहा।

# कोटेदार को चुनावी विरोध के कारण किया जा रहा है बदनाम



**क्या कहते हैं कोटेदार हरिश्चंद्र ने बताया कि रंजिशन और चुनावी विरोध के कारण आरोप लगाया जा रहे हैं आरोप पूरी तरह से निराधार है।**

**▶ ग्रामीण बोले हम लोगों को मिल रहा है राशन, नहीं होती घटतौलीं, गांव में दर्जनों ग्रामीणों ने कोटेदार के पक्ष में कहीं अपनी बात**

**महराजगंज, रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

विकासखंड क्षेत्र के भटसरा कोटेदार के ऊपर सोशल मीडिया पर लग रहे आरोप कि जब जांच संवाददाता द्वारा गांव पहुंचकर की गई तो ग्रामीणों ने कुछ और ही बताया ग्रामीणों ने बताया कि कोटेदार हम लोगों को यूनिट के हिसाब से राशन देते हैं कहीं पर घटतौलीं नहीं हो रही है यह जो भी कहानी बनाई जा रही है महज रंजिश और चुनावी विरोध के कारण केवल कोटेदार को बदनाम करने की महज एक साजिश चल रही है। ग्रामीण रामसनेही बलदेवगंज मजरे भटसरा राम फेर ठाकुरपुर मजरे भटसरा अब्दुल हामिद मो शाहिद अल्लाराजी गरीबे सकीना निर्मला चंद्र कुमार शब्बीर निवासी ग्राम पंचायत भटसरा ने बताया कि हम सभी को राशन मिल रहा है राशन कम देने की जो बात हो रही है वह बिल्कुल निराधार है केवल रंजिशन कोटेदार को बदनाम करने की साजिश हो रही है जितनी बातें भी सोशल मीडिया पर चलाई जा रही है सब निराधार हैं हमारे कोटेदार हम लोगों के साथ कभी भी बेमानी नहीं करते वह तो बुला बुलाकर अंगूठा लगाकर राशन देते हैं।



## रोजगार मेले में 216 बेरोजगारों ने किया प्रतिभाग 103 को मिला रोजगार

**महराजगंज,रायबरेली।** दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना अंतर्गत उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान व जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान मे विकासखंड स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ सहायक विकास अधिकारी धनेंद्र सिंह द्वारा किया गया ।इस रोजगार मेले में कई निजी कंपनियां मदरसन सूमी प्राइवेट लिमिटेड लेंसकार्ट पीपल ट्री वेंचर्स द्वारा बेरोजगार युवाओं का साक्षात्कार कर रोजगार प्रदान किया गया। मेले में 216 अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया जिसमें 103 अभ्यर्थियों का चयन किया गया। इस अवसर पर जिला कौशल प्रबंधक धर्मेंद्र मिश्रा जिला कार्यक्रम प्रबंधक दिनेश पाल एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

# किसान विद्या मंदिर का वार्षिकोत्सव धूमधाम से संपन्न

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों में वंदना माँ शारदे कहां तू... सुनिधि, निशी, सेजल, आशा, अंशिका ने प्रस्तुत किया**

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**

राही विकास क्षेत्र के औघड़नाथगंज स्थित किसान विद्या मंदिर का वार्षिकोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक बाबूलाल यादव ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया।



सांस्कृतिक कार्यक्रमों में वंदना माँ शारदे कहां तू... सुनिधि, निशी, सेजल, आशा, अंशिका ने प्रस्तुत किया फिर नन्हे मुन्हे बच्चों दीप्ति, मान्शी, अंशिका, स्वीटी, वर्तिका, सेजल, प्रिन्सी, स्वर्णिमा, अनामिका ने छोटे छोटे सपने गाने पर मनमोहक नृत्य किया। सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव विषय पर नाटक और कन्या भ्रूण हत्या के साथ ही दहेज एक अभिशाप विषय पर बच्चों ने शानदार मंचन किया। प्रबंधक बाबूलाल यादव ने कहा कि लगभग 3 दशक से शिक्षा के प्रसार से ही विद्यालय से पढ़ करके दर्जनों मेधावी आज विभिन्न सरकारी सेवाओं में भर्ती होकर अपनी सेवाएं दे रहे हैं । कार्यक्रम का संचालन मनीराम यादव ने किया। इस दौरान पूर्व चिकित्साधिकारी डॉ. एचएल श्रीवास्तव, राज बहादुर (झब्बू) अनिल दीक्षित, राजकुमार, एडवोकेट दीपक राही, अखिलेश यादव, संगीता, बबिता, दीप्ति, आरती, अनीता, मुस्कान, गीता पटेल, सोनू सहित अन्य बच्चे और अभिवावक मौजूद रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में 13 शिकायतों का हुआ निस्तारण

**उन्नाव। समृद्धि न्यूज**



सरकार की मंशा के अनुरूप जन समस्याओं एवं शिकायतों के प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे द्वारा पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीना की उपस्थिति में तहसील बांगरमऊ में आयोजित जिलास्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जनसामान्य की समस्याएं/शिकायतें सुनीं गयीं। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील बांगरमऊ में डीएम द्वारा राजस्व विभाग की 33, गृह विभाग की 13, विकास विभाग की 09, चकबन्दी विभाग की 13, शिक्षा विभाग की 06 सहित अन्य विभागों की 10 शिकायतों/समस्याओं का अनुश्रवण किया गया।

इस अवसर पर कुल 84 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 13 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। इस अवसर पर डीएम द्वारा शिकायतों से संबंधित विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, संतुष्टिपरक एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित कराएं ताकि शिकायतों की पुनरावृत्ति न हो। शिकायत का निस्तारण करने से पूर्व शिकायतकर्ता से सम्पर्क जरूर स्थापित किया जाए। अधिकारी गण जनसामान्य की शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें अन्यथा संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। साथ ही तहसील प्रशासन के सहयोग से एलिम्को कंपनी द्वारा 04 लाभार्थियों को व्हीलचेयर, छड़ी एवं बेल्ट का वितरण डीएम एवं एसपी द्वारा किया गया। इस मौके पर सीएमओ डॉ. सत्यप्रकाश, पीडी कमलेश कुमार, उप निदेशक कृषि मुकुल तिवारी, उपजिलाधिकारी बांगरमऊ अतुल कुमार, सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी व स्थानीय कर्मचारी गण आदि उपस्थित रहे।

**बयान** | उत्कृष्ट कार्य करने वाले किए जाएंगे सम्मानितः नोडल अधिकारी परिवार नियोजन

# परिवार नियोजन ही मातृ-शिशु स्वास्थ्य की नींवः सीएमओ

**उन्नाव। समृद्धि न्यूज**



मातृ शिशु स्वास्थ्य में परिवार नियोजन की अहम भूमिका है। इसे अपना कर मातृ शिशु मृत्यु दर और कुपोषण के स्तर को कम किया जा सकता है। यह बातें मुख्य चिकित्साधिकारी ने आज जनपद में उत्कृष्ट करने वाले स्टाफ के सम्मान समारोह में कही। वह आज परिवार नियोजन कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों और सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए सीएमओ ने कहा कि पहला बच्चा होने के बाद तुरंत गर्भधारण मां और बच्चे दोनों के स्वास्थ्य एवं पोषण के दृष्टिकोण से उचित नहीं है। इस स्थिति से बचने के लिए दंपति को प्रेरित कर परिवार नियोजन का मनपसंद साधन उन्हें उपलब्ध करवाना चाहिए। अस्थायी साधन जैसे कंडोम, छाया, माला एन, ईमर्जेंसी पिल्स आदि की उपलब्धता सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों तक आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से भी सुनिश्चित कराई जा रही है।

नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से त्रैमासिक अंतरा इंजेक्शन, आईयूसीडी और पीपीआईयूसीडी की सुविधा इच्छुक दंपति प्राप्त कर सकते हैं। परिवार पूरा होने पर नसबंदी का विकल्प चुना जा सकता है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए अपर मुख्य चिकित्साधिकारी एवं नोडल अधिकारी परिवार नियोजन डॉ हरिनंदन प्रसाद ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन कर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मी आगे भी समय समय पर सम्मानित किये जाएंगे। इस मौके पर जिला महिला अस्पताल की सीएमएस डॉ संजू अग्रवाल, सर्जन डॉ अखिलेश विक्रम, जिला पुरूष चिकित्सालय के पुरूष नसबंदी की सेवा देने वाले सर्जन डॉ संजय वर्मा, बाबू मिलन श्रीवास्तव, अर्बन समन्वयक डॉ रानू कटियार, बीपीएम जुहैर और अमित, मनिंदर सिंह और ब्लॉक से आई चिन्हित स्टाफ नर्स, सीएचओ, एएनएम और आशा उपस्थित रहीं।

**इन्हें मिला सम्मान....** एसीएमओ परिवार कल्याण ॉ हरिनंदन प्रसाद, डॉ संजू अग्रवाल सीएमएस, डॉ अखिलेश विक्रम सर्जन, डॉ संजय वर्मा सर्जन, डॉ अलका शुक्ला डीजीओ, डॉ पीयूष मिश्रा, एआरओ आर बी यादव, विधावार उत्कृष्ट कार्य करने वाली स्टाफनर्स, सीएचओ, परिवार नियोजन काउन्सलर पूजा सिंह, बीपीएम, बीसीपीएम और अलग-अलग ब्लॉक की आठ आशा कार्यकत्री, जिला कार्यकम प्रबंधक, जिला कम्युनिटी प्रोसेस प्रबंधक, जनपदीय फैमिली प्लानिंग लॉजिस्टिक मैनेजर डॉ. मोहम्मद आरिफएवं विकेश, मनिंदर सिंह व अन्य के साथ सहयोगी संस्था यूपी टीएसयू के जिला परिवार नियोजन विशेषज्ञ अब्दुल बासित फारूकी, पीएसआई इंडिया संस्था से अनुरेश सिंह और रामकुमार तिवारी सम्मानित किया गया।



## रविंद्र सिंह ने कांग्रेस को कहा अलविदा

**रायबरेली।** जहां एक तरफ मंगलवार को राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा को लेकर रायबरेली की ओर बढ़ रहे थे वहीं दूसरी तरफ न्याय यात्रा के जनपद में पहुंचने से पूर्व ही कांग्रेस के पुराने व कद्दावर नेता ने अन्य कांग्रेस पदाधिकारियों समेत कांग्रेस से अलविदा कह दिया। सोनिया गांधी के चुनाव न लड़ने के बाद से कांग्रेसी नेताओं में उहापोह की स्थिति बनी हुई है राहुल गांधी की न्याय यात्रा रायबरेली पहुंचने से पहले कांग्रेस को एक और झटका लगा। कांग्रेस के वरिष्ठ व कद्दावर नेता सदस्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी व जिला महामंत्री रविंद्र सिंह ने भी पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। रविन्द्र सिंह ने पार्टी के क्रिया-कलापों से क्षुब्ध होकर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता व पद से इस्तीफा देने का फैसला लिया है। पार्टी छोड़ने वालों में बछरावां विधानसभा प्रभारी नागेंद्र सिंह,सचिव जिला कांग्रेस कमेटी जितेंद्र द्विवेदी,प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य अभिषेक दिवाकर सहित कई लोग शामिल हैं।

## सपा में सभी वर्गो का सम्मानः मोहम्मद नाजिम

**उन्नाव।** समाजवादी युवजन सभा के नव मनोनीत राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद नाजिम खान ने कहा है कि समाजवादी पार्टी हमेशा सभी वर्गो का सम्मान करती है। जबकि भाजपा समाज में विद्वेष फैलाने का काम करती चली आ रही है। बांगरमऊ नगर के लखनऊ मार्ग पर एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने आए मोहम्मद नाजिम खान ने बताया कि सपा सरकार में उत्तर प्रदेश का ऐतिहासिक विकास हुआ है।

## सूचना

सूचित किया जाता है कि मैंने HARAROOL HAK से अपना नाम बदलकर AHARAROOL HAK S/O SIRAJUL HAK ग्राम अकबरपुर बुजुर्ग पोस्ट मुड़की थाना फखरपुर बहराइच उत्तर प्रदेश रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाए।

## खुशी और आनन्द के शहर

अक्सर विकसित भारत के संकल्प की बात की जाती है, लेकिन जरूरत इस बात की भी है कि यह विकास की किरण आमजन के जीवन में भी दृष्टिगोचर हो। उसका जीवन स्तर भी बदलता नजर आए। वैसे हमारी तेजी से बढ़ती आबादी के मद्देनजर जरूरी है कि अब चाहे उत्पादकता का क्षेत्र हो या सेवा का क्षेत्र, उसके अनुरूप शहरों की बसावट हो। व्यावसायिक दृष्टि से भी और दैनिक जीवन-यापन के नजरिये से भी। सही मायनों में ग्लोबल वार्मिंग के संकट से उपजे तीखे मौसमी प्रभाव से जनजीवन को सामान्य बनाने के लिये देश को आधुनिक डिजाइन से बने शहरों की जरूरत है। जो पुराने बसाये शहरों में संभव नहीं है। गुरुग्राम जैसा आधुनिक शहर तेज बारिश में जलमग्न हो जाता है और ट्रैफिक जाम के संकट से आये दिन जूझता रहता है। दरअसल, जरूरत इस बात की है कि शहरों की संरचना सौ साल बाद की परिस्थितियों से जूझने में सक्षम हो। ऐसे में हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की वह घोषणा उम्मीद जगाती है कि हरियाणा में 'सिटी ऑफहैप्पीनेस' और 'सिटी ऑफजॉय बसेंगे'। इन शहरों को कुंडली-मानेसर-पलवल एक्सप्रेस-वे यानी केएमपी पर बसाया जाएगा। दरअसल, मनोहर सरकार की योजना है कि केएमपी के दोनों तरफपांच आधुनिक शहर बसाए जाएं, लेकिन शुरुआत इन दो शहरों 'सिटी ऑफहैप्पीनेस' और 'सिटी ऑफजॉय' से की जाएगी। इसमें पहला शहर खरखौदा-सोनीपत के निकट तो दूसरा शहर पलवल व फरीदाबाद के बीच बसेगा। हालांकि,अभी यह योजना शुरुआती दौर में है और सिंगापुर की एक कंपनी द्वारा इन खुशी और आनन्द के शहरों का तानाबाना बुना जा रहा है। विश्वास किया जाना चाहिए कि वास्तव में खुशी लोगों के जीवन में आए और उनकी खुशियों को बड़ी मछलियों की नजर न लगे, जो नये उपक्रमों में लॉयन शेयर लेने में कामयाब हो जाते हैं। ऐसे वक्त में जब दिल्ली के कारोबार का लगातार विस्तार राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के शहरों मसलन गुरुग्राम और फरीदाबाद में हो रहा है, नये शहरों का बसाया जाना हरियाणा के हित में होगा।दरअसल, विगत के अनुभव बताते हैं कि नये शहर तो बसाए जाते हैं, लेकिन उनके निर्माण में दूरदृष्टि का अभाव रहता है। कुछ दशकों बाद उनमें पुराने शहरों की तरह यातायात व जलनिकासी के संकट पैदा हो जाते हैं। भारत के सबसे पहले नियोजित और विदेशों की तर्ज पर बनाये गए सिटी ब्यूटीफुल कहे जाने वाले चंडीगढ़ को आज इसी तरह की कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। कभी बाबुओं का शहर कहा जाने वाला चंडीगढ़ आज कारों के बोझ से दबा है। नीति-नियंताओं ने कभी नहीं सोचा था कि इस शहर में इतनी कारों का रेला आएगा। कमोबेश, 'सिटी ऑफहैप्पीनेस' और 'सिटी ऑफ जॉय' अपने नाम के अनुरूप पूरा बनने पर नजर आएं। हमें आने वाले सौ सालों के लक्ष्यों को लेकर इन शहरों की संरचना बनानी होगी। उसमें पर्यावरण, खेल और आमोद-प्रमोद से लेकर सेहत के सरोकारों को प्राथमिकता देनी होगी। हमारे शहरों का वातावरण ही हमें आनन्दित व खुश रख सकता है। एक पारदर्शी व्यवस्था से ही ये लक्ष्य हासिल किये जा सकते हैं। निश्चित रूप से विदेशी मॉडल के शहर हरियाणवी जनमानस की आकांक्षाओं को पूरा नहीं कर सकते। उसमें परंपरागत हरियाणा की महक भी जरूरी है। पुरखों का हरियाणा भी उसमें नजर आए। उन खिलाड़ियों के अनुकूल वातावरण होना चाहिए जो आज देश-दुनिया से सोने-चांदी के मेडल जीतकर ला रहे हैं।

# विश्व अर्थव्यवस्था में नई अराजकता का दौर

**बढ़ती उम्र की वजह से घरेलू मांग में भी गिरावट देखी जा रही है। पिछली तिमाही में घरेलू खपत में साल दर साल करीब 1 प्रतिशत की गिरावट आई है। जापानी येन कमजोर हो रहा है। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले पिछले साल की तुलना में इसमें 6.6प्रतिशत की गिरावट आई है। चूंकि देश आयातित तेल और गैस पर निर्भर है, इसलिए लागत बढ़ गई है, भले ही वैश्विक कीमतें समान बनी हुई हैं। इसी तरह कुल खपत में आयातित खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 63 फीसदी है। बढ़ती येन उपभोक्ताओं पर नई लागत लगायेगी। जर्मनी, जो वर्तमान में सकल घरेलू उत्पाद के आकार के मामले में दुनिया की तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था है, कई मोर्चों पर गहरी अनिश्चितताओं का सामना कर रहा है। जर्मन अर्थव्यवस्था अपने अस्तित्व के लिए असुविधाजनक रूप से निर्यात पर निर्भर है। इसका बेंचमार्क उद्योग ऑटो मोबाइल अब चीनी ऑटो निर्माताओं की प्रतिस्पर्धा में अस्तित्व के खतरे का सामना कर रहा है। ये देश तेजी से बूढ़े हो रहे हैं और परिणामस्वरूप, इन्हें श्रमिकों की कमी का सामना करना पड़ रहा है।**

**अंजन रॉय**



**जैकमा से लेकर चीन के व्यापक रूप से सफल प्रौद्योगिकी उद्यमियों का चीनी कम्युनिस्ट पार्टी ने वस्तुतः गला घोंट दिया है। जैकमा ने सबसे बड़े आईपीओ का प्रस्ताव रखा था, जिसे उनकी टिप्पणियों के कारण खारिज करना पड़ा था, जो चीनी कम्युनिस्ट नेतृत्व को पसंद नहीं थी। कई अन्य कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को शीर्ष नेतृत्व द्वारा दंडित किया गया है। समय-समय पर, शीर्ष कंपनियों के मुख्य कार्यकारी गायब हो गये और फिर, लंबे समय बाद, अपने पूर्व प्रभारों का नेतृत्व करने में असमर्थ व्यक्तित्वों के रूप में फिर से उभरे। चीन के सजा कार्यक्रम में नवीनतम प्रमुख क्षेत्र है प्रतिभूति बाजार। चीनी शेयर बाजार खराब दौर से गुजर रहा था और बाजार में गिरावट आई। इससे अर्थव्यवस्था में गहरी अनिश्चितताएं पैदा हो गईं। विदेशी निवेशकों ने भी चीनी बाजारों से पैसा निकाल लिया था।**

जापान, जो एक समय सबसे ऊंची रेटिंग वाली अर्थव्यवस्था थी, आधिकारिक तौर पर मंदी में है तथा इसकी जीडीपी लगातार दो तिमाहियों से घट रही है। यूनाइटेड किंगडम, जो वर्तमान में अपने अतीत के गौरव की छाया में है और एक प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में लंबे समय से वंचित है, भी हाल ही में मंदी में आ गया है, जिससे प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की आर्थिक नीतियों पर सवाल उठ रहे हैं। जापान की सभी समस्याओं का मूल कारण उसकी घटती जनसंख्या है। जब जनसंख्या तेजी से घट रही है तो जापान उन परिवर्तनों को दिखा रहा है जो एक देश को अपने काबू में करते हैं। इस समय प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों को कार्य करने वाले हाथों की कमी का सामना करना पड़ रहा है।

बढ़ती उम्र की वजह से घरेलू मांग में भी गिरावट देखी जा रही है। पिछली तिमाही में घरेलू खपत में साल दर साल करीब 1 प्रतिशत की गिरावट आई है। जापानी येन कमजोर हो रहा है। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले पिछले साल की तुलना में इसमें 6.6प्रतिशत की गिरावट आई है। चूंकि देश आयातित तेल और गैस पर निर्भर है, इसलिए लागत बढ़ गई है, भले ही वैश्विक कीमतें समान बनी हुई हैं। इसी तरह कुल खपत में आयातित खाद्य पदार्थों की हिस्सेदारी 63 फीसदी है। बढ़ती येन उपभोक्ताओं पर नई लागत लगायेगी। जर्मनी, जो वर्तमान में सकल घरेलू उत्पाद के आकार के मामले में दुनिया की तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था है, कई मोर्चों पर गहरी अनिश्चितताओं का सामना कर रहा है। जर्मन अर्थव्यवस्था अपने अस्तित्व के लिए असुविधाजनक रूप से निर्यात पर निर्भर है। इसका बेंचमार्क उद्योग ऑटो मोबाइल अब चीनी ऑटो निर्माताओं की प्रतिस्पर्धा में अस्तित्व के खतरे का सामना कर रहा है।

ये देश तेजी से बूढ़े हो रहे हैं और परिणामस्वरूप, इन्हें श्रमिकों की कमी का सामना करना पड़ रहा है। कुछ लोग आप्रवासन को उदार बनाकर इन कमियों को दूर करना चाह रहे हैं। पूर्व जर्मन चांसलर, एंजेला मके र्ल ने विशेष रूप से उदार आव्रजन नीति का पालन किया था, लेकिन लोकप्रिय भावनाएं प्रतिकूल हो गई, जिससे अतिवादी दक्षिणपंथी राजनीतिक दल उभरकर आगे आ गये। जर्मनी, विशेष रूप से, अब दूसरों की तुलना में जनमानस में बढ़ती ऐसी भावनाओं में बदलाव का अधिक तीव्रता से सामना कर रहा है। चीन, जो लंबे समय से खुद को दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित कर चुका था और कम से कम समय में नंबर एक बनने की संभावना देख रहा था, अचानक एक गहरे स्व-निर्मित संकट से जूझ रहा है। इसका संपत्ति क्षेत्र पूरे आर्थिक ढांचे को नीचे गिरा रहा है। जैसे कि करने के लिए कुछ भी बेहतर नहीं था, चीन के सर्वोच्च नेता, शी जिनपिंग को अपनी अर्थव्यवस्था में दबदबा रखने वाले धनिकों के आकार में कटौती करने का विचार आया है।

जैकमा से लेकर चीन के व्यापक रूप से सफल प्रौद्योगिकी उद्यमियों का चीनी कम्युनिस्ट पार्टी ने वस्तुतः गला घोंट दिया है। जैकमा ने सबसे बड़े आईपीओ का प्रस्ताव रखा था, जिसे उनकी टिप्पणियों के कारण खारिज करना पड़ा था, जो चीनी कम्युनिस्ट नेतृत्व को पसंद नहीं थी। कई अन्य कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को शीर्ष नेतृत्व द्वारा दंडित किया गया है। समय-समय पर, शीर्ष कंपनियों के मुख्य कार्यकारी गायब हो गये और फिर, लंबे समय बाद, अपने पूर्व प्रभारों का नेतृत्व करने में असमर्थ व्यक्तित्वों के रूप में फिर से उभरे। चीन के सजा कार्यक्रम में नवीनतम प्रमुख क्षेत्र है प्रतिभूति बाजार। चीनी शेयर बाजार खराब दौर से गुजर रहा था और बाजार में गिरावट आई। इससे अर्थव्यवस्था में गहरी अनिश्चितताएं पैदा हो गईं। विदेशी निवेशकों ने भी चीनी बाजारों से पैसा निकाल लिया था। इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि बाजार में मंदी आ जाये।

हालांकि, दोष बाजार नियामक पर पड़ा। निवेशकों को शांत करने के लिए शी जिनपिंग ने खुद एक बैठक की थी। इसके बजाय, नियामक को अचानक बर्खास्त करने से निवेश की संभावनाएं और खराब हो गई। बाजार को सरकार से कुछ बड़ी रियायतों की उम्मीद है। लेकिन अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए अब तक बहुत कम काम किया गया है और जो कदम उठाये गये उनसे भी कोई खास फर्क नहीं पड़ा। चीनी सरकार, बल्कि चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की चूक और कमीशन के कृत्यों ने चीन में विदेशी निवेशकों का विश्वास खराब कर दिया है और धन वापस लिया जा रहा है। चीन इतनी बड़ी अर्थव्यवस्था है और औद्योगिक कच्चे माल और वस्तुओं के लिए एक बड़ा बाजार है, इसकी गंभीर स्थिति दुनिया भर की कई अर्थव्यवस्थाओं के लिए बुरी खबर है। फिर भी विश्व अर्थव्यवस्था लगातार और काफी तेजी से बढ़ रही है। 2023 में वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर 3 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है, जो वर्तमान संदर्भ में उल्लेखनीय है। बेरोजगारी दर भी बेवजह कम है और संयुक्त राज्य अमेरिका में रोजगार वृद्धि मजबूत है। नवीनतम अनुमान के अनुसार अमेरिका में 355,000 नये रोजगार का सृजन होगा। प्रारंभिक मंदी के बीच भी, पर्यवेक्षकों का मानना है कि जापानी अर्थव्यवस्था शीघ्र ही मंदी से बाहर आ जायेगी। जापानी शेयर बाजार सूचकांक निक्केई 38 हजार के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर है ।

**विचार**

# मेगा प्रोजेक्ट्स और स्थानीय हितों में टकराव

**कुलभूषण उपमन्यु**

देश में विकास के मेगा प्रोजेक्ट्स और स्थानीय हितों में टकराव के समाचार रोज कहीं न कहीं से आते ही रहते हैं। यह ठीक है कि कुछ नया बनेगा तो कुछ पुराने को हानि भी झेलनी पड़ेगी। किन्तु जीवन के लिए आवश्यक हवा पानी और भोजन जैसे संसाधनों पर जब चोट पड़ने लगती है तो मामला चिंतनीय हो जाता है और उस पर तार्किक रूप से विचार करना जरूरी हो जाता है। किन्तु खेद का विषय है कि आमतौर पर स्थानीय निवासियों के हितों पर परियोजना हितों को वरीयता दी जाति है। इस स्थिति में टकराव शुरू हो जाते हैं, जिनका समाधान यदि तर्क और स्थानीय हितों को ध्यान में रख कर न किया जाए तो मामले बिना वजह ही उलझ जाते हैं और बहुत बार अनावश्यक प्रतिष्ठा का प्रश्न बन जाते हैं। कई बार गलत या अधूरी सूचनाओं के कारण भी मामले उलझ जाते हैं।

आजकल हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिला में इसी तरह का आन्दोलन अली खड्डु के पानी को ले कर चल रहा है। आंदोलनकारी तीन सप्ताह से बैठे हैं किन्तु किसी अर्थपूर्ण संवाद के अभाव में कोई हल निकल नहीं सका है। अनुभव यह बताता है कि शांतिपूर्ण आंदोलनों को जब समय पर सुना नहीं जाता है तो आन्दोलन उलझ जाते हैं और कई बार गलत हाथों में चले जाते हैं। इस लिए एक स्वस्थ प्रजातंत्र में लोगों के असहमति के अधिकार का सम्मान करते हुए आन्दोलन की बात को जल्दी सुना जाना चाहिए। किन्तु प्रशासन अपनी जिद पूरी करने के लिए मुद्दे की बात समझने के बजाय आन्दोलन को लंबा लटका कर लोगों को थका कर आन्दोलन को समाप्त करने की रणनीति अपनाने का प्रयास करता है।

यह समस्या को बिना सुने समझे टाल देने का तरीका वाजिब नहीं है। यदि प्रशासन की बात सही है तो तर्क और पूरी सूचना देकर मामला सुलझाया जा सकता है। और यदि आन्दोलनकारियों की बात तथ्यात्मक है तो तथ्यों का ध्यान रखते हुए मामला हल किया जा सकता है। जीवनयापन के लिए अपरिहार्य रूप से आवश्यक संसाधनों की जब बात आती है तो स्थनीय निवासियों के अधिकारों को वरीयता दी जानी चाहिए, यही प्राकृतिक न्याय की मांग है।

जहां दोनों पक्ष अपनी-अपनी जगह सही हों तो किसी एक की जरूरतों को पूरा करने के लिए विकल्प तलाशने चाहिए। इस प्रक्रिया

**विरोध का तार्किक आधार यह है कि जहां से पानी उठाया जा रहा है वहां से नीचे बिलासपुर जिला के चार निर्वाचन क्षेत्रों का पानी अली खड्डु से मिल रहा है। जिसके लिए 24 लिफ्ट और ग्रेविटी पेयजल योजनाएं, 7 सिंचाई लिफ्ट योजनाएं, स्थानीय कुहलें और घराट तथा मछली प्रजनन केंद्र चल रहे हैं। जिससे 50 हजार से ज्यादा जनसंख्या की पानी जरूरतें पूरी हो रही हैं। 1992 में भी यह योजना गुजरात अंबुजा के पूर्व मालिक द्वारा प्रस्तावित की गई थी जिसे वीरभद्र सिंह सरकार द्वारा डाउन स्ट्रीम स्थानीय समुदाय का पक्ष सुन कर रद्द कर दिया था। नए मालिक ने फिर से उस योजना को पुनर्जीवित करके निर्माण कार्य शुरू करवाया है। जलशक्ति विभाग को माध्यम बनाया गया है। बिलासपुर जिला के 50 से अधिक पंचायतों के लाभार्थी इस योजना के विरोध में त्रिवेणी घाट पर तीन सप्ताह से ज्यादा दिन से धरना दे रहे हैं।**

में दलगत राजनैतिक हित साधने के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए। इस दृष्टि से देखा जाए तो इस आन्दोलन में दोनों मुख्य राजनीतिक दलों के स्थानीय नेता एक स्वर में त्रिवेणी घाट से पानी उठा कर अंबुजा सीमेंट प्लांट को देने का विरोध कर रहे है।

विरोध का तार्किक आधार यह है कि जहां से पानी उठाया जा रहा है वहां से नीचे बिलासपुर जिला के चार निर्वाचन क्षेत्रों का पानी अली खड्डु से मिल रहा है। जिसके लिए 24 लिफ्ट और ग्रेविटी पेयजल योजनाएं, 7 सिंचाई लिफ्ट योजनाएं, स्थानीय कुहलें और घराट तथा मछली प्रजनन केंद्र चल रहे हैं। जिससे 50 हजार से ज्यादा जनसंख्या की पानी जरूरतें पूरी हो रही हैं। 1992 में भी यह योजना गुजरात अंबुजा के पूर्व मालिक द्वारा प्रस्तावित की गई थी जिसे वीरभद्र सिंह सरकार द्वारा डाउन स्ट्रीम स्थानीय समुदाय का पक्ष सुन कर रद्द कर दिया था। अब नए मालिक ने फिर से उस योजना को पुनर्जीवित करके निर्माण कार्य शुरू करवाया है। इसके लिए जलशक्ति विभाग को माध्यम बनाया गया है। बिलासपुर जिला के 50 से अधिक पंचायतों के लाभार्थी इस योजना के विरोध में त्रिवेणी घाट पर तीन सप्ताह से ज्यादा दिन से धरना दे रहे हैं। गत 13 फरवरी को एक्शन कमेटी द्वारा त्रिवेणी घाट पर लाभार्थियों द्वारा महापंचायत बुलाई गई थी। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं और स्थानीय भाजपा और कांग्रेस के नेता भी शामिल थे। इसमें अन्य समाजसेवी संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल थे। महा पंचायत समाप्त होने के बाद भीड़ निर्माण स्थल में घुस गई और सोलन पुलिस से टकराव हो गया। निर्माण कार्य को भी क्षति हुई और कुछ लोगों को चोटें भी आईं, जो हिमाचल के शांतिपूर्ण माहौल के लिए चिंता की बात है। जिसकी निंदा करना भी जरूरी है। आन्दोलनकारियों के खिलाफ मुकदमे दर्ज किये गए जिसमें जो लोग मौका से दो घंटे पहले ही जा चुके थे उनके नाम भी एफआईआर दर्ज हो गई है। इस तरह मामले उलझते हैं, सुलझते नहीं।

असल में इस अली खड्डु का पानी डाउन स्ट्रीम आबादी की आवश्यकताओं के लिए भी गर्मियों में कम पड़ जाता है और टैंकर लगा कर लोगों की प्यास बुझानी पड़ती है। ऐसी स्थिति में इस नाले पर नया बोझ डालना युक्ति संगत नहीं कहा जा सकता और स्थानीय लोगों की चिंताएं वाजिब हैं। नई जरूरतों के लिए साथ लगते कोल डैम से पानी उठाया जा सकता है। अतः समस्या के समाधान के लिए आन्दोलनकारियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर रद्द करके बातचीत द्वारा मामले को निपटाया जाए। सरकार उच्चस्तर पर हस्तक्षेप कर पहल करे तो शांतिपूर्ण समाधान संभव है।

# इजरायल के विरोध का सराहनीय फैसला

7 अक्टूबर 2023 से शुरु हुए गजा पर इजरायल के हमले किसी भी तरह नहीं रुक रहे हैं। पिछले 4 साढ़े 4 महीनों में लाखों जिंदगियां तबाह हो चुकी हैं। हमास को खत्म करने के नाम पर गजा के लोगों पर इजरायल की क्रूरता किसी तरह न कम हो रही है, न थम रही है। अमेरिका जैसे देशों के समर्थन से इजरायल नरसंहार को बेखौफ जारी रखे हुए है, हालांकि ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका, अल्जीरिया जैसे कुछ देश हैं, जो इजरायल के खूनी खेल के खिलाफ बोल रहे हैं, मगर ताकतवर देश मिलकर न्याय के लिए उठती इन आवाजों को दबा रहे हैं।

सत्ता पर बैठे लोगों का रुख जो भी हो, लेकिन दुनिया भर में आम जनता इजरायल की आलोचना कर रही है और गजा में मासूम लोगों के कत्लेआम को रोकने के लिए विरोध-प्रदर्शन, बहिष्कार ऐसे तमाम उपायों को आजमाया जा रहा है। इसी कड़ी में अब भारत के वॉटर ट्रांसपोर्ट्स वर्कर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यू टी डब्ल्यू एफ आई) के सदस्य भी जुड़ गए हैं। देश के 11 बड़े बंदरगाहों पर काम करने वाले करीब 35 सौ कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करने वाली इस संस्था ने इजरायल भेजे जाने वाले उन जहाजों पर माल ढुलाई से इंकार कर दिया है, जिनमें हथियार और अन्य सैन्य सामग्री की आपूर्ति हो रही है। संस्था के महासचिव टी नरेन्द्र राव ने कहा कि हमारा संघ हर तरह के युद्ध और मासूम लोगों पर हिंसा के खिलाफ है। इजरायल ने इस वक्त गजा पर जो युद्ध छेड़ा है, उसने हजारों फिलिस्तीनियों को असह्य पीड़ा दी है। इस युद्ध में महिलाओं और बच्चों के चिथड़े उड़ रहे हैं। ऐसे में हमारे संघ ने निर्णय लिया है कि हथियारों से लदे सभी तरह के जहाजों पर हम काम नहीं करेंगे। उनमें माल चढ़ाने या उतारने का काम नहीं करेंगे, क्योंकि इससे उन लोगों को मदद होगी जो मासूमों को मारने में लगे हैं। टी नरेन्द्र राव ने सभी भारतीय बंदरगाहों के कर्मचारियों से हथियारों वाले उन जहाजों पर काम न करने की अपील की जो फिलिस्तीन या इजरायल के लिए भेजे जा रहे हैं। इसके साथ ही इजरायल से तुरंत युद्ध रोकने का आग्रह भी संघ ने किया है।

डब्ल्यू टी डब्ल्यू एफ आई ने एक जवाबदेह श्रमिक संघ के तौर पर उन लोगों के साथ अपनी एकजुटता और प्रतिबद्धता दर्शाई है, जो शांति के लिए काम कर रहे हैं। भारत में बंदरगाह कर्मचारियों के पांच संगठन है, जिनमें से डब्ल्यू टी डब्ल्यू एफ आई ने सैन्य मालवाहक जहाजों पर काम का बहिष्कार किया है। हो सकता है अब बाकी के संगठन भी ऐसा ही फैसला ले लें। 7 अक्टूबर से अब तक एक भी सैन्य मालवाहक जहाज इजरायल नहीं गया है, लेकिन हाल ही में भारत के मुंद्रा बंदरगाह से इजरायल के लिए सामान पहुंचाया जा रहा है। ऐसे में डब्ल्यू टी डब्ल्यू एफ आई का यह फैसला खास मायने रखता है। गौरतलब है कि लाल सागर में हूती विद्रोहियों ने इजरायल तक जहाजों के पहुंचने का रास्ता अवरुद्ध कर दिया है। अगर यह अवरोध बरकरार रहता तो इजरायल थोड़ा कमजोर पड़ सकता था। मगर मोदी सरकार में इजरायल से दोस्ती निभाने के लिए नया रास्ता खोज निकाला है। अब भारत के मुंद्रा बंदरगाह से यूएई के बंदरगाह तक मालवाहक जहाज भेजा जा रहा है, इसके बाद सड़क मार्ग से सऊदी अरब और जॉर्डन के रास्ते इजरायल तक सामान पहुंच रहा है।

भारत इस तरह इजरायल से अपनी दोस्ती तो निभा रहा है, लेकिन ऐसा करके मानवता, विश्व शांति और अहिंसा के लिए अपनी प्रतिबद्धताओं पर कितना खरा उतर रहा है, यह भी परखने की जरूरत है। बेशक इजरायल से भारत के व्यापार, वाणिज्य, रक्षा, संचार, विज्ञान इन तमाम क्षेत्रों में गहरे दोतरफा संबंध हैं।

इजरायल ने भारत की कई मौकों पर सहायता भी की है। मगर इस वजह से उसकी ओर से हो रहे अनाचार पर आंखें नहीं मूंदी जा सकतीं। हमास के खात्मे के नाम पर इजरायल की नेतन्याहू सरकार गजा में जितना तीव्र युद्ध छेड़े हुए हैं, उसके खिलाफ इजरायल समेत दुनिया भर के शांतिप्रिय लोग आवाज उठा रहे हैं। ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा ने हाल ही में एक प्रेस वार्ता में कहा है कि गजा में जो कुछ हो रहा है वह युद्ध नहीं है। वह सिर्फ नरसंहार है। यह दो सेनाओं के बीच युद्ध नहीं है।



# राशिफल

**मेष:-** काफी दिनों से अवरोधित कोई हल होने के आसार बनेंगे। जीवन साथी के स्वास्थ के प्रति सतर्कता अपेक्षित है। शिक्षा प्रतियोगिता की दिशा में किया गया प्रयत्न सार्थक होगा।

**बृषभ:-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यवहार कुशल बने। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी। विद्यार्थी शिक्षा में लापरवाही न बरतें। घर में खुशहाल वातावरण रहेगा।

**मिथुन:-** मूल्यवान समय को व्यर्थ के कायरें में जाया न करें। नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें।

**कर्क:-** नये व्यावसायिक संबंध प्रगाढ़ होंगे। संवेदनशील शरीर ग्रहां की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। म

**सिंह:-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। अच्छे कायरें से परिजनों के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फ्लीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कायरें में लापरवाही कतई न करें।

**कन्या:-** जीवनसाथी के स्वास्य के प्रति सचेत रहें। नये कायरें के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ होगा।

**तुला:-** भविष्य को लेकर मन नकारात्मक आशंकाओं से प्रभावी रहेगा। प्रतिभाओं के बावजूद भी हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित करेगा। सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**वृश्चिक:-** रोजगार संबंधी कुछ नयी योजनाओं पर मन केंद्रित होगा। किसी कार्य में सफ्लता से उत्साह में वृद्धि होगी। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**धनु:-** अपनी बातूनी कला का लाभ उठाएंगे। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी।

**मकर:-** बीती बातों को सोचने के बजाय वर्तमान में जीने की चेष्ठा करें। जरूरत से ज्यादा बोलना व्यक्तित्व पर कुप्रभावी होगा।

**कुंभ:-** सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा। थोड़ा संयमी व धैर्यवान बने। भाग्य से प्राप्त सभी स्थितियों के मध्य समझौतावादी रवैया अपनायें।

**मीन:-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन ब्यर्थ के कायरें में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह के प्रति मन चिंतित होगा।

# एमएसपी की गारंटी देने वाला कानून बनाना आसान नहीं

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

भारत एक लोकतांत्रिक देश है और संविधान के तहत देश के हर नागरिक को शांतिपूर्ण आंदोलन और प्रदर्शन करने का मौलिक अधिकार है। लेकिन, न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी कानून की गारंटी के लिए आंदोलनरत किसान शांतिपूर्ण तरीके से अपनी मांगें मंगवाने के पक्षधर नहीं दिखते। सरकार बातचीत के माध्यम से समस्या सुलझाना चाहती है। लेकिन किसान नेताओं के तेवरों और मांगों की लंबी सूची के दृष्टिगत इस बात की संभावना न्यून है कि बातचीत से ये मसला निपटेगा। वास्तव में किसान नेता भी जानते हैं कि एमएसपी कानून की गारंटी देना इस सरकार तो क्या किसी भी सरकार के लिए आसान नहीं है।

किसानों के असली इरादों को उनकी तैयारियों को देखकर समझा जा सकता है। जिस तरह ट्रैक्टर ट्रालियों में महीनों का राशन और दूसरा जरूरी सामान लेकर वो घरों से निकले हैं, उससे साफ है कि उनकी मंशा समझौते की नहीं, टकराव की है। वो चाहते हैं कि गलती से शासन प्रशासन के हाथों कोई ऐसा काम हो जाए, जिससे वो और उनका पूरा इको सिस्टम सरकार को किसान विरोधी साबित कर



सके। ये सारी कवायद चुनाव से पहले माहौल खराब करने और सरकार की छवि को ठेस पहुंचाने की दिखाई देती है।

**किसान समस्या का हल चाहते तो बातचीत में विश्वास करते। वो तो दिल्ली की तरफ हजारों की भीड़ लेकर ट्रैक्टर ट्रालियों, गाड़ियों और अन्य साधनों से दिल्ली की ओर ऐसे बढ़े मानो उन्हें किसी विदेशी सरकार से निर्णायक संघर्ष करना है। किसान नेता जब मीडिया या किसी सार्वजनिक मंच से बोलते हैं तो ऐसा व्यवहार करते हैं कि मानो केंद्र सरकार उनकी सबसे बड़ी दुश्मन है। मीडिया से बातचीत के समय किसान नेताओं और उनके समर्थकों की भाषा, बॉडी लैग्वेंज और भाषणों की टोन ऐसी होती हैं मानो किसी दुश्मन देश की सरकार को वो चेतावनी दे रहे हों। करोड़ों नागरिकों द्वारा निर्वाचित सरकार, जो बातचीत के लिए हमेशा तैयार है।**

किसान समस्या का हल चाहते तो बातचीत में विश्वास करते। वो तो दिल्ली की तरफ हजारों की भीड़ लेकर ट्रैक्टर ट्रालियों, गाड़ियों और अन्य साधनों से दिल्ली की ओर ऐसे बढ़े मानो उन्हें किसी विदेशी सरकार से निर्णायक संघर्ष करना है। किसान नेता जब मीडिया या किसी सार्वजनिक मंच से बोलते हैं तो ऐसा व्यवहार करते हैं कि मानो केंद्र सरकार उनकी सबसे बड़ी दुश्मन है। मीडिया से बातचीत के समय किसान नेताओं और उनके समर्थकों की भाषा, बॉडी लैग्वेंज और भाषणों की टोन ऐसी होती हैं मानो किसी दुश्मन देश की सरकार को वो चेतावनी दे रहे हों। करोड़ों नागरिकों द्वारा निर्वाचित सरकार, जो बातचीत के लिए हमेशा तैयार है, उसके प्रति किसान नेताओं का अनादर का भाव कदम कदम पर दिखाई देता है। किसान नेता अपने आंदोलन को अराजनीतिक बताते हैं। लेकिन राजनीतिक संगठनों के साथ उनके रिश्ते जगजाहिर हैं। इसीलिए कहा जा रहा है कि किसान आंदोलन तो बहाना है- असली काम तो मोदी सरकार को हटाना है। लोगों में चर्चा इस बात को लेकर है कि आखिर बिना राजनीतिक दलों के समर्थन के इतना बड़ा आंदोलन इतनी जल्दी कैसे खड़ा हो सकता है।

2020 में तीन कृषि कानूनों को लेकर पंजाब के 34 किसान संगठन विरोध कर रहे थे, जबकि यह आंदोलन मात्र कुछ किसान संगठनों द्वारा ही किया जा रहा है। तो क्या यह सही है कि इस बार का आंदोलन किसी विशेष उद्देश्य से हो रहा है? भारतीय किसान यूनियन सिद्धूपुर के प्रधान जगजीत सिंह डल्लेवाल इस बार किसान आंदोलन के सबसे प्रमुख चेहरे हैं। जिस तरह पिछली बार गुरुनाम सिंह चढ़ूनी और राकेश टिकैत थे इस बार डल्लेवाल हैं। उनके मुंह से किसान आंदोलन की सच्चाई निकल गई है। डल्लेवाल का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह कह रहे हैं कि राम मंदिर बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ग्राफ बहुत बढ़ गया था, उसे नीचे लाना है।

आंदोलन में शामिल पंजाब के किसान नेता तेजवीर सिंह का एक वीडियो बहुत तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें वो किसान आंदोलन के जरिए देश की सरकार बदलने की बात कर रहे हैं। इतना ही नहीं वो किसान आंदोलन को विपक्ष की लड़ाई लड़ने वाला भी बता रहे हैं। मतलब साफ है कि कहीं न कहीं किसान नेताओं को एक बात समझाई गई है कि ये लड़ाई किसानों के अधिकारों और एमएसपी की गारंटी के लिए नहीं है बल्कि इन मुद्दों के नाम पर सरकार को ही बदलना है।

यही नहीं किसान आंदोलन को कवर कर रहे बहुत से यूट्यूबरों, मीडिया हाउसेस के वीडियो देखने को मिल रहे हैं जिन्हें देखकर आप यही कह सकते हैं कि किसान आंदोलन भ्रमित है या गलत लोगों के हाथ में है। बहुत से किसान इंडिपेंडेंट पंजाब या खालिस्तान की बात करते हुए मिलते हैं। कुछ तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल करते हुए मिल जाते हैं। इन किसानों के मन में एमएसपी पर गारंटी की डिमांड कम, केंद्र सरकार को बदलने का जज्बा काफी है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# लाभार्थी संपर्क अभियान की भाजपा ने बनाई रणनीति

**चरखारी,महोबा। समृद्धि न्यूज**

लोकसभा चुनाव के नजदीक आते ही भाजपा ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के जो लोग उत्तर प्रदेश सरकार एवं केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वित हुए हैं ऐसे लोगों से मिलने के लिए एवं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को बताने के लिए अपनी कार्यकर्ताओं की फौज मैदान में उतार दी है।

उसी के संबंध में चरखारी ग्रामीण मंडल की बैठक मोहन राम जी की धर्मशाला में हुई मुख्य अतिथि योगेश मिश्रा जिला उपाध्यक्ष चरखारी ने कहा की लोकसभा चुनाव नजदीक हैं और समस्त कार्यकर्ता अपनी ऊर्जा के साथ आम जनमानस को राज्य एवं केंद्र सरकार की योजना बताएं और



उनसे मुलाकात करें और यह भी बताएं कि पूर्ववर्ती सरकारों ने आम जनमानस को केवल ठगने का कार्य किया है।

हमारी डबल इंजन की सरकार लोगों को हर तरीके की सुविधा से लाभ बंधित कर रही है जिसमें किसी भी सरकारी योजना के लिए बिना किसी जाति भेदभाव के हर योजना का लाभ दिया जा रहा है और लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत प्रत्येक कार्यकर्ता को गांव-गांव जाकर प्रत्येक लाभार्थी से संपर्क करना है और उत्तर प्रदेश एवं केंद्र सरकार की चल रही योजनाओं अवगत कराने के साथ-साथ उनको यह भी बताना है की जो भी आपको लाभ मिल रहा है चाहे वह किसान सम्मन निधि हो या उज्ज्वल का कनेक्शन हो या प्रधानमंत्री आवास हो जिनको मिल चुका है वह उत्तर प्रदेश सरकार एवं केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत मिला है इस बैठक में मुख्य अतिथि योगेश मिश्रा जिला उपाध्यक्ष, मंडल प्रभारी शैलेंद्र सोनी मंडल अध्यक्ष पंकज शुक्ला मंडल मंत्री मीडिया प्रभारी देवी सिंह राजावत अरविंद गुप्ता राम नारायण त्रिपाठी मंडल महामंत्री शैलेंद्र राजपूत सेक्टर संयोजक देवेंद्र प्रजापति सुरेंद्र त्रिपाठी रविंद्र प्रजापति सुशील शर्मा सेक्टर संयोजक, कामता प्रसाद सक्सेना मंडल कोषाध्यक्ष, सेक्टर संयोजक सौरभ मिश्रा, मनोज यादव राजेंद्र शुक्ला पुष्पेंद्र सिंह महेंद्र प्रजापति, राकेश परिहार भारतीय जनता पार्टी के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ग्रामीण क्षेत्रों के आठ परीक्षा केन्द्रों में 5801 छात्र-छात्राएं देंगे परीक्षा

**सुमेरपुर।** कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित कुल आठ इंटर कॉलेजों को हाई स्कूल व इंटरमीडिएट का परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इन आठों केदो में हाई स्कूल के 3216 तथा इंटर के 2885 छात्र छात्राएं परीक्षा देंगे। आठों केन्द्रों में हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट के 5801 छात्र-छात्राएं परीक्षा देने के लिए पंजीकृत हैं। आगामी 22 फरवरी से शुरू होने वाली बोर्ड परीक्षा के लिए कस्बे के पांच इंटर कॉलेजों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है जबकि ग्रामीण क्षेत्रों के तीन कॉलेजों को केंद्र बनाया गया है। कस्बे के गायत्री बालिका इंटर कॉलेज में 942 परीक्षार्थी शामिल होंगे। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में 456 छात्र छात्राएं शामिल होंगे।

# अभ्यर्थियों ने फिर से परीक्षा कराए जाने की उठाई आवाज




शिकायती पत्र सौंपते व प्रदर्शन करते छात्र।

**जिलाधिकारी को समाधान दिवस में सौंपा गया ज्ञापन**

**महोबा। समृद्धि न्यूज**

उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा का पेपर लीक होने का आरोप लगाते हुए छात्रों ने जताई नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए फिर से परीक्षा कराए जाने की मांग की है। उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा का एग्जाम 17 व 18 फरवरी में हुआ था। जगह -जगह से पेपर लीक आउट होने की खबरे में मिल रही है। जिससे छात्रों को अपने भविष्य चिंता सता रही है जिसके चलते चरखारी तहसील प्रांगण में आधा सैकड़ा छात्रों ने एकत्र होकर नाराजगी जाहिर कर विरोध जताया है। छात्र एकता जिंदाबाद के नारे लगाए गए।

तहसील प्रांगण में चल रहे जिला स्तरीय समाधान दिवस में जिलाधिकारी मृदुल चौधरी को ज्ञापन सौंपा और बताया कि सरकार की नाकामियों का खामियाजा छात्रों को झेलना पड़ रहा है और मध्यम वर्ग के छात्रों के भविष्य में संकट गहरा रहा है। लंबे समय के बाद उत्तर प्रदेश पुलिस की भर्ती निकली है और वह भी सरकार की नाकामियों का शिकार हुई। पुलिस परीक्षा के चारों सेट लीक हो गये है जिससे पढ़ने वाले छात्रों का भविष्य संकट में है। इस लिए सभी छात्रों ने सरकार से मांग की है कि उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा को दोबारा संपन्न कराया जाए। ऐसा न होने पर आंदोलन की बात कही है। इस अवसर पर विकास ,मोहित घोस,अनिल प्रजापति, अरुण सहित आधा सैकड़ा छात्र मौजूद रहे।

# बुंदेलखंड नवोदय महाविद्यालय में कार्यक्रम आयोजित

**महोबा। समृद्धि न्यूज**

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान के तहत 6 दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ बुंदेलखंड नवोदय महाविद्यालय श्रीनगर में आयोजित किया गया। जिसमें महिला सुरक्षा सशक्तिकरण एवं जागरूकता अभियान तथा कौशल क्षमता विकास प्रशिक्षण आदि कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।

कार्यक्रम का शुभारंभ में कोतवाली प्रभारी इंस्पेक्टर विनोद कुमार एवं महाविद्यालय के प्राचार्य विश्वनाथ सिंह परिहार ने किया। कार्यक्रम में 150 महिलाओं ने प्रतिभाग किया और अपना रजिस्ट्रेशन करवाया, इस 6 दिवसीय प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु प्रशिक्षण लेने के लिए आवश्यक डॉक्यूमेंट जमा किए। इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने महिलाओं को पुलिस विभाग की ओर से वूमेन पावर लाइन 1090 चुप्पी तोड़ो अब तो



कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक व छात्राएं।

बोलो, की जानकारी दी। इमरजेंसी कॉल 108 नंबर की भी जानकारी दी। महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न निवारण आदि के बारे में भी बताया गया। प्राचार्य विश्वनाथ सिंह परिहार ने महिला समानता, सम्मान एवं सुरक्षा जेंडर भेदभाव पितृसत्ता महिलाओं के साथ होने वाली हिंसा से बचाव की जानकारी दी। महिलाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण की आवश्यकता की समझ पैदा करना प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना आदि विषयों पर भी बताया। महाविद्यालय के सहायक प्रवक्ता आशीष मिश्रा ने बताया सामाजिक सुरक्षा के लिए सरकार द्वारा योजनाएं चलाई जा रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना आयुष्मान भारत आदि के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन आशीष मिश्रा ने किया। इस मौके पर पूजा यादव सहायक प्रवक्ता, आकांक्षा विश्वकर्मा, शीलू श्रीवास, अर्चना नामदेव, रुचि ताम्रकार, प्रीति ताम्रकार, राजकुमार पांचाल, विनय सिंह, आदि उपस्थित रहे।

# महिला ने अधिकारियों के चक्कर काटने का लगाया आरोप, नहीं हुई सुनवाई

**प्लाट अपने नाम करने पर भी रूपये न देने का लगाया आरोप**

**राठ। समृद्धि न्यूज**

जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम व एसपी के जाने के बाद पीड़िता की शिकायत को गंभीरता से न लेने पर वृद्धा वेवा महिला ने तहसील परिसर में जमकर हंगामा काटा। महिला के हंगामा काटने पर मौके पर पहुंचे नायब तहसीलदार बीरपाल सिंह व कोतवाल उमेश सिंह ने समझा बुझाकर शांत कराने का प्रयास किया।

लेकिन महिला न्याय न मिलने पर आत्महत्या करने को चिल्लाती रही। कस्बे के पठानपुरा मोहल्ला निवासी माया देवी ने बताया कि उसके पति सुखसिंह की मृत्यु हो गई है। उसके दो पुत्र हैं। बताया कि मनोज व शत्रुघ्न निवासी सैना ने उसके नाम प्लाट के लिए रुपए लिए थे। आरोप लगाया कि उक्त लोगों ने प्लाट अपने नाम कर लिया है और रुपए भी नहीं दे रहे हैं। बताया कि भूमि उसके नाम है।

उस भूमि पर उसका बड़ा पुत्र कब्जा किए हैं। बताया कि आठ दिन पहले उसके घर चोरी हो गई थी। कई बार कोतवाली में शिकायत की। लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। मंगलवार को उसने समाधान दिवस में शिकायत की। लेकिन अधिकारी मामले को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। उसने कई बार शिकायत की। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है।

# तहसीलों में हुआ समाधान दिवस का आयोजन

**डीएम व एसपी ने सुनी समस्याएं**

**महोबा। समृद्धि न्यूज**

जिले की तहसील चरखारी में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया। इसमें जिलाधिकारी मृदुल चौधरी, पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता, सीडीओ चित्रसेन सिंह द्वारा लोगों की समस्याओं को सुना गया।

इस मौके पर तहसील चरखारी से कुल 29 शिकायतें प्राप्त हुईं जिनमें से 02 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इसी प्रकार तहसील कुलपहाड़ में अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मोहम्मद मोईनुल इस्लाम की अध्यक्षता में 38 में से 03 तथा तहसील महोबा में अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व राम प्रकाश की अध्यक्षता में 21 में से 03 शिकायतों का निस्तारण



मौके पर किया गया। शिकायतों का अनुश्रवण करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण तथा संतुष्टि के आधार पर किया जाए।

उन्होंने कहा कि शिकायत का निस्तारण करने से पहले शिकायत कर्ता से जरूर बात की जाए। शिकायत निस्तारण से यदि शिकायत कर्ता संतुष्ट नहीं है तो शिकायत को निस्तारित नहीं माना जायेगा।यह भी कहा कि अधिकारी गण आईजीआरएस और सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निपटान में लापरवाही न बरतें, इन शिकायतों के बारे में मुख्यमंत्री कार्यालय से फीडबैक लिया जाता है।अतः शासन के मंशा के अनुरूप सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये हर फरियादी की छोटी या बड़ी प्रत्येक समस्या को गम्भीरता से सुना जाए और कागज पर नही बल्कि धरातल पर शिकायतों का निस्तारण कर समय सीमा के अन्तर्गत ही उनका निराकरण भी सुनिश्चित किया जाए।

## खबरें एक नजर में

### घर से नकदी व जेवरात लेकर भागी किशोरी

**महोबा।** एक किशोरी अपने घर से एक युवक के साथ भाग गई। वह साथ में 20 हजार की नकदी व जेवरात ले गई। किशोरी की मां की सूचना पर पुलिस ने युवक सहित दो साथियों के खिलाफ धारा 363 व 366 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस किशोरी सहित आरोपियों की तलाश में जुटी है। खरेला थाना क्षेत्र के ग्राम बल्लायं निवासी महिला ने पुलिस को दी सूचना में बताया कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री को 16 फरवरी की रात्रि करीब 11 बजे गांव का ही संजय सिंह बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया। उसकी पुत्री घर से 20 हजार रुपए व सोने के जेवरात ले गई। उसने पुत्री की रिश्तेदारी सहित अन्य जगहों पर खोजबीन की पर उसका कोई पता नहीं चल सका। उसकी पुत्री को भगाने में लड़के का बहनोई सतीश निवासी थाना लवकुशनगर छतरपुर मप्र व रामकिशन निवासी ग्राम बल्लायं ने भी सहयोग किया है। महिला ने इसकी सूचना पुलिस को देकर बेटी की बरामदगी की गुहार लगाई। पुलिस ने संजय सिंह, सतीश व रामकिशन के खिलाफ धारा 363 व 366 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस किशोरी सहित आरोपियों की तलाश में जुटी है।

### किसान के साथ हुई टप्पेबाजी का प्रयास, आरोपी पकड़े

**चरखारी,महोबा।** चरखारी कोतवाली के ग्राम कुसरमा निवासी रतन सिंह पुत्र परमानंद टाकीज तिराहा पर खड़ा था। तभी दो बाइक सवार युवक आये बोले चलो दादी तुम्हें मोनू बुला रहा है। इत्तेफाक से इनको लोग गांव में दादी कहते थे। कस्बा के मोनू मिस्त्री की दुकान पर जाना था। बाइक में बैठने के बाद पीछे बैठे युवक ने किसान रतन सिंह की कुर्ता की जेब में हाथ डाला। इस दौरान मोनू की दुकान के पास बाइक सवार ने मोटरसाइकिल तेज कर दी। यह देख किसान ने चिल्लाना शुरू कर दिया तो पीछे कुछ कस्बा के युवकों ने टप्पेबाज बाइक सवारों को पकड़ लिया। बदमाशों को पकड़ यूपी 112 को बुलाया और उक्त आरोपितों को पुलिस के हवाले किया। इसके पहले तीन फरवरी मंडी तिराहा पर बस स्टैंड के लिए भी एक युवक को लूटने का प्रयास हुआ था। इसके पूर्व भी कई घटनाएं हो चुकी है। पुलिस ने आरोपियों को पकड़कर इसे पूछताछ शुरू की है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है।

### नाबालिग से छेड़खानी करने का मुकदमा दर्ज

**मौदहा।** दुकान से सामान लेकर घर जा रही किशोरी को गांव के दबंग बुरी नीयत से पकड़कर पशुबाड़े में ले जाने का प्रयास कर उसके साथ छेड़खानी की। इस मामले में पीड़िता के पिता ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित पिता ने बताया कि दबंग पहले भी इसी तरह की घटनाएं कर चुका है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि सोमवार की रात करीब नौ बजे वह गांव में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का मैंच देख रहा था। घर में उसकी पत्नी और नाबालिग पुत्री थी। उसी दौरान उसकी पुत्री मोहल्ले की दुकान पर सामान लेने गई। जैसे ही सामान लेकर लौटी तभी गांव निवासी निहालउददीन पुत्र नूरुद्दीन ने उसकी नाबालिग पुत्री को पकड़कर अश्लीलता करनी शुरू कर दी आरोपी जबरदस्ती पकड़कर उसकी बेटी को अपने पशुबाड़े की ओर खींच कर ले जाने लगा। पुत्री के शोर मचाने पर उसकी मां आ गई। जिस पर शोहदा गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए चला गया।



## प्रश्न पत्र लीक होने पर युवाओं में आक्रोश

**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा को दोबारा कराने की मांग को लेकर बड़ी संख्या में छात्र मंगलवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे और जमकर हंगामा किया। आरोप लगाया कि प्रश्न पत्र परीक्षा से पहले ही लीक हो गया था। बीते 17 व 18 फ़रवरी को सम्पन्न हुई उत्तर प्रदेश पुलिस सिपाही परीक्षा में कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा पेपर लीक कर दिया गया है। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि कई अभ्यर्थियों के मोबाइल पर पहले ही प्रश्न पत्र पहुंच गए थे। ऐसे में लाखों छात्रों का भविष्य अंधेरे में है। इसलिए परीक्षा दोबारा कराई जाए। उन्होंने अतिरिक्त अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए असमाजिक तत्वों पर दंडात्मक कार्रवाई की मांग की। इस दौरान जैनेंद्र कुमार, शिवाकांत, राहुल, रामनरेश, कपिल कुमार, गोरेलाल सहित अन्य अभ्यर्थी मौजूद रहे।

## दो पक्षों में मारपीट, दोनों ओर से रिपोर्ट दर्ज

**मौदहा,हमीरपुर।** मामूली बात को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। जिसके बाद पुलिस ने दोनों ओर से मिली तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्जकर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मांचा निवासी साबरीन पत्नी शहजाद अली ने कोतवाली में दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसके साथ गांव के तौफीक अली, शफीक अली, नाजरीन और सायमा ने उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट की। वहीं दूसरे पक्ष की नौरीन बानो पत्नी शहजाद अली ने अपने शिकायती पत्र में बताया कि जब वह कम्हरिया रोड पर अपनी दूकान पर बैठी हुई थी। तो शहजाद अली, हयात अली और दोनों की पत्नियों ने आकर उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट की। दोनों ओर से मिली तहरीरों के आधार पर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्जकर जांच शुरू कर दी है।

# एके 47 गैंग के सदस्य ने सोशल मीडिया पर फोटो अपलोड कर दी धमकी

**सुमेरपुर,हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**

करीब छह माह तक शांत रहने के बाद कस्बे में सक्रिय एके 47 गैंग के सदस्य फिर सिर उठाने लगे हैं। गैंग के एक सदस्य ने रेलवे लाइन पर अवैध तमंचा लहराते हुए सोशल मीडिया पर अपलोड करके कस्बे के लोगों को धमकी दी है।

सोशल मीडिया पर फोटो वायरल होने के बाद पुलिस छानबीन में जुट गई है। बताते हैं कि तमंचे के साथ फोटो अपलोड करने वाला युवक कस्बे के वार्ड संख्या 14 का निवासी है।लेकिन मौजूदा समय में कस्बे से बाहर है। कस्बे में एके 47 गैंग ने पिछले दो वर्षों में से धमाल मचा रखा



है। इस गैंग के सरगना के खिलाफ थाने में कई मुकदमे कायम है।

यह गैंग पिछले छह माह से शांत था। मंगलवार को यह एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। इस गैंग के एक सदस्य ने फेसबुक में रेलवे लाइन पर खड़े होकर तमंचा लहराते हुए फोटो अपलोड किया है। साथ ही कस्बे के लोगों को धमकी दी है और कहा है कि आतंक हमारा ही कायम होगा।

इस फोटो के वायरल होते ही पुलिस ने इस युवक की तलाश तेज कर दी है। चर्चा है कि यह युवक वार्ड संख्या 14 का निवासी है और मौजूदा समय में कस्बे से बाहर है। सोशल मीडिया में इसकी आईडी शातिर के नाम से बनी हुई है। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि युवक की तलाश की जा रही है। गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# आज से अधिवक्ता करेंगे कार्य बहिष्कार व प्रदर्शन

**हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**

डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन व प्रोग्रेसिव एवं प्रेक्टिसिंग ड्रिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी की संयुक्त बैठक फूल सिंह कुशवाहा व राजेंद्र वीर सिंह चौहान की संयुक्त अध्यक्षता में जिला अधिवक्ता सभागार में संपन्न हुई।

बैठक में प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय द्वारा वादकारियों, वरिष्ठ व कनिष्क अधिवक्ताओं के साथ दुव्यहार, अमद्ध भाषा द्वारा किए जा रहे अपमान से आंदोलित होकर संघर्ष करने का एलान किया गया। इसके साथ ही न्यायालयों का बहिष्कार करने, धरना प्रदर्शन कर उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा हस्तक्षेप करने, परिवार कल्याण आदि की मांग को लेकर अग्रिम कार्यवाही की



रूपरेखा बनाने का सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया। कहा गया कि परिवार न्यायालय अपने व्यवहार व कार्य गुजारी में बदलाव करे। उच्च न्यायालय इलाहाबाद को लिखने के बाद भी उनके व्यवहार व कार्यप्रणाली में कोई बदलाव नहीं आया। इसलिए सर्वसम्मति से फैसला लिया कि अधिवक्ता उनके स्थानान्तरण तक न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। इसके समाधान के लिए अधिवक्ता 21 फरवरी से लाउड स्पीकर का प्रयोग कर कर धरना प्रदर्शन कर आंदोलन को व्यवहारिक रूप प्रदान करेंगे। जिसमें कृपाशंकर सिंह व राजेंद्र वीर सिंह चौहान अध्यक्ष प्रोगेसिव के नेतृत्व में मथुरा प्रमाद द्विवेदी, नरेन्द्र कुमार बाबू, शैलेंद्र सिंह सचान, प्रशांत सिंह चंदेल, आशुतोष सिंह गौर, रमाकांत पांडेय, वीरेंद्र बहादुर सिंह व शादाब हसन गेट नं जिला जजी के सामने धरना देंगे। वहीं महामंत्री देवी प्रसाद शुक्ला के बस्ते पास सुबह 11 से 3 बजे तक धरने में बैठेंगे।

## 49 शिकायतों में मौके पर तीन शिकायतों का निस्तारण

**राठ।** मंगलवार को जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी राहुल पांडेय, पुलिस अधीक्षक डॉ दीक्षा शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समाधान दिवस में 49 शिकायतों में तीन शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में कोतवाली के चिल्ली गांव निवासी सुनीता पत्नी महेंद्र ने ससुरालीजनों द्वारा मारपीट कर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। वहीं जिगनी गांव निवासी अरविंद सिंह नहर की सफाई न होने व नहर पुलिया टूटने, गल्हिया गांव निवासी रेखा देवी ने कोटेदार के विरुद्ध, बारा खंभा लुधियातपुरा मोहल्ला निवासी जीतेंद्र ने मछली विक्रेताओं को जगह दिलाए जाने, नवनिर्मित जीआरवी इंटर कालेज राजकीय स्टेडियम, कस्बे में जाम स्थित को लेकर शिकायत की है।

# हादसे में घायल महिला की इलाज के दौरान हुई मौत, अनाथ हुए बच्चे

**सरीला,हमीरपुर। समृद्धि न्यूज**

18 दिन पूर्व बाइक से गिरी महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। पिता की मौत के बाद चार बच्चों के सिर से मां साया उठ गया। सोमवार की देर रात शव घर पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया।

कुदरत का कहर कहें या बच्चों की बदकिस्मती। थाना जरिया के सरीला कस्बा निवासी अरविंद सैनी ने बताया कि भाभी शीलारानी (50) पत्नी स्व. रामप्रकाश सैनी पिछले दो फरवरी को अपने छोटे बेटे मोहित के साथ बाइक से नौरंगा गांव तेरहवीं कार्यक्रम में जा रही थी। तभी राठ उरई मार्ग पर राठ कस्बे के नजदीक शीलारानी चलती बाइक से फिसलकर गिर गई थी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी। मौके पर मौजूद लोगों ने आनन फानन में सीएचसी ले गए थे। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने झांसी रेफर कर दिया था। झांसी के प्राइवेट अस्पताल में इलाज कराया, इसके बाद ग्वालियर में इलाज चल रहा था। रविवार देर शाम को भाभी शीलारानी की मौत हो गई। सोमवार शाम को ग्वालियर में ही पोस्टमार्टम करवाकर कर देर रात शव घर पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। बताया रामप्रकाश की 2001 में बीमारी से मौत हो गई थी। मृतका अपने बेटों सत्येंद्र, जीतू, मोहित व कौशलेंद्र के साथ रहकर मेहनत मजदूरी व साढ़े चार बीघा खेती कर परिवार का पालन पोषण करती थी।

# ओले गिरने से फसलें हुईं बर्बाद,किसानों को हुआ नुकसान

**हमीरपुर,समृद्धि न्यूज।**

मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में दोपहर बाद अचानक आसमान में छाए बादल गड़गड़ाने लगे तथा तेज हवा के साथ भीषण बरसात हुई। तथा ओला वृष्टि से फसलों को व्यापक नुकसान हुआ है। पकने की कगार पर खड़ी फसल जमीदोज हो गई है। किसान चिंतित दिखाई दे रहा है। तेज बरसात से फसल जमीदोज हो गई है।

क्षेत्र के पारा, कंडौर, जखेला, जल्ला, चकोठी, रिठारी, भईसापाली आदि गांवों में बारिश के साथ ओला वृष्टि हुई। जिससे फसलों का नुकसान हुआ है। पकने के कगार पर खड़ी फसल तेज हवा चलने से व ओला वृष्टि से जमीदोज हो गई है। बरसात से गिरी फसल की फलिया खराब



होने के आसार नजर आ रहे हैं। पारा गांव निवासी ग्रामीण कृष्ण कुमार मिश्रा, दीपू,सुरेंद्र सिंह राजावत,मोहन भदौरिया, खड़ग सिंह आदि किसानो ने बताया कि तेज हवा के साथ लगभग दस मिनट ओला वृष्टि हुई है। तथा आंधी के चलते पेड़ टूट गए हैं। दलहनी , तिलहनी फसल व गेंहू की फसल जमीदोज हो गई है। आंधी पानी से फसल बर्बाद हो गई है। क्षेत्र के कई गांवों में तेज आंधी के साथ बरसात व ओला वृष्टि हुई है। ऐसे में किसानो का भारी नुकसान हुआ है। फसल तबाह हो गई है। किसान उदय सिंह यादव ने बताया कि गेंहू की फसल तेज हवा के चलते खेत में गिर गई है। इस से उत्पादन पर प्रभाव पड़ेगा। इस समय दलहनी फसलों में मटर की फसल पककर तैयार हो गई है। कही कटाई भी शुरू हो गई है। फसल खराब होने से किसान चितित नजर आ रहा है।

**कार्यक्रम** | **महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने हेतु सौंदर्य प्रसाधन का निशुल्क कराया जाता है कोर्स**

# शिक्षा की मज़बूत नींव देश के विकास का आधारस्तंभः डॉ. मोतीलाल गुप्ता

**पनवाड़ी,महोबा। समृद्धि न्यूज**

निःशुल्क स्कूल शिरडी साई बाबा इंटर कालेज निस्वारा क्षेत्र में एक अलग पहचान बनाये हुए हैं और यहाँ पर जो अभिभावक फीस भरने में सक्षम नही है उनके लिए यह वरदान साबित हो रहा हर झुग्गी झोपड़ी के निकले हुए छात्र छात्राओं के सपने को पूर्ण कर रहे गौरतलब हो कि निजी संस्थान जहाँ एक ओर अभिभावको के जेब से रुपए निकाल कर लूट मचाये हुए हैं उससे अच्छी गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा ड्रेस किताबे कॉपी स्टेशनरी आदि सब यहाँ पर निशुल्क प्रदान किया जा रहा है यहाँ पर टेस्ट के आधार पर दाखिला लिया जाता है और स्टूडेंट्स के लेवल के आधार पर क्लास का निर्धारण किया जाता है साथ ही साथ हर महापुरुषों के जीवन पर आधारित वाद विवाद भाषण लेखन कला कौशल आदि की प्रतियोगिताएं समय-समय पर की जाती है ताकि स्टूडेंट्स में निखार आ सके खास बात यह है कि शिक्षा के साथ यह पर महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने हेतु शिलाई एवम सौंदर्य प्रसाधन का कोर्स भी निशुल्क कराया जाता है तथा झुग्गी झोपड़ी के लोगो को तन ढकने के लिए वस्त्र वितरण भी निशुल्क किये जाते हैं स्कूल संस्थापक डॉ मोतीलाल गुप्ता का संकल्प है कि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है जो देश की प्रगति रफ्तार को और तेज कर सकता है उनका प्रयास है



कि कोई स्टूडेंट्स शिक्षा से वंचित न रह पाए उनके लिए उन्हें कोई भी प्रयत्न करना पड़े वो नब्बे वर्ष की उम्र में भी तैयार है उन्ही के अथक परिश्रम से यहाँ पर दुग्ध उत्पादन बढ़ाने हेतु साईंधाम गौशाला में थार पारकर नस्ल के सांड भेजे हैं जिससे गाय क्रॉस करके उनमें दुग्ध उत्पादन बढ़ेगा एवम किसान पुष्ट होगा साईंधाम में एक अनार का बागीचा भी फलफूल रहा है एवं प्राकतिक सौंदर्य देखने लायक है और शिक्षा व्यवस्था की अभिवावोको रज्जू रैकवार लवली टेलर्स रानू महाराज रामप्रकाश मिश्रा, दीपक व्यास आदि लोगो ने कहा कि वास्तव में यह संस्था छात्र छात्राओं के बहुमुखी प्रतिभा निखारने में वरदान साबित हो रही है और पूर्व सांसद के प्रयास को भी सराहा जा रहा है कि उनके प्रयास से यह संस्था दिल्ली निवासी डॉ मोती लाल गुप्ता ने निशुल्क संचलित की है स्कूल इंचार्ज उपेन्द्र द्विवेदी ने जानकारी देते हुए कहा कि यह छात्र छात्राओं में शिक्षा के साथ तहजीब भी पैदा की जा रही है मानसिक उनन्ति के साथ साइमन्दिर मे आध्यात्मिक शांति का अनुभव भी होता है यह साई मंदिर में आये दिन भंडारे चलते रहते हैं एवम श्रद्धालुओ का आना जाना लगा रहता है उन्होंने कहा कि यह उच्च गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए संकल्पित संस्था है।

# तेज आंधी, बारिश और ओलो की ताबड़तोड़ बरसात से सहम गए लोग

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज

- 15 से 20 मिनट तक आसमान में दिखा प्रकृति का अद्भुत नजारा
- हवाओं का तेज रुख अचानक बारिश के साथ ओलों की बौछारें और धूप दर्शन एक साथ

**प्रकृति के** रंग भी कितने अजीब होते हैं यह कब और किस रूप में सामने आए कुछ कहा नहीं जा सकता परंपरागत ढंग से यदि कुछ होता है तो उसे लोग सहजता के साथ स्वीकार कर लेते हैं किंतु परंपरा से हटकर यदि प्रकृति अपना रूप दिखलाती है तो लोगों में कोतुहलता का होना स्वाभाविक ही है मंगलवार की दोपहर देर आसमान में पश्चिम की ओर जाते सूर्य देव अपनी रश्मियां पूर्णता बिखरे हुए थे कि अचानक उत्तर पूर्व की दिशा से चली तेज हवा के साथ यकायक उमड़ी बदली ने उसे वक्त तेज बारिश और ओलो की ताबड़तोड़ बरसात कर दी जब पश्चिम की दिशा में निकले सूर्य देव अपने धूप के तेवर दिखला रहे थे कुल मिलाकर प्रकृति का यह अजीबोगरीब मंजर देखकर लोग हैरान रह गए हालांकि यह स्थिति यहां नगर क्षेत्र में तो 15 से 20 मिनट के दरमियान रही लेकिन इसने लोगों की कौतुहलता बढ़ा दी। बीते कुछ दिनों से मौसम की तब्दीली का असर स्पष्ट तौर पर दिखलाई देने लगा था सुबह से निकले सूर्य देव दोपहर तक अपनी पूरी शिद्दत के साथ इस बात की गवाही देने लगे थे कि अब सर्दी को रुखसत करने का मौका आ गया है और जल्दी ही गर्मी दस्तक देने जा रही है फिलहाल तापमान को लेकर तो अब भी यही स्थितियां बनी हुई है लेकिन मंगलवार की दोपहर को यकायक तेज धूप के बीच विपरीत दिशा से आई तेज हवा और बादलों की आमद ने तेज बारिश के बीच ओलो की धमा चौकड़ी मचा दी लगभग 4 बजे जैसे ही घर के बाहर



आसमान से गिरे ओले दिखाता किसान

तेज बारिश और ओलो के गिरने की ताबड़तोड़ आवाज आई वैसे ही लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए लोग इस बात से हैरान थे कि एक और सूर्य देव पश्चिम की दिशा में अपनी तेज धूप के साथ मुस्कुराते नजर आ रहे हैं तो वही उत्तर पूरब की दिशा से आई हुई बदली ने तेज बारिश और ओलो की बौछार करके इस बात को साबित कर दिया कि हम भी कुछ कम नहीं है अच्छी बात यह रही की तेज बारिश और ओलों की यह स्थिति 15 से 20 मिनट के दौरान ही बंद हो गई और लोगों ने राहत की सांस ली नगर क्षेत्र में तो ओला पानी बारिश से फिलहाल नुकसान की आशंका नहीं जताई जा रही है लेकिन यदि ग्रामीण अंचलों में इस बारिश और ओलावृष्टि में इजाफा हुआ होगा तो निश्चित ही इसका किसानों की फसलों पर प्रतिकूल प्रभाव पढ़ने की आशंका से बचा नहीं जा सकता है यह भी बताते चलें कि मौसम का यह रंग जो मंगलवार की दोपहर के बाद लोगों ने देखा वह बेहद ही अचंभित कर देने वाला था आसमान में निकली तेज धूप, तेज हवा, तेज बारिश और तेज आवाज के साथ गिरते ओलो को देखकर हर कोई अचरज किए बिना ना रह सका।

## ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों की सूची बनाने के निर्देश

**उरई।** मंगलवार की दोपहर नगर सहित जनपद के कई क्षेत्रों में हुई ओलावृष्टि और तेज बारिश के चलते जिला प्रशासन ने पीड़ित प्रभावित किसानों की सूची बनाए जाने के दिशा निर्देश दिए हैं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार ने इस दिशा में समस्त उप जिलाधिकारी को दिशा निर्देश देते हुए स्पष्ट किया है कि बारिश और ओलावृष्टि से जहां-जहां भी किसानों की फसलों के नुकसान होने की संभावनाएं बनी हुई है उन क्षेत्रों में संबंधित प्रभावित किसानों की सूची तैयार कराई जाए और उसे शीघ्र ही मुख्यालय भेजी जाए ताकि प्रभावित किसानों को उनके होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए चिन्हित किया जा सके।

# श्रेया वर्मा बनाई गईं गोण्डा लोकसभा की सपा प्रत्याशी

उतरौला/बलरामपुर। समृद्धि न्यूज

**आगामी** गोण्डा लोक सभा से श्रेया वर्मा को समाजवादी पार्टी द्वारा प्रत्याशी बनाएं जाने को लेकर सपाइयों में खुशी की लहर। विदित हो कि पूर्व केन्द्रीय मंत्री/पूर्व सांसद स्वर्गीय बेनी प्रसाद वर्मा के पुत्र पूर्व कारागार मंत्री राकेश कुमार वर्मा की पुत्री श्रेया वर्मा को समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के द्वारा आगामी लोक सभा चुनाव के मद्देनजर गोण्डा लोक सभा क्षेत्र का प्रत्याशी घोषित किया गया। प्रत्याशी बनाएं जाने की खबर सुनते ही क्षेत्रीय कार्यकताओं व नेताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। वहीं पर श्रेया वर्मा को प्रत्याशी बनाए जाने से पूर्व विगत एक सप्ताह से गोण्डा लोक सभा क्षेत्र में रोड शो करती हूई दिखी। गोंडा, उतरौला, गौरा, सादुल्लाह नगर, मसकनवा, धानेपुर लोक सभा के विभिन्न क्षेत्रों में रोड शो के दौरान कार्यकताओं ने उनका भव्य स्वागत किया आज पार्टी हाई कमान द्वारा प्रत्याशी बनाएं जाने की खबर



सुनते ही पूर्व विधायक आरिफ अनवर हाशमी, प्रदेश सचिव अंसार अहमद खां, विधानसभा प्रभारी एजाज मलिक, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा बहलोल नियाजी ,राम दयाल यादव, शत्रोहन प्रसाद वर्मा, डा एहसान खान, उतरौला विकास समिति महासचिव मोहम्मद इजहार खां पप्पू, नूरूउल्लाह खां, राम प्रीति वर्मा, अलख राम वर्मा मोहम्मद अबरार खां, अरुण कुमार वर्मा, महेश यादव, अवकात अनस प्रधान, छब्बू शाह, मोहम्मद हनीफ खां, मोहम्मद अख्लाक खां, कृष्ण कुमार यादव,नगर अध्यक्ष मोहम्मद शकील इदरीसी, खां, अल्पसंख्यक सभा नगर अध्यक्ष मोहम्मद शमीम उर्फ लम्बू खां, मनोज यादव, सहित तमाम कार्यकताओं ने खुशी व्यक्त की।

## डीएम की अध्यक्षता में तहसील बलरामपुर सदर में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न

**बलरामपुर।** शासन के मंशानुरूप आमजनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु तहसील बलरामपुर सदर में संपूर्ण समाधान दिवस डीएम श्री अरविंद सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने जनमानस की शिकायतों एवं समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना एवं कुछ शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया। अन्य शिकायतों का संबंधित विभागों के अधिकारियों द्वारा मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए तीन दिन के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की लॉ एंड ऑर्डर की दृष्टि से संवेदनशील सभी विवादों को गंभीरता से लिया जाए एवं अति सक्रियता के साथ निस्तारण किया जाए। जिन विभागों से जुड़ी शिकायते ज्यादा आ रही है संबंधित अधिकारी इसका आकलन करते हुए कार्यप्रणाली में सुधार करें एवं फील्ड में जाकर प्रमुखता से जनसमस्याओं को हल करें। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री केशव कुमार, एसडीएम बलरामपुर सदर राजेंद्र बहादुर, पीडी डीआरडीए सीपी श्रीवास्तव,डीडीओ गिरीश चंद्र पाठक,सीएमओ,सीओ सिटी व अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# बजाज हिंदुस्थान शुगर मिल एवं एवरएन वयरो प्राइवेट लिमिटेड से मिलाया हाथ

श्रीदत्तगंज,बलरामपुर। समृद्धि न्यूज

**बजाज हिन्दुस्थान** शुगर लिमिटेड इंटई मैदा (बजाज शुगर) और एवरएनवायरो प्राइवेट लिमिटेड ने उत्तर प्रदेश में सीबीजी (संपीड़ित बायोगैस) संयंत्र स्थापित करने के लिए हाथ मिलाया है। बजाज हिंदुस्तान शुगर अपनी 14 शुगर मिलों से वर्तमान में प्रतिवर्ष लगभग 5 लाख मीट्रिक टन उत्पादन करती है। जो संभावित रूप से 70 मीट्रिक टन प्रतिदिन प्रतिदिन की कुल क्षमता वाले सीबीजी संयंत्र स्थापित करने में मदद कर सकता है। बजाज शुगर पेराई क्षमता के मामले में एशिया की सबसे बड़ी मालिक है और विश्व स्तर पर सबसे बड़ी पेराई क्षमता में से एक है। बजाज समूह के अध्यक्ष, कुशाग्र बजाज के कार्यालय ने कहा, ÷बजाज समूह अब 90 वर्षों से अधिक समय से व्यवसाय में है और उनका ध्यान हमेशा राष्ट्र निर्माण पर रहा है। भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम करने के देश के उद्देश्य के अनुरूप सीबीजी संयंत्रों की स्थापना और नवीकरणीय गैस के रूप में सीबीजी के उत्पादन को बढ़ावा और प्रोत्साहित कर रही है। सीबीजी विभिन्न अपशिष्ट धाराओं से प्राप्त एक पर्यावरण-अनुकूल ईंधन है। चीनी मिलों से निकलने वाली प्रेस-मड एक ऐसा मुख्य उप-उत्पाद है जिसका उपयोग बजाज शुगर हरित ऊर्जा का उत्पादन करने के लिए करना चाहता है।



## तहसील समाधान दिवस पर 44 शिकायती प्रार्थना पत्र आए तीन मामलों का निस्तारण

**दुद्धी सोनभद्र।** तहसील समाधान दिवस पर विभिन्न जन समस्याओं से युक्त 44 जैन शिकायती प्रार्थना पत्र आए। जिसमें मौके पर तीन मामलों का निस्तारण किया गया। तहसील समाधान दिवस की अध्यक्षता अपर जिला अधिकारी सहदेव मिश्रा ने किया। उन्होंने अवशेष जनसंख्या की प्रार्थना पत्र को एक सप्ताह के भीतर गुणवत्ता परक निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को विधायक देते हुए कहा कि जन समस्याओं का निस्तारण अगर तुरंत समय पर नहीं किया गुणवत्ता पर तो ऐसे अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाएंगे। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक त्रिभुवन पुलिस क्षेत्राधिकार दूधी पिपरी तहसीलदार खंड विकास अधिकारी के अलावा काफी संख्या में संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर सुनी समस्या

सोनभद्र। समृद्धि न्यूज



**भाजपा** घोरावल मंडल की बैठक संपन्न, लाभार्थी संपर्क अभियान पर दिया गया जोर। मंगलवार को भाजपा मंडल घोरावल की बैठक धर्मशाला परिसर में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष अजीत चौबे ने कार्यकर्ताओं को भाजपा सरकार के कार्यकाल में आम आदमियों को मिले सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभ की चर्चा की ।उन्होंने कार्यकर्ताओं को घर-घर जनसंपर्क कर सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने तथा उनकी समस्याओं के संबंध में चर्चा करने की अपील की। उक्त अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष पटेल तथा संचालन मंडल महामंत्री बाबूलाल शर्मा ने किया। प्रमुख रूप से विशिष्ट अतिथि कृष्ण मुरारी लाल गुप्ता, भाजपा जिला मंत्री कैलाश सिंह ,महिला मंडल जिला उपाध्यक्ष सीमा गुप्ता, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश कुमार ,भाजपा जिला महामंत्री अमरनाथ पटेल ,अरुण पांडे, रमेश कुमार, धीरज कुमार ,कन्हैया सेठ ,अशोक अग्रहरि, अनुराग अग्रहरी ,इनामुल हक उपस्थित रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत कौनियाँ विकास खंड पनवाड़ी (महोबा)

अल्पकालिक निविदा सूचना

मनरेगा योजना 2023-24 के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य कराने जाने हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतु विभागों की पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 21.02.2024 से 27.02.2024 तक सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जायेगी व उसी दिन अपरान्ह 3 बजे उपस्थित निविदादाताओं प्रतिनिधियों व समिति के समक्ष सीलबंद निविदायें खोली जायेंगी। निविदा शुल्क -100 रु.

| क्र. सं. | योजना | ग्राम पंचायत | कार्य का विवरण | कार्य की लागत | धरोहर राशि | सामग्री आपूर्ति | लम्बाई | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मनरेगा | कौनियां | कम्यूनिटि टॉयलेट निर्माण कार्य T.H.R. बिल्डिंग | 291018 | 2% | ईंटा, बालू, गिट्टी, सीमेन्ट, सरिया, पाइप टाइल्स आदि | | 1 वर्ष |

शर्तेः- 1. ठेकेदारों, आपूर्तिकर्ताओं बिक्रीकर विभागों के साथ-साथ किसी राजकीय विभागों में पंजीकृत होना चाहिये। 2. निविदा प्रपत्र के साथ 100 रुपये के स्टाम्प पेपर रसीदी टिकट हस्ताक्षर संलग्न करना होगा। 3. निविदादाता धरोहर राशि के एवज में एनएससी/एफडीआर संलग्न करना होगा। 4. निविदा स्वीकृत अस्वीकृत एवं निरस्त करने का सम्पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहत होगा शासकीय टैक्स निमयामनुसार काटा जायेगा।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत कौनियां
विकास खण्ड पनवाड़ी (महोबा)

सचिव
ग्राम पंचायत कौनियां
विकास खण्ड पनवाड़ी (महोबा)


## श्रीदत्तगंज ब्लॉक में रोजगार मेले का आयोजन



श्रीदत्तगंज, बलरामपुर। समृद्धि न्यूज

**श्रीदत्तगंज ब्लॉक** परिसर में पण्डित दीन दयाल उपाध्याय कौशल विकास योजना के तहत रोजगार मेले का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता संयुक्त मिशन निदेशक देवीपाटन मण्डल के राजेश राम ने की । ब्लॉक परिसर में मेले में स्टाल लगाकर रोजगार अभ्यर्थियों ने सम्बंधित काउंटर पर जाकर फॉम भरे एवं अपना अपना रजिस्ट्रेशन कराए मेले में 170 आभ्यर्थियों का रजिस्ट्रेशन हुआ तथा 143 का चयन हुआ एवं रोजगार के लिए मेले में आए। अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण लेटर भी वितरित किया गया।अभ्यर्थियों ने गोरखपुर प्रशिक्षण केंद्र बनाए जाने से काफी परेशान दिखे अभ्यर्थी मधु मिश्रा ने बताया कि 12 हजार रुपये में किचन का खर्चा भी नही चलेगा इतने कम पैसे में कोई काम चलने वाला नही है। शालिनी ने बताया कि हमारा प्रशिक्षण केंद्र दिल्ली बताया गया उतना दूर प्रशिक्षण करना सम्भव नही है। शादाब हुसैन हजार।इस अवसर पर खण्ड विकास अधिकारी संजय कुमार ए डी ओ कॉपरेटिव आनंद बाबू, मिशन के जिला प्रबन्धक सत्यम शुक्ला मौजूद रहे।

# प्राधिकरण सचिव ने जिला जेल का किया निरीक्षण

- आयोजित किया गया जागरूकता शिविर

अयोध्या। समृद्धि न्यूज




**उत्तर प्रदेश** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देशन तथा जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष गौरव कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला कारागार का निरीक्षण कर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।यह कार्यक्रम अपर जिला जज व प्राधिकरण सचिव शैलेंद्र सिंह यादव द्वारा किया गया।निरीक्षण के दौरान सचिव श्री यादव द्वारा जेल में निरूद्ध बन्दियों के सम्बन्ध में विभिन्न बिन्दुओं पर जानकारी प्राप्त की गयी।इनमें कुल 1001 बन्दी,48 महिला बन्दी तथा आठ बच्चे भी महिला बन्दियों के साथ संवासित मिले।साफ सफाई अच्छी पायी गयी तथा बन्दियों हेतु सायंकाल हेतु भोजन तैयार किया जा रहा था।बन्दियों ने बताया कि सुबह के नाश्ते में दलिया,गुड़,चाय तथा भोजन में रोटी,अरहर दाल,आलू मूली सोयाबड़ी दिया गया था। सचिव श्री यादव ने जिला कारागार अधीक्षक को निर्देशित किया कि बन्दियों के बौद्धिक विकास हेतु उनको मोटिवेट किया जाय जिससे सभी बन्दी मानसिक तौर पर विकसित होकर देश विकास के मुख्य धारा में अपना योगदान प्रदान करें।साथ ही यह भी निर्देशित किया कि ऐसे बन्दी जिनकी न्यायालय द्वारा जमानत हो चुकी है किन्तु जिला कारागार से रिहा नही हो पाये है,उनकी रिहाई के लिए अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रार्थना पत्र प्रेषित करें जिससे लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल तथा थाने के माध्यम से आर्थिक, सामाजिक एवं सम्पत्तियों की जांच कर उनकी जेल से रिहाई के लिए आवश्यक कार्यवाही किया जा सके।निरीक्षण के बाद आयोजित जागरूकता शिविर के दौरान किशोर बन्दियों को विधिक जानकारी प्रदान की गयी।उन्हें उनके अधिकारों के बारे अवगत कराया गया तथा इसकी विशेष जानकारी ली गयी कि उसके पास अधिवक्ता की सुविधा है या नही?यदि किसी बन्दी के पास अधिवक्ता की सुविधा उपलब्ध नहीं है तो उसे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा एलएडीसीएस के माध्यम से(लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल सिस्टम)द्वारा मुकदमे की पैरवी हेतु निःशुल्क अधिवक्ता की सुविधा प्रदान की जाती है।जेल में लीगल एड क्लीनिक की स्थापना की गयी है,जिस किसी बन्दी को कोई समस्या हो तो,वह जेल में स्थापित लीगल एड क्लीनिक के माध्यम से कानूनी सहायता प्राप्त कर सकता है। निरीक्षण के समय वरिष्ठ जेल अधीक्षक उदय प्रताप मिश्र, कारापाल गिरीश कुमार, उप कारापाल श्रीमती अंजू शर्मा व सुश्री सुमरा अंसारी, श्रीमती माया सिंह, कलीमुद्दीन, फार्मासिस्ट अनुराग मिश्रा व विष्णु पाल सिंह,मुख्य दिन हेड, महिला हाता प्रभारी एवं पुरूष हेड वार्डर, महिला हाता प्रभारी महिला बंदी रक्षक तथा पुरुष एवं महिला बन्दी आदि उपस्थित रहे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बिरसिंहपुर वि0ख0 राजेपुर, फर्रुखाबाद

पत्रांकःमीमो/ग्र0पं0/15वां राज्य वित्त/15वां वित्त/पंचायती राज विभाग योजनान्तर्गत/वित्तीय वर्ष 2023-24 दिनांक 20/02/2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

15वां राज्य वित्त/15वां वित्त/पंचायती राज विभाग योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में वर्ष 2023-24 अन्तर्गत ग्राम पंचायत बिरसिंहपुर की स्वीकृति कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 21/02/2024 से दिनांक 27/02/2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा विक्रय की जायेगी एवं दिनांक 27/02/2024 शाम 04 बजे निर्माण समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्रं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत | जमानत धनराशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण होने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | शिव कुमार के घर से प्राथमिक विद्यालय बिरसिंहपुर में मिट्टी व नाली व इंटरलाकिंग कार्य | ईंट, सीमेंट, मौरम मिट्टी, बालू आदि | 6,31 लाख | 2 प्रतिशत | 500 | 10 दिन |

नियम व शर्तेः- निविदादाता का आयकर व जी.एस.टी. में पंजीकृत होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि एफ.डी.आर. व एन.एस.सी. व चेक द्वारा ली जायेगी।

प्रधान-(श्यामू) ग्रा0पं0 बिरसिंहपुर, राजेपुर सचिव-(शिव सिंह प्रजापति)

## कार्यालय ग्राम पंचायत खण्डौली वि0ख0 राजेपुर, फर्रुखाबाद

पत्रांकःमीमो/ग्र0पं0/महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजनान्तर्गत टेण्डर प्रकाशन/वित्तीय वर्ष 2023-24 दिनांक 20/02/2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में वर्ष 2023-24 अन्तर्गत ग्राम पंचायत खण्डौली की स्वीकृति कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 21/02/2024 से दिनांक 27/02/2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा विक्रय की जायेगी एवं दिनांक 27/02/2024 शाम 04 बजे निर्माण समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्रं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत | जमानत धनराशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण होने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | सत्यवीर के घर से धर्मेन्द्र के घर तक मिट्टी व इंटरलाकिंग निर्माण कार्य | ईंट, मिट्टी आदि | 3,04,183 लाख | 2 प्रतिशत | 500 | 7 दिन |

नियम व शर्तेः- निविदादाता का आयकर व जी.एस.टी. में पंजीकृत होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि एफ.डी.आर. व एन.एस.सी. व चेक द्वारा ली जायेगी।

प्रधान- (हरेन्द्र सिंह सोमवंशी) ग्रा0पं0 खण्डौली, राजेपुर सचिव- (राजीव सुमन)

## कार्यालय ग्रा0पं0 नगरिया जवाहर वि0ख0 राजेपुर, फर्रुखाबाद

पत्रांकः03/ग्र0पं0/राज्य वित्त/15वां वित्त/महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजनान्तर्गत /वित्तीय वर्ष 2023-24 दिनांक 20/02/2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्य वित्त/15वां वित्त/महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में वर्ष 2023-24 अन्तर्गत ग्राम पंचायत नगरिया जवाहर की स्वीकृति कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 21/02/2024 से दिनांक 27/02/2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा विक्रय की जायेगी एवं दिनांक 27/02/2024 शाम 04 बजे निर्माण समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्रं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत | जमानत धनराशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण होने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | मैन रोड से अशोक के घर तक इंटरलाकिंग कार्य | प्राकलन के अनुसार | 3.98 लाख | 3.98 | 100 | 10 दिन |
| 2- | मंदिर से अजीत के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | प्राकलन के अनुसार | 3.96 लाख | 3.96 | 100 | 10 दिन |

नियम व शर्तेः- निविदादाता का आयकर व जी.एस.टी. में पंजीकृत होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि एफ.डी.आर. व एन.एस.सी. व चेक द्वारा ली जायेगी।

प्रधान- (अलका सिंह) ग्रा0पं0 नगरिया जवाहर, राजेपुर सचिव- (अशोक कुमार)


# सम्पूर्ण समाधान दिवस में आईं 43 शिकायतों में तीन का निस्तारण

माधौगढ़ (जालौन)। समृद्धि न्यूज



**तहसील के** सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी डा राजेश पांडेय की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डॉ ईरज राजा की मौजूदगी में किया गया।

शिकायतकर्ता जगवीर सिंह अटरेहटी ने अपने खेत पर विपक्षी का अवैध कब्जा को लेकर की, राजेश कुमार रूरा ने नाली विस्मार करने की शिकायत दर्ज कराई। जगत सिंह पारेन ने विपक्षी पर आरोप लगाया कि वह हमारे सामने दीवार का निर्माण कार्य कर रहा है। काली प्रसाद राठौर एडवोकेट तहसील माधौगढ़ ने न्यायालय के पुकार हेतु कर्मचारी नियुक्त करने की मांग रखी। रघुवीर मानपुरा ने प्रधानमंत्री आवास दिलाने की गुहार लगाई है।

जगदीश नारायण जगम्मनपुर ने विपक्षी पर आरोप जड़ा है कि वह कुंआ और पहाड़िया की जगह पर अवैध रूप से कब्जा किए हैं। सुभाष चन्द्र टीहर ने तालाब से अवैध रूप से कब्जा हटवाने का मामला दर्ज कराया। रामप्रकाश जमालपुर ने चकमार्ग खुलवाए जाने का मुद्दा उठाया। विकलांग रामजीलाल एवासियनपुरा ने प्रधानमंत्री आवास की मांग की। संतोष कुमार छौना ने खतौनी गलत फीड होने का मुद्दा उठाया। कृषण बिहारी रामपुरा ने फर्जी बैनामा करने का आरोप विपक्षियों पर लगाया।

फैजान सिहारी ने थाना से फोन दिलवाने की गुहार लगाई। धर्मेन्द्र मल्हानपुरा ने आरोप लगाया कि उसने 2005 में बैनामा कराया था। जिसको अभी तक खतौनी पर नामांतरण नहीं किया गया। पूनम गोहन ने प्लाट पर अवैध रूप से कब्जा हटवाने की बात कही। जिलाधिकारी ने सभी अधीनस्थों के पेंच कसते हुए कड़े शब्दों में निर्देशित किया है कि समस्याओं का समाधान समयानुसार गुणवत्तापूर्ण एवं फरियादियों की मौजूदगी में किया जाए। जिससे कि समस्या की पुनरावृत्ति न हो सके। इस मौके पर डीडी, पीडी, डीपीआरओ, बीएसए, उप जिलाधिकारी विशेश्वर सिंह, नायब तहसीलदार भुवनेन्द्र सिंह, नायब तहसीलदार वैभव गुप्ता, रमेश चंद्र शर्मा खंड विकास अधिकारी, गणेश वर्मा खंड विकास अधिकारी, मुक्तेश कुमार गुप्ता खंड शिक्षा अधिकारी, कमल सिंह कुशवाहा पूर्ति निरीक्षक, एसडीओ विद्युत, महावीर शरण गुप्ता सहायक विकास अधिकारी पंचायत, रजनेश कुमार चौहान प्रभारी निरीक्षक, मंसूर खान, सदर लेखपाल मनीष आर्या, संदीप सिंह राजावत अध्यक्ष, उदय प्रकाश तिवारी कोषाध्यक्ष सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# प्रत्येक गौ आश्रय स्थलों में शेड के अंदर खड़ंजा में स्लोप हो: जिलाधिकारी

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज

**जिलाधिकारी** राजेश कुमार पाण्डेय ने कल देर शाम गौ आश्रय स्थलों का बेहतर संचालन व निराश्रित गौवंशों के भरण पोषण एवं उनको सरंक्षित करने तथा समस्त व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से संचालित हेतु समस्त खण्ड विकास अधिकारी, अधिशाषी अधिकारी व पशु चिकित्सा अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्र में सघन अभियान चलाएं एवं अभियान के दौरान निराश्रित गोवंश विचरण करते हुए पाया जाता है तो उसे संबंधित गौ आश्रय स्थलध्कांजी हाउस में संरक्षित करेंगे। उन्होंने कहा कि अभियान के बाद एक भी निराश्रित गौवंश वितरण करते पाया गया तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि निजी पशुपालकों के गौवंश विचरण व सड़क पर निराश्रित पाए जाने की दशा में उन्हें कांजी हाउस में संरक्षित करने तथा जुर्माने के तौर पर प्रतिदिन 500 रुपये की दर से जुर्माना आरोपित करने के निर्देश दिए। सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गौवंश संरक्षण के प्रति शासन द्वारा प्रदत्त निर्देश व शासनादेश के क्रम में जिम्मेदारी पूर्ण व्यवहार शैली अपनाते हुए व्यक्तिगत रुचि के साथ गौशाला में गौवंशो के खाने की उत्तम व्यवस्था के साथ भूसा, हरा चारा, चोकर, शुद्ध पेयजल व साफ सफाई आदि की व्यवस्था नियमित रूप से सुनिश्चित की जाए इसमें किसी भी प्रकार की उदासीनता व लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।


## कार्यालय ग्राम पंचायत हुसैनपुर राजपुर वि0ख0 राजेपुर, फर्रुखाबाद

पत्रांकःमीमो/ग्र0पं0/मनरेगा योजनान्तर्गत टेण्डर प्रकाशन/वित्तीय वर्ष 2023-24 दिनांक 20/02/2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में वर्ष 2023-24 अन्तर्गत ग्राम पंचायत हुसैनपुर राजपुर की स्वीकृति कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 21/02/2024 से दिनांक 27/02/2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा विक्रय की जायेगी एवं दिनांक 27/02/2024 शाम 04 बजे निर्माण समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्रं. | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | अनुमानित लागत | जमानत धनराशि | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1- | भूरे कुशवाहा के मकान से रामदास के घर होते रामेश्वर के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 261633 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | मोनू के घर से राजकुमार के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 391709 | 2 प्रतिशत | 500 |

नियम व शर्तेः- निविदादाता का आयकर व जी.एस.टी. में पंजीकृत होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि एफ.डी.आर. व एन.एस.सी. व चेक द्वारा ली जायेगी।

प्रधान- (मुलायम सिंह कुशवाहा) ग्रा0पं0 हुसैनपुर राजपुर, राजेपुर सचिव- (नौशाद अहमद)

## कार्यालय ग्रा0पं0 उजरामऊ नया गांव वि0ख0 राजेपुर, फर्रु0

पत्रांकः02/ग्र0पं0/मनरेगा/राज्य वित्त/केंद्रीय वितत योजनान्तर्गत टेण्डर प्रकाशन/वित्तीय वर्ष 2023-24 दिनांक 20/02/2024

अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा/राज्य वित्त/केंद्रीय वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत में वर्ष 2023-24 अन्तर्गत ग्राम पंचायत उजरामऊ नया गांव की स्वीकृति कार्य योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 21/02/2024 से दिनांक 28/02/2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में निविदा विक्रय की जायेगी एवं दिनांक 28/02/2024 शाम 04 बजे निर्माण समिति के समक्ष खोली जायेगी।

| क्रं. | कार्य का नाम | योजना का नाम | सामग्री विवरण | अनुमानित लागत | जमानत धनराशि | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | इन्टीग्रेटिड सोलिड एण्ड वेस्ट मेनेजमेंट सेंटर | एस.एल.डब्लू.एम. स्वच्छ भारत मिशन | प्राकलन के अनुसार | 4.98 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | रामनिवास के घर से शिवम जाटव के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | पंचम वित्त/केंद्रीय वित्त | प्राकलन के अनुसार | 2.60 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | वीरपाल जाटव के घर से दिनेश जाटव के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | // // // | प्राकलन के अनुसार | 1.99 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 4- | वीरपाल के घर से मदनपाल के घर तक साइड वाल व इंटरलाकिंग कार्य | // // // | प्राकलन के अनुसार | 3.90 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 5- | पंचायत भवन उजरामऊ के फर्श में टाइलीकरण कार्य | // // // | प्राकलन के अनुसार | 1.88 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

नियम व शर्तेः- निविदादाता का आयकर व जी.एस.टी. में पंजीकृत होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि एफ.डी.आर. व एन.एस.सी. व चेक द्वारा ली जायेगी।

प्रधान- (अंजली) ग्रा0पं0 उजरामऊ नया गांव, राजेपुर सचिव- (शिव सिंह)

# शिकायत के समाधान से फरियादी का संतुष्ट होना बेहद जरूरीः डीएम

- सदर तहसील में आयोजित हुये सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम और एसपी ने सुनी फरियादियों की शिकायतें
- डीएम की अध्यक्षता में आयोजित हुए संपूर्ण समाधान दिवस दर्ज की गई 44 शिकायतें, पांच शिकायतों का मौके पर हुआ निस्तारण

कन्नौज समृद्धि न्यूज



**मंगलवार को** सदर तहसील के सभागार में जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीएम और एसपी ने संयुक्त रुप से फरियादियों की शिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारण कराए जाने के निर्देश दिये। इस दौरान 44 शिकायतें दर्ज की गई, इनमें 05 शिकयतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। सदर तहसील सभागार में आयोजित हुए सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कोई भी फरियादी समस्या के समाधान के उद्देश्य से ही सरकारी कार्यालयों में आता है, इसलिए जनता की समस्या का समाधान करना हम सबके लिए सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि कोई भी फरियादी तहसील दिवस व किसी भी कार्यालय से निराश होकर नहीं जाना चाहिए। पारदर्शिता के आधार पर संबंधित को नियमानुसार न्याय दिया जाए। डीएम ने कहा कि जब तक फरियादी द्वारा की गई शिकायत के समाधान से संतुष्ट नहीं हो जाएं तब तक शिकायत का समाधान नहीं माना जाएगा। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा संचालित समस्त जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक जनपद के हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा जिन विभागों की अन्य शिकायतें हैं और जिनका मौके पर निस्तारण नहीं हो सका है, संबंधित अधिकारी स्थलीय निरीक्षण कर शिकायतों का गुणवत्ता के साथ निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा जो भी निस्तारण किया जाए वह ससमय व गुणवत्ता पूर्ण किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा सभी अधिकारी अपने अपने विभाग का प्रार्थना पत्र लेकर ही रवाना होंगे। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 44 शिकायतें दर्ज की गई, इनमें 05 शिकयतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आन्नद ने पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों को सुनते हुए सम्बन्धित पुलिस अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उप जिलाधिकारी सदर अविनाश कुमार गौतम, क्षेत्राधिकारी सदर सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी, लेखपाल व संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

# गोसंरक्षण अभियान में 1277 निराश्रित गोवंशों को गौशालाओं में किया गया संरक्षित

- पंद्रह दिवसीय विशेष गोसंरक्षण अभियान के तहत 13वें दिवस तक जिले में 1277 निराश्रित गोंवशों को पकड़कर गौशाला में किया गया संरक्षित

कन्नौज,समृद्धि न्यूज


गोवंशों को पकड़कर गोशाला ले जाती टीम समृद्धि न्यूज

**उत्तर प्रदेश** समाज कल्याण विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण के निर्देश पर 08 फरवरी से 15 दिवसीय विशेष गोसंरक्षण अभियान जिले भर में चलाया जा रहा है। मंगलवार को अभियान के तहत 90 निराश्रित गोवंशों को पकड़कर गोशाला में संरक्षित किया गया। वहीं कैटिल कैचर टीम द्वारा विशेष गोसंरक्षण अभियान के अंतर्गत 8 फरवरी से अब तक कुल 13 दिनों में 1227 निराश्रित गोवंशो को पकड़कर गौशाला में संरक्षित किया गया। निराश्रित गोवंश को पकड़ कर गौशाला में संरक्षित करने हेतु निरंतर कैटिल कैचर टीम द्वारा अभियान को सफल बनाया जा रहा है। मंगलवार को विकासखंड कन्नौज में 13 गोवंश एवं विकास खण्ड उमर्दा में 35 गोवंश और विकासखंड छिब्रामऊ में 2 गोवंश, तालग्राम में 8 गोवंश, सौरिख में 11 गोवंश, जलालाबाद में 9 गोवंश, गुगरापुर में 8 गोवंश और विकास खण्ड हसेरन में 5 गोवंशों को पड़कर गौशालाओं में संरक्षित किए गए।

# खबरें चलते-चलते

## संपूर्ण समाधान दिवस पर 81 शिकायतें दर्ज की गईं, 12 शिकायतों का मौके पर किया गया निस्तारण

**छिबरामऊ कन्नौज।** संपूर्ण तहसील समाधान दिवस का आयोजन मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में तहसील सभागार में संपन्न हुआ जिसमें 81 शिकायतों का रजिस्ट्रेशन किया गया जिसमें 12 निस्तारित की गई। मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण तहसील समाज दिवस का आयोजन तहसील स्वागत में किया गया जिसमें उप जिला अधिकारी उमेश तिवारी तहसीलदार सहित समस्त विभागों के विभाग अध्यक्ष की मौजूदगी में राजस्व विभाग की 51 शिकायतें आई जिसमें 8 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया पुलिस विभाग की 16 शिकायतें दर्ज की गई जिसमें धोखा मौके पर निस्तारण किया गया विकास विभाग की पांच शिकायत दर्ज की गई जिसमें एक का मौके पर निस्तारण किया गया पूर्ति विभाग की दो शिकायत दर्ज की गई जिसमें एक का मौके पर निस्तारण किया गया सिंचाई विभाग की एक शिकायत विद्युत विभाग एक उद्यान अधिकारी एक सीडियो दो दो शिकायत सीडीपीओ एक शिकायत डो ए ओ एक शिकायत कल 81 शिकायत दर्ज की गई जिसमें मौके पर 12 शिकायतों का निस्तारण किया गया।

## राहुल गाँधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शहर से जाएंगे कांग्रेसी कार्यकर्ता

**छिबरामऊ कन्नौज।** राहुल गाँधी जी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा उत्तर प्रदेश में चल रही है,छिबरामऊ से पीसीसी सदस्य और प्रदेश महासचिव कांग्रेस (अल्पसंख्यक) संजय पौल अपने कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ पाँच गाड़ियों के साथ आज रात्रि लखनऊ निकलेंगे। राहुल गाँधी रात्रि विश्राम बिजनोर रोड बंथरा,लखनऊ में करेंगे,जहाँ हम सभी रात्रि में राहुल जी के साथ रहकर जिले की कांग्रेस के संबंध में विचार करेंगे और सुबह उन्नाव होते हुए कानपुर तक यात्रा में शामिल रहेंगे,यात्रा में शामिल होने वाले नेताओं में प्रमुख जिलाध्यक्ष कांग्रेस अल्पसंख्यक शाकिर हुसैन,पीसीसी सदस्य ब्रजेन्द्र फौजी,प्रदेश सचिव कांग्रेस सेवादल विनोद कुमार दुबे पप्पू,जिला महासचिव आदेश श्रीवास्तव,जिलाध्यक्ष कांग्रेस फर्रुखाबाद खालिद उस्मानी,जिलाध्यक्ष सेवादल रोहित त्रिवेदी,आरिफ मोहम्मद, वसी जान,सहित सौ लोग जाएंगे।

## घर में घुसकर महिला सहित तीन को पीटा

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** रंजिश के चलते मां बेटे सहित चाचा के साथ गांव के ही चार लोगों ने घर में घुसकर न सिर्फमारपीट कर घायल कर दिया बल्कि धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम सियरमऊ निवासी सोनू सिंह पुत्र स्वर्गीय लालाराम प्रधान द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 12 फरवरी के दोपहर गांव के ही अंकित कुमार, अवधेश, प्रमोद, सुंदरम ने रंजिश के चलते उसके साथ गाली गलौज करते हुए घर में घुसकर उसे व उसकी मां सुशीला देवी एवं ताऊ रामऔतार को लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए जाति सूचक शब्दों से अपमानित किया। कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## युवती को भगाने का मुकदमा दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** एक युवक युवती को उस समय बहला फुसलाकर भगा ले गया जब वह बाजार जाने की बात कह कर घर से गई थी। युवती की मां ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर निवासी पीड़िता द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 17 फरवरी को उसकी 17 वर्षीय पुत्री को ग्राम ज्ञानपुर निवासी नन्हे लल्ला पुत्र हरिराम कहीं बहला फुसलाकर भगा ले गया। युवती की मां की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

# अनुशासन और संयम सफलता की कुंजीः प्रधानाचार्य

- बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इंटर कॉलेज में छात्र-छात्राओं का वार्षिक विदाई समारोह का हुआ आयोजन

समधन, समृद्धि न्यूज़




**अनुशासन और** संयम विद्यार्थी के जीवन में सफलता की कुंजी हैं। छात्र/छात्राओं का विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया लेकिन विदाई केवल इस विद्यालय से है, न कि शिक्षा से स्कूली छात्र-छात्राएं आने वाले भविष्य में सफलता के नये आयाम स्थापित करें और विद्यालय एवं अपने अभिभावकों का नाम रोशन करें। यह बातें मंगलवार को क्षेत्र के तेराजाकेट चौरह जीटी रोड स्थित बाबू जागेश्वर प्रसाद मेमोरियल इण्टर में आयोजित हुए विदाई समारोह के दौरान कॉलेज के प्रधानाचार्य अमित कुमार यादव ने कही। विद्यालय में इण्टरमीडिएट के छात्र/छात्राओं के विदाई समारोह का शुभारंभ प्रधानाचार्य ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इसके बाद छात्र/छात्राओं ने गीत संगीत के माध्यम से अपने विद्यालय काल के अनुभव साझा किये। इस दौरान कई छात्राओं के नयन छलक उठे। कार्यक्रम के दौरान छात्र/छात्राओं को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य ने उनकी आने वाली बोर्ड परीक्षा के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएँ दीं और ईमानदारी से तैयारी करते हुए परीक्षा में उच्च अंक पाकर अपने विद्यालय का नाम रोशन करने की बात कही। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक मनमोहन सिंह ने कहा कि उगते सूरज को सभी सलाम करते हैं। असफल व्यक्ति को कोई नहीं पूछता, इसलिए अपनी शिक्षा के बल पर सफलता का नया आयाम स्थापित करें। वहीं मो0 हलीम ने कहा कि निरंतर प्रयास, कठिन परिश्रम एवं अनुशासन के माध्यम से सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि अनुशासन का सही अर्थ स्वयं पर नियंत्रण करना है, यदि छात्रों ने अपने ऊपर नियंत्रण करना सीख लिया तभी वह सभी मायने में शिक्षित कहलाने योग्य है। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य ने उपहार के साथ प्रमाण - पत्र वितरित कर आने वाले भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। इस मौके पर सरनाम सिंह, राशिद खान, रंजीत कुमार, ओमेन्द्र सिंह, फूल मोहम्मद, अमन यादव, ऊरूज आलम, श्रीमती अल्का दुबे, लक्ष्मी शर्मा, प्रभा सिन्हा, नाजरीन बानो, कु0 सलोनी, पुष्पा राजपूत, वैष्णवी पाल, शिवम पाल, रागिनी, दीपिका तिवारी सहित कई शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ छात्र/छात्राएँ मौजूद रहीं।

# निःस्वार्थ भाव से भक्ति करने वाले को मिलते परमात्माः शास्त्री

समधन,समृद्धि न्यूज़




**निस्वार्थ भाव** से भक्ति करने वाले भक्त की प्रार्थना कभी व्यर्थ नहीं जाती है। भगवान अपने भक्तो पर सदैव कृपा बरसाते है। कुछ पाने की चाह और लालच में की गई भक्ति व्यर्थ होती है। हमेशा भगवान को बिना किसी कारण के याद करने वाले कभी दुखी नहीं रहता है।

यह विचार मंगलवार को कस्बा समधन के ग्राम संतोषा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन शास्त्री भोला यादव मैनपुरी ने व्यक्त किए। उन्होने कृष्ण जन्म जन्म की कथा का प्रसंग सुनाया। कहा कि जब जब दुराचारियों के अत्याचार बढ़ते है और धरती पर भक्त भगवान को पुकारते है। तब भगवान अवतरित होकर दुष्टों का नाश करते है। सच्च मन से परमात्मा को याद करने वाले की पुकार कभी व्यर्थ नहीं जाती है। भगवान देर से ही सही लेकिन उसकी पुकान सुनते है। इस दौरान अध्यक्ष सभासद प्रतिनिधि संजीव यादव बबलू, बृजेश यादव, शेर सिंह, ऊधन सिंह, बृजनंदन, कश्मीर फौजी, कृपाल, राजीव, हाकिम सिंह, राकेश अखिलेश कोटेदार, मोहित, राज यादव, प्रियांशु आदि मौजूद रहे।

# भाकियू प्रधान गुट ने मुख्य विकास अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

छिबरामऊ, कन्नौज। समृद्धि न्यूज



**भाकियू प्रधान** के जिलाध्यक्ष अभिषेक कुमार एडवोकेट ने जदुनाथ सिंह यादव प्रदेश अध्यक्ष ,चन्द्रजीत यादव एडवोकेट प्रदेश अध्यक्ष भाकियू ,विधि प्रकोष्ठ, मोहित यादव युवा प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में मुख्य विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें पूर्ण रूप से किसानों का कर्ज माफ करने, अक्टूबर 2021 में लखीमपुर खीरी में किसानों की हत्या करने वाले आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने, 2020-21 में किसान आंदोलन में शहीद हुए किसान एवं मजदूरों के परिवार में किसी एक सदस्य को सरकारी नौकरी दिलाने, नकली बीज एवं कीटनाशक बनाने वाली कंपनियों को प्रतिबंधित करने, किसानों एवं मजदूरों जिनकी उम्र 60 या उससे अधिक हो उनके लिए 10 हजार रु. मासिक पेंशन प्रदान करने, तथा स्वामी नाथन रिपोर्ट आयोग का गठन करने सहित लगभग एक दर्जन मांगों को लेकर संगठन ने मुख्य विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर अजय यादव एडवोकेट प्रदेश उपाध्यक्ष भाकियू विधि प्रकोष्ठ,जितेन्द्र गुप्ता युवा जिलाध्यक्ष भाकियू प्रधान, अजय कुमार गजनी, युवा जिला उपाध्यक्ष, प्रबल प्रताप सिंह चौहान युवा प्रदेश सचिव, मो.शकील युवा प्रदेश उपाध्यक्ष, राहुल कठेरिया युवा प्रदेश सचिव, नीरज यादव जिला उपाध्यक्ष ,युवा जिला उपाध्यक्ष भाकियू प्रधान, जिला कोषाध्यक्ष अंशुमन यादव,जिला महासचिव सुरेन्द्र सिंह यादव, विधानसभा उपाध्यक्ष विशाल कुमार,जिला उपाध्यक्ष शुभम दुवे, जिला उपाध्यक्ष शिवराज सिंह यादव एडवोकेट, जिला महासचिव योगेन्द्र प्रताप सिंह, जिला सचिव मोहम्मद अरसद जमील, जिला उपाध्यक्ष प्राशू सिंह सेंगर, ब्रजेश कुमार यादव नगर अध्यक्ष सहित जिले के समस्त पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

# डायट में अवैध वसूली की मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर की शिकायत

**छिबरामऊ कन्नौज।** शिक्षा के मंदिर में प्रैक्टिकल के नाम पर अवैध वसूली करने का डाइट पर डी एल एड के तीन छात्रों ने आरोप लगाते हुएउत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री से लेकर शिक्षा मंत्री से लेकर जनपद के आलात्कारियों तक प्रार्थना पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है। वही छात्रों को के आरोपोको डायट के प्रार्चाय ने नकार दिया है। कस्बे के मोहल्ला इंदिरा नगर निवासी शशिकांत दीक्षित पुत्र रामेंद्र कुमार दीक्षित नमल रोड सराय गुर्जर माल निवासी अभिजीत मिश्रा पुत्र सत्यदेव मिश्रा नई बस्ती भैनपुरा निवासी ओम जी तिवारी पुत्र दीपनेस तिवारी ने बताया की वह लोग डाइट में डीएलएड के छात्र हैं उनका आरोप है कि प्रैक्टिकल के नाम पर 10000 रुपए मांगे जा रहे हैं डायट की वरिष्ठ प्रवक्ता अलका शर्मा द्वारा सुविधा शुल्क के नाम पर मांगे जा रहे हैं जो सुविधा शुल्क न देने पर परीक्षा में अनुपस्थित कर देने की धमकी दी जा रही है साथ ही प्रैक्टिकल में बहुत कम नंबर दिए जा रहे हैं इससे पहले भी कई बार डायट की प्रवक्ता के खिलाफ सोशल मीडिया में रिकॉर्डिंग वायरल हो रही है की डायट की वरिष्ठ प्रवक्ता द्वारा महाविद्यालय में एग्जामिनर के पद पर डायट की प्रवक्ता शासन द्वारा बच्चों का प्रैक्टिकल लेने में ड्यूटी लगी हुई है इस पर महाविद्यालय की अवैध वसूली की वायरल रिकॉर्डिंग बड़ी तेजी से फैल रही है की महाविद्यालय में प्रति बच्चों के हिसाब से?500 बच्चा मुझे चाहिए है नहीं तो बच्चों की भविष्य खराब कर देंगे यहां तक की महाविद्यालय के प्रबंधकों द्वारा यह कह दिया गया की आप स्वयं प्रत्येक बच्चों को स्वयं अपनी वसूली कर लो हम बच्चों से नहीं मांग सकते हैं सोशल मीडिया पर कई विद्यालयों के बच्चों की रिकॉर्डिंग वायरल हो रही है और डाइट के तीन या चार बच्चों की सोशल मीडिया पर अवैध वसूली की रिकॉर्डिंग वायरल हो रही है अब यह देखना है कि जिला प्रशासन इस पर क्या रिएक्शन ले गा बच्चों का कहीं भविष्य ना खराब हो जाए।

## कुत्तों ने युवक को नोचा

**समधन।** नगर के मोहल्ला महल निवासी 15 वर्षीय अनमोल पुत्र गुड्डू मंगलवार दोपहर रजलामऊ रोड़ खेतों की तरफ जा रहा था तभी अचानक आवारा कुत्तों ने युवक पर हमला बोल कर युवक को नोच डाला चीख पुकार की आवाज सुन आसपास के लोगों ने दौड़कर कुत्तों के हमलें से छुड़ाया घायल युवक को लोगों ने उसके घर भिजवाया गया मोहल्ले के लोगों ने बताया कि इसी मोहल्ले में पिछले वर्ष भी जंगली आवारा कुत्तों ने दो बच्चों नोच कर घायल कर दिया था आसपास मोहल्लों में बच्चों के लिए कुत्तों का काफी भय बना हुआ है यहां के नागरिकों ने कुत्तों को पकड़वायें जाने की मांग भी की है।

# शिक्षकों के कार्यों की मासिक बैठक में हुई समीक्षा


संकुल की बैठक में मौजूद शिक्षक व एआरपी समृद्धि न्यूज

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज

**न्याय** पंचायत समधन देहात की मासिक संकुल स्तरीय बैठक प्राथमिक विद्यालय अनीभोज में संपन्न हुई। मासिक बैठक में मुख्य अतिथि एआरपी मलिखान सिंह रहे। बैठक का संचालन नोडल संकुल शिक्षक संजीव राजपूत ने किया। इस दौरान मुख्य अतिथि एआरपी मलिखान सिंह ने बताया कि निपुण ऐप से नियमित बच्चों का आंकलन करते रहे तथा सभी शिक्षक जल्द से जल्द निपुण विद्यालय बनाएं। नोडल शिक्षक संकुल संजीव राजपूत ने कहा निपुण लक्ष्य एप से बच्चों का स्पॉट असेसमेंट प्रतिदिन करते रहे जिससे उनको निपुण करने में आसानी हो सके। प्रिंट रिच वातावरण बनाया जाए। संकुल शिक्षक अभिषेक कुमार ने बताया कि किस तरह से बार्षिक परीक्षा की बेहतर तरह से तैयारी की जाए। शिक्षक संकुल रजनी राजपूत ने मैथ किट को कैसे बेहतर उपयोग कर सकते हैं तथा दीक्षा ऐप के माध्यम से किस तरह लर्निंग को रोचक बनाया जा सकता है। संकुल शिक्षक अनीता सुधाकर तथा शशांक ने समूह बनाकर गुणा व भाग की प्रक्रिया के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। बैठक में न्याय पंचायत समधन देहात के शिक्षक प्रमोद कुमार यादव, मो. इमरान, तौकीर फात्मा रिजवी, ज्योति मिश्रा, अमन, जोगेंद्र सिंह, राजन गौतम, प्रदीप कुमार, दिनेश चंद्र शर्मा, आशीष पाण्डेय, आशीष शँखबार, नम्रता सिंह सहित समस्त अध्यापक मौजूद रहे।

कोहराम

परिजनों में मचा कोहराम, कड़ी मशक्कत के बाद गोताखोंरों ने युवक के शव को नदी से निकाला

# संदिग्ध परिस्थितियों में काली नदी में डूबा युवक, मौत

कन्नौज,समृद्धि न्यूज

**गुगरापुर ब्लाक** क्षेत्रान्तर्गत ग्राम अमरौली निवासी युवक दोस्त के साथ काली नदी में नहाने गया था जहां वह डूब गया। जानकारी होते ही स्थानीय ग्रामीणों व परिजन मौके पर पहुंच गये। मौके पर बुलाए गये गोताखोरों ने नदी में युवक की तलाश शुरू करते हुए कड़ी मशक्कत के बाद नदी से युवक के शव बाहर निकाला। नदी से युवक का शव बाहर आते परिजनों में चीख पुकार मच गई।

जानकारी के अनुसार सदर कोतवाली क्षेत्र की चौकी कुसुमखोर क्षेत्र के ग्राम अमरौली निवासी 28 वर्षीय राजीव जाटव पुत्र स्व. श्रीकृष्ण जाटव दोपहर लगभग 3 बजे गांव निवासी अपने दोस्त संतराम के साथ शराब पी, जिसके बाद संतराम और उसकी पत्नी के बीच किसी बात को लेकर लड़ाई-झगड़ा हो गया। जिस पर दोनो गांव के पास बह रही काली नदी के किनारे बैठ कर शराब पीते रहे। शराब पीने के बाद दोनो काली नदी में स्नान करने के लिए उतर गए। इस बीच राजीव नदी में डूब गया। यह देख नदी के पास मौजूद ग्रामीणों ने उसके परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजन और ग्रामीणों ने तत्काल नदी में उसकी खोजबीन शुरू कर दी। सूचना मिलने पर सदर कोतवाली प्रभारी विष्णुकांत पुलिस फोर्स के साथ घटना स्थल पर पहुंच गये। पुलिस ने गोताखोरों को भी बुला लिया और गोताखोर राजीव की तलाश नदी को खंगालने लगे। गोताखोरों ने कड़ी मशक्कत के बाद राजीव का शव नदी से बरामद कर लिया। घटना को लेकर मृतक के बड़े भाई विनोद कुमार ने बताया कि राजीव और उसका दोस्त संतराम दोपहर बाद से शराब पी रहे थे। दोनो ने गांव के बाहर बह रही काली नदी के किनारे पर बैठ कर और शराब पी, जिसके बाद उन्हें उनके भाई के नदी में डूबने की सूचना मिली। विनोद के अनुसार भाई के कपड़े और शराब के खाली पाउच वहीं पड़े मिले। घटना किस तरह हुई उन्हें इसकी जानकारी नही है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्ठम के लिए भेज दिया है।


घटनास्थल पर मौजूद ग्रामीणों की भीड़ समृद्धि न्यूज

# रामानंद कॉलेज की तत्कालीन प्रधानाचार्य पर धोखाधड़ी का केस दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**अदालत के** आदेश पर कोतवाली पुलिस ने रामानंद बालिका इंटर कॉलेज के प्रबंधक विनीत अग्निहोत्री की ओर से कॉलेज की कार्यवाहक प्रधानाचार्य नीलम कठेरिया के विरुद्ध धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। प्रार्थना-पत्र में विनीत अग्निहोत्री ने कहा है कि मैं स्वामी रामानंद बालिक इण्टर कॉलेज का प्रबन्धक व मंत्री हूँ। मेरे विद्यालय में नीना कठेरिया सहायक अध्यापिका के पद पर कार्यरत थीं। नीना कठेरिया द्वारा उच्च न्यायालय इलाहाबाद में दायर एक याचिका में पारित अन्तरिम आदेश दिनांकित 30.09.2002 के क्रम में तत्कालीन जिला विद्यालय निरीक्षक के आदेशानुसार प्रतिमाह वेतन दिया जा रहा था। उच्च न्यायालय में लंबित याचिकाओं से सम्बन्धित केसों के सम्बन्ध में समय-समय पर निदेशक कानपुर मण्डल द्वारा उन केसों की स्थिति के सम्बन्ध में जानकारी चाही जाती रही।

इसी क्रम में संयुक्त शिक्षा निदेशक कानपुर मण्डल कानपुर द्वारा 08.07.2002 को जिला विद्यालय निरीक्षक को अवगत कराया गया है कि जनपद के समस्त राजकीय एव अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत अध्यापक व शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में से ऐसे अध्यापकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारी को चिन्हित किया जाये। जिन्हें न्यायालय के पारित आदेश के अनुक्रम में वेतन भुगतान किया जा रहा है। ऐसे अध्यापक, कर्मचारी द्वारा योजित की गयी रिट याचिका की वर्तमान समय में अद्यतन स्थिति की समीक्षा करने के निर्देश प्रदान किये गये हैं। इसी क्रम में जिला

▸ अदालत के आदेश पर हुई कार्रवाई, चल रही हैं निलंबित

विद्यालय निरीक्षक द्वारा जनपद के समस्त माध्यमिक राजकीय एवं अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्यों से यह अपेक्षा की गयी कि वह सुनिश्चित करें कि उनके विद्यालय में कार्यरत समस्त शिक्षक या शिक्षणेत्तर कर्मचारियों में से यदि किसी अध्यापक, कर्मचारी का वेतन भुगतान न्यायालय के आदेश के अनुपालन में किया जा रहा है, तो उसकी विस्तृत सूचना निर्धारित प्रपत्र पर प्रेषित करें। साथ में इस आशय का भी प्रमाण पत्र दें कि उनकी संस्था व विद्यालय में उनके द्वारा अंकित किये गये शिक्षक या कर्मचारी के अलावा अन्य किसी को न्यायालय के आदेश के



तत्कालीन प्रधानाचार्य नीलम कठेरिया

अनुपालन में वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है। मेरे विद्यालय के प्रधानाचार्य से भी इस आशय का प्रमाण पत्र मांगा गया था। अभियुक्त शीतल द्वारा अपने व्यक्तिगत लाभ में नीना कठेरिया से पडयन्त्र कर इस तथ्य को छिपाकर कि उनके विद्यालय में नीना कठेरिया न्यायालय के आदेश से वेतन पा रही हैं। दिनांक 15.07.2022 को जिला विद्यालय निरीक्षक को उनके उक्त पत्र दिनांकित 11.07.2022 के परिप्रेक्ष्य में दिनांक 15.07.2022 को इस सम्बन्ध में निर्धारित प्रारूप पर जो सूचना उपलब्ध करायी उसमें स्पष्ट अंकित किया कि ऐसा कोई अध्यापक जो न्यायालय के आदेश से वेतन प्राप्त कर रहा है, मेरे विद्यालय में नहीं है और प्रारूप पर निल लिखकर उनके द्वारा भेजा गया। जबकि वह यह बात अच्छी तरह जानती थी कि नीना कठेरिया प्रतिमाह उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुरूप भी वेतन प्राप्त कर रही थी।

शासन द्वारा इस मन्तव्य से यह सूचना चाही गयी थी, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि जो लोग न्यायालय के आदेश के अनुपालन में वेतन प्राप्त कर रहे है। उनकी याचिकाओं की वर्तमान स्थिति क्या है। शीतल कार्यवाहक प्रधानाचार्य द्वारा उक्त पत्र का संज्ञान किसी लिपिक को भी नहीं होने दिया और गुपचुप तरीके से उक्त जबाव जिला विद्यालय निरीक्षक को भेज दिया गया। इस बात के साक्षी दोनों लिपिक व एकाउंटेंट अभिषेक दीक्षित व आशुतोष है। वास्तविकता यह है कि उक्त नीना कठेरिया की उक्त याचिका दिनांकित 22.02.2019 को ही निरस्त हो गयी थी और इस प्रकार नीना कठेरिया ने अभियुक्त से षड्यन्त्र कर लाखों रूपये का वेतन विद्यालय से आहरण कर लिया और इन्हीं मलिन मतंव्यों से अभियुक्त द्वारा झूठी सूचना विद्यालय के लेटर पैड पर अंकित कर जिला विद्यालय निरीक्षक को भिजवायी और विद्यालय के लैटर पैड पर फर्जी प्रमाण पत्र जारी किया। अभियुक्त का यह कृत्य एक गंभीर अपराध है।

# खबरें चलते-चलते

## नमकीन की दुकान से एक लाख की नकदी चोरी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अज्ञात चोरों ने बीती रात नमकीन दुकान से करीब एक लाख की नकदी चोरी कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। चोरी की घटनाओ से व्यापारियों में रोष देखा गया। जानकारी के अनुसार मन्नीगंज बाजार में सनी की नमकीन की दुकान है। रोज की भांति वह बीती शाम अपनी दुकान बंद कर घर चले गये थे। रात्रि में चोर दुकान के पीछे से घुस गये। सनी ने बताया कि दुकान के पीछे निर्माण कार्य चल रहा है। दुकान में पीछे की तरफ लगे गेट की अंदर से सिर्फ कुंडी लगी थी। उसी को खोलकर चोर दुकान के अंदर घुसे। चोर दुकान के अंदर रखी करीब एक लाख की नगदी चोरी कर ले गए। मजे की बात यह रही कि चोरों ने दुकान में रखी करीब 10 हजार की रेजगारी को हाथ तक नही लगाया। घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। पुलिस ने कहा कि चोरी का जल्द खुलासा किया जायेगा। चोरी की घटना से आसपास के व्यापारियों में रोष देखा गया। उनका कहना है कि पुलिस अपनी डियूटी का निर्वहन ठीक से नहीं करती है। इसलिए चोरों के हौसले बुलंद हैं।

## एक अभियुक्त समेत तीन अपचारी लूट के माल सहित गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना मऊदरवाजा पुलिस ने एक अभियुक्त व तीन अपचारियों को लूट के माल सहित गिरफ्तार कर लिया। 15 फरवरी की रात्रि ग्राम खतवापुर चौकी रायपुर थाना मऊदरवाजा क्षेत्र में लूट की घटना के सम्बन्ध में थाना मऊदरवाजा पर मु0अ0सं0 33/24 धारा-392 भा0द0वि0 बनाम अज्ञात पंजीकृत हुआ था। दिनांक 20 फरवरी को चेकिंग के दौरान संदिग्ध व्यक्ति/वाहन के दौरान एक अभियुक्त व तीन अपचारी को लूटे गये माल 01 जोड़ी कुण्डल पीली धातु, 01 अंगूठी पीली धातु, 820 रुपये एवं घटना में प्रयुक्त सफेद अपाचे मोटरसाइकिल सहित गिरफ्तार किया गया। एक अपचारी के कब्जे से एक देशी तमंचा व तीन जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद किये गये। गिरफ्तार अभियुक्त रामदत्त उर्फ बड़े लल्ला पुत्र गुरुदेव निवासी ग्राम टिकुरियन नगला थाना मऊदरवाजा का निवासी है। पूछताछ करने पर अभियुक्त/अपचारीगणों द्वारा बताया कि हम लोग इकट्ठा होकर रात्रि के समय में जंगल में एकांत पाकर दिनांक 15 फरवरी की रात्रि में करीब 09.00 बजे ई-रिक्शा को रूकवाकर एक महिला का पर्स छीनकर अपनी सफेद अपाचे मोटरसाइकिल से भाग गये। हम लोगो ने यह अपाचे मोटरसाइकिल करीब 10 दिन पूर्व चोरी की थी।

## बकरियां खेत में चली जाने पर दबंग ने दरांती से युवती पर बोला हमला

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नवाबगंज थाना अंतर्गत ग्राम हुसैनपुर बागर निवासिनी संगीता देवी पुत्री कन्हैया लाल मंगलवार शाम समय लगभग 5.00 बजे खेतों पर अपनी बहन स्वाति के साथ बकरी चरा रही थी। उसी समय अजय कुमार पुत्र जगराम निवासी सोना जानकीपुर के खेत में उसकी बकरियां चली गई। इसी बात को लेकर अजय कुमार ने संगीता देवी को दराती से हाथों में कई बार किये। जिससे संगीता गंभीर रूप से घायल हो गयी। जिसकी लिखित तहरीर थाना पुलिस को दी गयी। पुलिस ने डाक्टरी परीक्षण हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज भेज दिया है। पुलिस ने कहा जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## बुखार से बालक की हालत बिगड़ी, मौत

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पैथान खुर्द बुजुर्ग निवासी मुनीष राठौर के इकलौता पुत्र हिमांशू उम्र 4 वर्ष को बीते दो दिन पूर्व से बुखार आने लगा। पिता ने उसे प्राइवेट डा0 अमित के यहां ले जाकर उपचार करवाया। मंगलवार को उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिजन उसे कायमगंज सीएचसी में लेकर पहुंचे। जहाँ डाक्टर अमरेश कुमार ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही माँ रुचि सहित अन्य परिजनो का रो-रोकर बुरा हाल है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल थाना क्षेत्र के ग्राम अकराबाद निवासी मिलन कुमार उम्र 15 वर्षीय पुत्र किशन कुमार बाइक द्वारा किसी काम से कायमगंज की ओर आ रहा था। रास्ते मे अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक मे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगो की मदद से घायल युवक को कायमगंज सीएचसी में लाकर भर्ती कराया गया।

## बहू ने सास को पीटा, दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** गाली-गलौज का विरोध करने पर बहू ने सास के साथ मारपीट कर दी। पीड़िता ने थाने पहुंचकर बहू के विरुद्ध तहरीर दी। नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव करनपुर गंगा तारा निवासी तारावती पत्नी रामनिवास ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया उसकी पुत्रवधू शालू पत्नी राहुल कुमार बीती शाम 7.00 बजे के लगभग घर में गाली-गलौज कर रही थी। जब पीड़िता ने गाली-गलौज करने का विरोध किया, तो उक्त पुत्रवधू ने पीड़िता के साथ जमकर मारपीट की। जिससे पीड़िता के चोटें आयीं। थाना पुलिस ने मामले की जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

## कन्ट्रोल रुम में फोन करने पर होगा समस्या का समाधान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला कलेक्टर के निर्देश पर डीआईओएस ने अपने कार्यालय में कंट्रोल रुम खोलकर कर्मचारियों की नियुक्ति कर दी है। परीक्षा केंद्र व्यवस्थापक, शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावकों को यदि किसी प्रकार की समस्या हो, तो वह कंट्रोल रुम का नम्बर डायल करके समाधान कर सकते हैं। कंट्रोल रुम के नंबर 945445739, डीआईओएस 9450109285 प्रभारी रामलखन पाल, 944699322 नवनीत भारद्वाज।

# सम्पूर्ण समाधान दिवसः डीएम ने कानूनगो को दी परिनिन्दा प्रवृष्टि

▸ 85 शिकायतें आयीं, सभी का निस्तारण करने के दिये निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जिलाधिकारी** डॉ0 वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में तहसील सदर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान 85 शिकायतें आयीं। जिलाधिकारी ने मातहतों को गुणवत्तापूर्णक सभी शिकायतों का निस्तारण करने के निर्देश दिये।

जिलाधिकारी द्वारा इस दौरान तहसील के विभिन्न पटलों का निरीक्षण भी किया। तहसील में साफ -सफाई का अभाव पाया गया। जगह-जगह सीलन पाई गई। अलमारियों में रिकॉर्ड अव्यवस्थित तरीके से रखे हुये पाये गये। जिलाधिकारी ने इस पर नाराजगी जताई। जिलाधिकारी द्वारा तहसील दिवस शिकायत रजिस्टर में सही निस्तारण दर्ज न होने पर प्रभारी



सम्पूर्ण समाधान दिवस में समस्यायें सुनते डीएम व अन्य — समृद्धि न्यूज

कानूनगो जहानगंज महेश्वर सिंह को परिनिन्दा प्रवृष्टि देने के निर्देश दिए। तहसील दिवस में कुल 85 शिकायतें प्राप्त हुईं। उन्होंने कहा फरियादियों की समस्याओं का एक बार में निस्तारण न होने पर वह बार-बार तहसील के चक्कर लगाते है। यह ठीक नहीं है। इसलिए उनकी शिकायत का तत्काल प्रभाव से निस्तारण किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि कुछ शिकायतों का निस्तारण हो जाता है, लेकिन शिकायत दर्ज कराने वाले संतुष्ट नहीं होते हैं। शिकायत दर्ज कराने बाले को समझाना होगा हकीकत क्या है। जिलाधिकारी डॉ0 विजय कुमार सिंह के कड़े तेवर देख अधिकारी और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# न्यायाधिकारी ने अभियुक्तों को एक वर्ष के सदाचार की परिवीक्षा पर छोड़ा

▸ 20-20 हजार की दो जमानतें व इतनी ही धनराशि का बंध पत्र दस दिन के अंदर दाखिल करने के निदेश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**न्यायाधिकारी ग्राम** न्यायालय अमृतपुर जनपद फर्रुखाबाद विजय रतन गौतम ने राज्य बनाम अभियुक्त हरिपाल पुत्र रामसरन तथा विजय उर्फ दुर्विजय पुत्र राम उर्फ रामनिवास निवासी ग्राम चाचूपुर थाना राजेपुर फर्रुखाबाद के विरुद्ध दर्ज मु0अ0सं0-98/1998 धारा-323 भा0द0वि0 के मामले में दोषी पाते हुए तुरन्त कोई दण्डादिष्ट देने के बजाय संबंधित जिला प्रोबेशन अधिकारी के अधीन एक वर्ष के सदाचार की परिवीक्षा पर छोड़ा जाता है। अभियुक्तगण संबंधित जिला प्रोबेशन अधिकारी के अधीन बीस हजार रुपये की दो-दो जमानतें तथा इतनी ही धनराशि का निजी बंधपत्र दस दिन के अंदर दाखिल करें। साथ ही इस आशय की अण्डरटेकिंग भी दी जाये कि वे इस दौरान सदाचार बनाये रखेंगे, शांति कायम रखेंगे तथा कोई त्रुटि होने पर न्यायालय के बुलाये जाने पर उपस्थित होंगे तथा दण्डादेश प्राप्त करेंगे। यदि अभियुक्तगण की ओर से प्रस्तुत शपथ पत्र के कथन मिथ्या साबित होते हैं, तो भी अभियुक्त को न्यायालय आहूत कर दण्डादेश पारित किया जायेगा। दोषसिद्ध अभियुक्तगण के परिवीक्षा अवधि में शांतिभंग करने अथवा अन्य कोइ त्रुटि संबंधित त्रुटि करने पर राज्य सरकार/जिला प्रोबेशन अधिकारी इस संदर्भ में न्यायालय को सूचित करेंगे।

# अवैध वसूली का विरोध करने पर आरोपियों के घर पर बोला धावा

▸ गाली-गलौज कर पुत्र को पीटा, बचाने आई महिला को भी पीटा

▸ मारपीट की घटना में सोने का कुंडल, सोने का लॉकेट भी हुआ गुम

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**शमशाबाद थाना** क्षेत्र के ग्राम रसीदपुर तराई निवासी मुन्नालाल पुत्र कृपाराम ने थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा कि गांव के ही आशाराम पुत्र गयादीन से पिछले तीन वर्षो से खेत की जुताई करवा रहा है। जिसका समय-समय पर पैसा भी दिया गया। कुछ पैसा शेष है जिसे देने के लिए आशाराम के पुत्र अवधेश से बातचीत भी की। आरोप है आरोपियों द्वारा बकाए पैसे को बढ़ा-चढ़ाकर देने की मांग कर गाली गलौज किया। जिसका पीड़ित ने विरोध भी किया, लेकिन आरोपियों द्वारा अभद्र व्यवहार जारी है। आरोप है 19 फरवरी की रात्रि 9 बजे के करीब आरोपी के पुत्र श्यामू, मानसिंह, उदयवीर तथा परिवार की महिलाओं के साथ घर जा धमके तथा पैसों की मांग कर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने पुत्र प्रशांत को पकड़ लिया और मारपीट कर ले जाने लगे। बच्चों को बचाने के लिए जब पीड़ित की पत्नी सुशीला देवी आगे बढ़ी, तो आरोपियो ने उन्हें भी पकड़कर लाठी-डंडों से मारापीटा। मारपीट की घटना में श्यामू की पत्नी मालती देवी तथा परिवार की अन्य महिलाओं ने गाली-गलौज कर जमकर मारपीट की। शोर शराबा सुनकर आसपास मुहल्ले के लोग एकत्रित हो गए। इस दौरान आरोपी जानमाल की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित के अनुसार मारपीट की घटना में पत्नी सुशीला देवी के कान का एक कुंडल तथा सोने का पेंडल वहीं रह गया। पीड़ित ने पिता पुत्रों सहित आधा दर्जन लोगों के खिलाफ थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में नौ शिकायतें हुईं निस्तारित

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

**अपर जिलाधिकारी** सुभास चन्द्र प्रजापति ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्यायें सुनीं। इस दौरान कुल 117 शिकायतें आयीं। जिसमें से 9 का मौके पर निस्तारण किया गया।

जानकारी के अनुसार कायमगंज तहसील में अपर जिलाधिकारी सुभाष चन्द्र प्रजापति की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें दूरदराज से आये फरियादियों की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को




सम्पूर्ण समाधान दिवस में समस्यायें सुनते अपर जिलाधिकारी — समृद्धि न्यूज

समयबद्ध तरीके से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिए गये। मंगलवार को कुल 117 शिकायतें आयीं। जिसमें से 9 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि समस्याओं का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण किया जाये। खानापूर्ति कदापि न की जाये। सबसे ज्यादा शिकायतें भूमि विवाद से संबंधित थीं। इस दौरान उपजिलाधिकारी यदुवंश वर्मा, क्षेत्राधिकारी सतेन्द्र कुमार, नायब तहसीलदार सृजन कुमार, विद्युत उपखण्ड अधिकारी मोहम्मद शमीम, कृषि विभाग राहुल कुमार, नगर पालिका जेई प्रशान्त कुमार, कायमगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राम अवतार, कम्पिल थानाध्यक्ष दिलीप कुमार बिन्द, शमसाबाद थानाध्यक्ष बलराज भाटी, नवावगंज थानाध्यक्ष जय प्रकाश शर्मा सहित अन्य विभागों के लोग मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से पिता की मौत, पुत्र घायल



मृतक का फाइल फोटो



पीएम हाउस में मौजूद मृतक के परिजन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**अज्ञात वाहन** की टक्कर से पिता-पुत्र घायल हो गये। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां पिता की मौत हो गयी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव हईपुर निवासी प्रमोद कुमार पुत्र अजय पाल ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया उनके पिता अजय पाल कल भाई के साथ फर्रुखाबाद बाजार करने गए थे। वहां से वापस आते समय रात में लगभग 10.30 बजे पिता लघु शंका करने के लिए बाइक रोकी। लघुशंका करते समय किसी अज्ञात वाहन ने उनके टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने उन्हें लोहिया अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सुबह डेड बॉडी लेकर परिजन घर पर आए। पुलिस को फौती सूचना देकर पोस्टमार्टम की मांग की। सूचना पाकर थाना अध्यक्ष जयप्रकाश शर्मा, हलका इंचार्ज दरोगा गिरीश चंद्र पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और पंचनामा की कारवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पत्नी सावित्री व छह पुत्र प्रमोद, ऋषि, अनिकेत, अमित उर्फ पंचम, दीपू, राजन का रो-रोकर बुरा हाल है। सावित्री ने बताया कि पति व पुत्र सभी लोग मजदूर करते हैं।

गंदगी — मेला प्रशासन तथा जनप्रतिनिधियों के प्रति जताया आक्रोश

# स्वच्छ पानी पीने को तरस रहे कल्पवासी, चारों ओर गंदगी का साम्राज्य

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**ढाईघाट शमशाबाद** पर रामनगरिया मेला अपने सबाब पर चल रहा है। मेले में भीड़ भी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। वहीं यहां पर कल्पवास कर रहे भक्तों को पीने का शुद्ध पानी भी नहीं मिल पा रहा है। इससे कहीं ना कहीं मेला प्रशासन की लापरवाही की पोल खुलती नजर आ रही है। लोग मेला प्रशासन की लापरवाही को लेकर काफी नाराज है, क्योंकि वर्तमान में व्यवस्थाओं के नाम पर सिर्फ खानापूरी जारी है। जिला प्रशासन द्वारा तथा जन प्रतिनिधियों के सहयोग से बिजली, पानी, सड़क, सुरक्षा जैसी कई मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने की बात कही गई थी, लेकिन ऐसा लग रहा है जैसे कल्पवास करने वाले लोगों को सुविधाओं के नाम पर छला जा रहा हो। सुरक्षा व्यवस्था के अलावा यहां पर्याप्त लाइट की भी व्यवस्था नहीं है। वर्तमान में मेला फर्रुखाबाद तथा शाहजहांपुर परिक्षेत्र में लगा हुआ है। यहा कल्पवास



मेले में गंदगी का एक दृश्य — समृद्धि न्यूज

स्थल तथा रामनगरिया मेले के अलावा गंगा में गंदगी का साम्राज्य देखा जा रहा है। कल तक मेले में फैले गंदगी के साम्राज्य को लेकर आक्रोश देखा जा रहा था, लेकिन आजकल मेला परिसर में पीने के पानी की समस्या विकराल होती जा रही है। पेयजल व्यवस्था हेतु जगह जगह हैंडपंप लगाए गए थे। आधिकांश खराब होने लगे। खराब नलों से पानी भी निकलना बंद हो गया। पीने के पानी के लिए कल्पवासियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। संतों का कहना है मेला प्रशासन की लापरवाही के चलते यहां पेयजल व्यवस्था विकराल हो गई। मालूम हो कि विगत दिनों पूर्व साधु संतों तथा कल्पवासियों ने मेला प्रशासन से व्याप्त गंदगी साफ कराए जाने की मांग की थी, लेकिन उनकी बातों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया।

# कार्यकर्ता एकजुट होकर बूथ को करें मजबूत: मंदीप यादव

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



मंदीप यादव व विनीत कुशवाहा का स्वागत करते पदाधिकारी — समृद्धि न्यूज

**समाजवादी पार्टी** महानगर की महानगर के बूथों की समीक्षा बैठक पार्टी कार्यालय आवास विकास पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष राघव दत्त मिश्रा ने की। महानगर के बूथों की समीक्षा हेतु नवनियुक्त प्रदेश सचिव मंदीप यादव एवं लोकसभा के प्रभारी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा ने की। संचालन रजत क्रांतिकारी ने किया। नवनियुक्त प्रदेश सचिव मंदीप यादव का पदाधिकारियों ने माल्यार्पण कर उन्हें बधाई दी। महानगर के बूथों की समीक्षा करते हुए प्रदेश सचिव मंदीप यादव ने कहा कि जब तक हमारा बूथ मजबूत नहीं होगा, तब तक हमारी लड़ाई अधूरी है। उन्होंने कहा हमारी लड़ाई भारतीय जनता पार्टी से है। इनका सामना हम तभी कर पाएंगे जब बूथ पर मजबूत होंगे। लोकसभा प्रभारी विनीत कुशवाह ने कहा कि समाजवादी पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता दूसरे दलों के कार्यकर्ताओं से कम से कम 100 गुना तागतभर है। बस जरूरत है कि ईमानदारी से कार्यकर्ता जुट जाएं क्यों कि समय नहीं रह गया है लगभग 6 मार्च से आचार संहिता लग जायेगी। राघव दत्त मिश्र ने महानगर के बूथों के लिए महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह को महानगर के बूथों का प्रभारी नियुक्त किया। उन्हें निर्देशित किया की महानगर के बचे हुए सभी बूथों को 7 दिन के अंदर पूर्ण कराकर उन्हें सौंपे। उन्होंने कहा कि एक-एक कार्यकर्ता अपने आपको प्रत्याशी डॉ0 नवल किशोर शाक्य समझे, तभी समाजवादी साथियों की लोकसभा में विजय परचम की लड़ाई सार्थक होगी। इस अवसर पर पार्टी के प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य, जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव, जहांन सिंह लोधी ने संबोधित किया। इस दौरान पूजा कठेरिया, रफी अहमद, कमल हसन, कुलदीप भारद्वाज, अमित यादव, बीना शर्मा, सुरेंद्र यादव, ऋषी अवस्थी, अफजल खान, अतुल वर्मा, खुर्शीद अहमद, अमन भारद्वज, अमित यादव, रवि कुमार बाल्मीक, ओम प्रकाश शर्मा, अभिषेक गिहार, विवेक सक्सेना, मनोज कुमार गौड़ आदि मौजूद रहे।

# चुनाव को लेकर फतेहगढ़ मण्डल अध्यक्ष ने शक्ति केंद्र संयोजकों में किया बदलाव

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



बैठक को सम्बोधित करते रामवीर चौहान — समृद्धि न्यूज

**भाजपा के** फतेहगढ़ मण्डल अध्यक्ष रामवीर चौहान ने चुनाव को देखते हुए शक्ति केंद्र संयोजक में बड़ा बदलाव किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लिए निष्पक्ष होकर कार्य करें। लम्बे समय तक संगठन की सेवा करें। उन्हीं की जरुरत है। हवा-हवाई पदाधिकारियों को पद मुक्त किया है। शक्ति केंद्र संयोजक दिनेश चन्द्रा, दीपक कटियार, अरुण त्रिवेदी, मनोज राजपूत, आशू राठौर, रीबू सिंह, आशुतोष त्रिपाठी, रजनीश मिश्रा, शिवम दुबे, अनिल तिवारी, विजय सोमवंशी, राहुल राठौर, संजीव सिंह राठौर, रमेश चन्द्र वर्मा, सुनील गुप्ता सहित 15 लोगों को शक्ति केंद्र संयोजक का दायित्व सौंपा है। सभी लोगों को निर्देशित किया है कि लोकसभा चुनाव को देखते हुए संगठन को मजबूत करें। केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाये।

## खबरें एक नजर में

### मुडौल न्याय पंचायत की मासिक बैठक संपन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मुडौल न्याय पंचायत की मासिक बैठक उच्च प्राथमिक विद्यालय लखनपुर में संपन्न हुई। संकुल प्रभारी मनोज कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में माध्यमिक विद्यालयों में बड़ी संख्या में कक्ष निरीक्षकों की तैनाती से अधिकांश स्कूल शिक्षक विहीन अथवा एकल हो गये, जबकि बीआरसी पर पहले से ही शिक्षक प्रशिक्षण चल रहे हैं, ऐसी स्थिति में बूथ संबंधित कार्य और कंपोजिट ग्रांट का कार्य प्रभावित होगा। उधर शिक्षकों को कंपोजिट ग्रांट के लिए स्कूल समय में ही बैंक आफबड़ौदा की शाखा कई बार जाना होगा, जबकि महानिदेशक ने स्पष्ट आदेश दिया है कि स्कूल समय में शिक्षक स्कूल नहीं छोड़ सकते। अब जिला प्रशासन बताए कि गैस सिलेंडर, आलू के बोरे, फल व सब्जियां और बैंक के कार्य शिक्षक कब करेंगे। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री राजकिशोर शुक्ल ने कहा कि शिक्षकों की किसी भी समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा। शासन ने टैबलेट तो दे दिए, लेकिन उनके संचालन के लिए न तो प्रशिक्षण ही दिया गया और न ही सीयूजी सिम उपलब्ध करायें गये। प्राथमिक विद्यालय मुडौल की प्रधानाध्यापिका किरन ने बताया कि उन्हें सीसीएल नहीं दी जा रही, जबकि उनके बच्चों की परीक्षा है। मीटिंग में अरविंद मिश्रा, योगेन्द्र कुमार, विनोद गंगवार, गौरव, रवि, ओमदत्त शर्मा, हरेंद्र सिंह, बेबी, अंजली शर्मा, अनुपम सक्सेना उपस्थित रहे।

### स्वामी प्रसाद मौर्या चुनावी लाभ लेने वाले नेता है: नंदकिशोर दुबे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के जिला सचिव नन्दकिशोर दुबे वन्देमातरम ने कहा कि समाजवादी पार्टी में केवल स्वामी प्रसाद मौर्य ही सपा के एक ऐसे नेता थे जो सनातन धर्म के खिलाफबयानबाजी करते थे। उनके बयानबाजी से सवर्ण समाज सपा से दूरी बना रहा था, लेकिन अब सर्वण समाज समाजवादी पार्टी से दूरी नहीं बनाएगा, क्योंकि सपा के राष्ट्रीय महासचिव पद से इस्तीफा व सपा के एमएलसी पद से स्वामी प्रसाद मौर्य ने इस्तीफा देकर स्वयं बाहर आ गए। सपा नेता नन्दकिशोर दुबे वन्देमातरम ने कहा स्वामी प्रसाद मौर्य नकारात्मक राजनीति करते हैं। उन्हें अपनें खुद के समाज व जनता से कोई भी वास्ता नही रहता हैं, इसलिए वह चुनाव के समय जिस पार्टी में होते हैं। उससे इस्तीफा देने का कार्य करते हैं। स्वामी प्रसाद मौर्य अपनी जो भी राजनीति करते हैं। उस राजनीति में अपनें कों ही बड़ा समझ्ते हैं। बांकी किसी भी नेता कों बड़ा नही मानते हैं। वह केवल लाभ की राजनीति करते है और पार्टियों में शामिल होकर फायदा लेते है।

### बोर्ड परीक्षा हेतु प्रशासन एवं शिक्षा विभाग ने कसी कमर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** यू.पी. बोर्ड की 22 फरवरी से शुरु हो रहीं हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की परीक्षाओ को नकलविहीन सम्पन्न कराने हेतु प्रशासन एवं शिक्षा विभाग ने चाक चौबंद व्यवस्था करते हुये सभी तैयारियां मुस्तैद कर ली हैं। इसी क्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक ने 79 परीक्षा केंद्रों का परीक्षा अवधि में सघन निरीक्षण कर नकल रोकन हेतु 6 सचल दलों की तैयारी कर कर दी है। डीआईओएस नरेंद्रपाल सिंह ने मंगलवार को सचल दल गठन करने का आदेश जारी किया। जिसके अनुसार सचल दल प्रभारियों में जिला बेसिक शिक्षाधिकारी, गौतम प्रसाद, जीआईसी रोशनाबाद प्रधानाचार्य रामदास, जीआईसी कनकापुर हरिप्रकाश मिश्रा, राजकीय उ0मा0वि0 हिसामपुर प्रधानाचार्य डॉ0 संगीता यादव, जीआईसी फतेहगढ़ के उप प्रधानाचार्य नवाब सिंह तथा जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह शामल है। डीआईओएस ने बताया कि सभी 6 सचल दलों की टीम में तीन-तीन शिक्षक-शिक्षिकाओं को भी लगाया गया है। सचल दल परीक्षा केंद्रों पर छापे मारेंगे तथा साथ ही प्रश्न पत्रों एवं उत्तर पुस्तिकाओं के रखरखाव एवं उनकी सुरक्षा का भी अवलोकन करेंगे।

### अवैध कब्जा हटाने को लेकर तहसील दिवस में डीएम को सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शाही ट्रस्ट के प्रबंधक काजी जफर शाह ने तहसील दिवस में जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर मांग की है कि अवैध अतिक्रमण हटाया जाये। गाटा संख्या, 1487, 1488, 1489 व 1495, 1496 खारबंदी शहर वार्ड नम्बर 41 सरकारी भूमि पर कुछ भू-माफियाओं ने अवैध कब्जा कर रखा है। अधिशासी अधिकारी ने बीते वर्ष 27 दिसम्बर को अतिक्रमण हटाने के लिए आदेश जारी किया था। दबंगों ने 15 दिन का समय मांगा था। अभी तक अवैध कब्ज नहीं हटाया गया। ऐसे में दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।

### व्यापारियों ने मुख्य कार्यकारी अध्यक्ष खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम को भेजा ज्ञापन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकेश कुमार अग्रवाल के आह्वान पर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल कायमगंज के पदाधिकारियो ने तहसील कार्यालय पहुंचकर उपजिलाधिकारी यदुवंश कुमार वर्मा के माध्यम से एक 11 सूत्रीय ज्ञापन मुख्य कार्यकारी अध्यक्ष खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम नई दिल्ली के पास भेजा। जिसमें व्यापारियों ने कई समस्याओं को उठाया। व्यापारियों ने कहा कि यदि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान न हुआ, तो वह आंदोलन करने को विवश होंगे। इस अवसर पर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश के जिलाध्यक्ष मनोज कौशल, नगर अध्यक्ष संजय गुप्ता, नगर महामंत्री अमित सेठ, युवा जिलाध्यक्ष सुबोध गुप्ता, मंशाराम, विधानसभाध्यक्ष अध्यक्ष जितेन्द्र रस्तोगी, किराना अध्यक्ष कमलेश भारद्वाज, महामंत्री अवनीश कौशल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कन्हैयालाल, मुस्तफा, मनोज गुप्ता, राजीव राठौर, संगम शाक्य, प्रमोद वर्मा, मनीष अरोड़ा, नरेश बाथम, हिमांशु शर्मा, अमित कुमार आदि उपस्थित रहे।

# कांशीराम राजकीय महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने गंगा तट पर चलाया स्वच्छता अभियान

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



गंगा तट पर श्रमदान करते छात्र-छात्रायें — समृद्धि न्यूज

**मान्यवर कांशीराम** राजकीय महाविद्यालय निनौआ में एक दिवसीय गंगा स्वच्छता अभियान मेला रामनगरिया गंगा तट पर सम्पन्न हुआ। यात्रा का आयोजन महाविद्यालय प्राचार्या डॉ0 शालिनी के निदेशन में राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ0 सुन्दरलाल के सहयोग से गंगा स्वच्छता अभियान को रैली के रूप में महाविद्यालय परिषर से प्रारम्भ कर गंगा तट मेला रामनगरिया पांचाल घाट तक ले जाया गया। छात्र-छात्राओं ने नारे लगाते हुए रैली में प्रतिभाग किया। स्वच्छ गंगा, निर्मल गंगा, नदियों का हमेशा करो मान, तभी बनेगा अपना देश महान, स्वच्छ नदियां, स्वच्छ जीवन, अब हमने यह ठाना है, नदियों को बचाना है आदि नारो के साथ छात्र-छात्राओं ने जनजागरुकता लाने का प्रयास किया। तट पर पहुंच कर पवित्र गंगा घाट पर छात्र-छात्राओं और प्राध्यापकों ने मिलकर स्वच्छता अभियान चलाकर श्रमदान किया। गंगा किनारे घाट पर सभी ने मिलकर कचरा पॉलिथीन आदि दूषित चीजों को एकत्रित कर इस विशाल अभियान में अपनी सहभागिता दी। साथ ही विचार गोष्ठी में प्राध्यापकों व छात्र-छात्राओं ने विचार रखे। इस मौके पर कार्यक्रम प्रभारी डा0 सुंदर लाल, डा0 सत्येन्द्र कुमार, डॉ0 प्रियान्शु गुप्ता, महेश कुमार, शिल्पी सिंह, डॉ0 अमित कुमार आदि प्राध्यापक मौजूद रहे। छात्र-छात्राओं में सूर्यकान्त, सुमित, आदित्य कुमार, आयुष कुमार, गौरव पाल अरुण, अनिरुद्ध, अमित जाटव, आयुष कुमार, नारायण और आकांक्षा, अर्चना, अनुष्का, प्रियांशी बबली, शिखा, मुस्कान, रोशनी, शिवानी यादव, पूजा, अमृता सिंह, मुस्कान आदि मौजूद रही।

# एनएसएस ने महाविद्यालय में चलाया स्वच्छता अभियान




कार्यक्रम में मौजूद छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** लक्ष्मी यदुनंदन महाविद्यालय की एनएसएस इकाई का एक दिवसीय कैम्प का आयोजन महाविद्यालय परिसर में किया गया। एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय परिसर की साफ -सफाई की गई। कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र मिश्रा ने स्वच्छता के बारे में छात्रों को जागरूक किया। महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान के असिस्टेंट प्रोफेसर रितिक गुप्ता ने संगोष्ठी में कूड़े के निस्तारण के तरीके तथा विधियों पर विस्तार से चर्चा की। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर विनय सिंह ने मतदाता जागरूकता पर बोलते हुए कहा कि स्वच्छ मतदान स्वस्थ लोकतंत्र के लिए अति आवश्यक है। डॉ0 मनीषा सक्सेना ने महिला स्वास्थ्य विषय पर अपना विचार रखते हुए कहा कि अच्छा स्वास्थ्य एक ऐसी व्यक्तिगत व सामाजिक अनुभूति है। जिसमे महिला अपने आप को सक्रिय, सृजनशील, समझदार तथा योग्य महसूस करती हैं।

# मेले में 214 अभ्यार्थियों को मिला रोजगार



प्रमाण पत्र के साथ रोजगार मेले में अभ्यार्थी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के तत्वाधान में मंगलवार को रोजगार मेले का आयोजन डीपीएस विद्या मंदिर ताजपुर राठौरा कमालगंज में आयोजित हुआ। आईटीआई कौशल विकास मिशन एवं सेवा योजन के संयुक्त तत्वाधान में दीन दयाल कौशल्य योजना के तहत आयोजित मेले में मुख्य अतिथि सांसद प्रतिनिधि रजनेश राजपूत ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। जिला कौशल प्रबंधक आशीष कुमार ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत कर उत्साहवर्धन किया और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। रोजगार मेले में 22 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। 1800 रिक्तियों के सापेक्ष 421 परीक्षार्थियों ने भाग लिया। 214 अभ्यार्थियों को रोजगार के लिए चयनित किया गया। आईटीआई पास आउट 8, नान आईटीआई 58, कौशल विकास मिशन 145, डीडीयू-जीकेवाई 3 प्रतिभागी चयनित हुए। संचालन सच्चिदानंद सागर ने किया। मेले की व्यवस्था कार्यदेशक बृजेश कुमार, सुनील कुमार, रंजीत कुमार सुमन, आशीष कुमार, शिव बहादुर सिंह, विजेन्द्र सिंह, राजकिशोर महतो, बृजेश कुमार यादव ने देखी।

# लाभार्थी सम्पर्क अभियान के तहत कार्यशाला का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज




बैठक को सम्बोधित करते आदित्य मिश्रा — समृद्धि न्यूज

**भारतीय जनता** पार्टी आगामी लोकसभा में जन-जन का समर्थन जुटाने के लिए 25 फरवरी से 5 मार्च तक लाभार्थी संपर्क अभियान के जरिए अपनी संगठनात्मक शक्ति के साथ पूरे मनोवेश से जुटी हुई है। अभियान में प्रदेश के 5 लाख से अधिक कार्यकर्ता मंडलों के सभी बूथों पर लगभग 1 करोड़ लाभार्थी परिवारजनों से सम्पर्क करेंगे। पश्चिम मंडल लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यशाला का आयोजन खड़ियाई स्थित विद्यालय में नगर अध्यक्ष विकास पाण्डेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिला महामंत्री डीएस राठौर ने आये हुए मण्डल समिति, शक्ति केंद्र संयोजक मंडल में निवास करने वाले अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधियों को 1 बूथ के 20-40 लाभार्थी से सम्पर्क करने का लक्ष्य दिया गया। अभियान की प्रतिदिन की रिपोर्ट सरल पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए गए। विकास पाण्डेय ने कहा कि यह अभियान सीधे केंद्रीय कार्यालय से क्रियान्वित हो रहा है। जिस शक्तिकेन्द्र के सभी बूथों का शत-प्रतिशत लाभार्थी सत्यापन, ऑफलाइन फॉर्म के साथ सरल एप्प पर भी होगा, वह देश भर में लीडर बोर्ड पर दिखेगा। विधानसभा संयोजक आदित्य मिश्रा ने कहा कि संपर्क अभियान का उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के लाभार्थी से कार्यकर्ता द्वारा व्यक्तिगत रूप से घर घर जाकर संपर्क करने के साथ ही पत्रक देना, गेट पर स्टीकर लगाना व लाभार्थी के मोबाइल नंबर से मिस कॉल करना, लाभार्थियों के फोटो एवं उनके अनुभवों के वीडियो सोशल मीडिया, नमो ऐप, सरल ऐप पर अपलोड करना है। वहीं नगर मंत्री रहे स्व0 अखिलेश अग्निहोत्री को श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर हिमांशु गुप्ता, बबिता पाठक, अभिषेक बाथम, श्वेता दुबे, अनिल श्रीवास्तव, वीर बहादुर पाल, राम किशन दीक्षित, विरजु शाक्य, प्रदीप सक्सेना, बिल्लू सक्सेना, संजीव गुप्ता, मुकुल अग्निहोत्री आदि लोग रहे।

# सरकार अधिवक्ताओं को झूठे मुकदमे में फंसाने का काम कर रही है: अजीत सिंह चौहान

- बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के सदस्य पद के लिए मांगा समर्थन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



अजीत चौहान के साथ कचहरी में मौजूद अधिवक्ता

**बार काउंसिल** आफ उत्तर प्रदेश सदस्य पद का चुनाव लड़ रहे अजीत सिंह चौहान फतेहगढ़ कचहरी पहुंचकर अधिवक्ताओं से चुनाव लेकर चर्चा की। अजीत सिंह चौहान ने कहा कि वर्तमान में अधिवक्ताओं के लिए सरकार कुछ नहीं कर रही है, बल्कि उल्टा तरह-तरह के कानून बनाकर शासन प्रशासन अधिवक्ताओं को भू-माफिया, फर्जी मुकदमे आदि में फसाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार अधिवक्ताओ को उनकी मूलभूत सुविधाओं से वंचित कर रही हैं। अधिवक्ताओं का मान सम्मान लगातार गिरता जा रहा है। अधिवक्ता धरना प्रदर्शन करने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि लखनऊ में अधिवक्ताओं के लिए एक नया नियम लागू किया गया है। अधिवक्ताओं के लिए एक नया सेल बनाया गया है। जिसकी निगरानी एटीएस, एसडीएफ कर रही है। अधिवक्ताओं के खिलाफ शिकायत करने पर बगैर जांच के अधिवक्ताओं पर मुकदमा दर्ज कर लिया जाता है, अगर इसी प्रकार अधिवक्ताओं पर फर्जी मुकदमे लगते रहे तो वह मोर्चा खोलने को भी विवश होंगे। ऐसे नियमों का विरोध किया जाएगा। अधिवक्ताओं के हित में कार्य किए जाएंगे। उन पर फर्जी मुकदमे नहीं लगने दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं में किसी प्रकार की कोई आपसी फूट नहीं है, सिर्फ आपस में गुमराह कर अधिवक्ताओं को लड़ाया जा रहा है। इस मौके पर कुंवर सचेंद्र प्रताप सिंह, अरुण यादव, शुभम राय, अरविंद वर्मा, शिखर सक्सेना, किशन शर्मा, मनीष मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# जनरल स्टोर की दीवार में नकब लगाकर हजारों की चोरी

शमशाबाद, समृद्धि न्यूज

**चोरों ने** दुकान के पीछे से नकब लगाकर हजारों की नकदी व सामान चोरी कर लिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग की। शमशाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम गढ़िया हैवतपुर निवासी जमीर अहमद पुत्र शकिर अहमद का जनरल स्टोर गांव पाती नगला चौराहे के पास है। पीड़ित के अनुसार दुकान में जनरल स्टोर के साथ कपड़े का भी कारोबार करता है। बीते दिवस की रात्रि अज्ञात चोरों द्वारा पहले शटर का ताला तोड़ने का प्रयास किया गया। एक ताला टूट गया, लेकिन दूसरा नहीं। थक हारकर अज्ञात चोरों ने पिछ्वाड़े दीवार में नकब लगाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। बताया गया है जिस वक्त अज्ञात चोर चोरी की घटना को अंजाम दे रहे थे उसी दौरान किसी के आने की आहट हुई। जिस पर अज्ञात चोर मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी जनरल स्टोर स्वामी को उस वक्त हुई जब वह सुबह दुकान खोलने पहुंचा और जब ताला टूटा देखा, तो उसके होश उड़ गए। पीड़ित दुकानदार के अनुसार अज्ञात चोरों द्वारा शटर के दूसरे ताले को तोड़ने का प्रयास किया गया। न टूटने पर पीछे की दीवार में नकब लगाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। अंदर नकब की जानकारी तब हुई जब दुकान का शटर खोला गया। चोरी की घटना की सूचना पर मौके पर तमाम लोगों की भीड़ जुट गयी। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफ चौकी प्रभारी चिलसरा को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

# 22 फरवरी को लोधेश्वर महादेव का जलाभिषेक व भण्डारे का होगा आयोजन

- कार्यक्रम के मुख्य यजमान विधायक विपिन वर्मा डेविड होंगे

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



वार्ता में जानकारी देते लोधी समाज के लोग

**ढाई घाट** शमशाबाद में लोधी महासभा के आवाह्न पर पहली बार लोधेश्वर महादेव गंगा स्नान एवं जलाभिषेक का आयोजन 22 फरवरी को होगा। ठंडी सड़क स्थित नवभारत सभा भवन में प्रेस वार्ता के दौरान लोधी समाज के प्रदेश महामंत्री परशुराम वर्मा, जिला प्रभारी बेंचेलाल वर्मा, जिलाध्यक्ष महेश चन्द्र राजपूत ने कहा कि गुरुवार को माह के त्रयोदशी पर भगवान लोधेश्वर महादेव का जलाभिषेक ढाईघाट शमशाबाद में किया जायेगा। साथ ही विशाल भण्डारे का आयोजन होगा।

कार्यक्रम के मुख्य यजमान राष्ट्रीय अध्यक्ष लोधी महासभा व सदर विधायक एटा विपिन वर्मा डेविड होंगे। प्रदेश प्रभारी हरिपाल सिंह लोधी व प्रदेश अध्यक्ष उत्तम चन्द्र, राकेश लोधी कार्यक्रम में भाग लेंगे। गाजे-बाजे के साथ जलाभिषेक का आयोजन होगा। जिसके लिए पूर्ण तैयारी की गई है। इस मौके पर अजय कुमार वर्मा, राम सरकार राजपूत, विक्रांत सिंह राना सरकार, प्रेम पाल सिंह राजपूत, अरविन्द राजपूत, अनिल राजपूत, सर्वेश राजपूत, मगन लाल वर्मा, राम गोपाल वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# गुरुकुल में पढ़कर लोग राष्ट्रनिर्माण को आगे बढ़ा रहे हैं: हरिओम शास्त्री

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज




प्रवचन करते हरिओम शास्त्री — समृद्धि न्यूज

**मेला रामनगरिया** के वैदिक क्षेत्र चरित्र निर्माण शिविर में युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिभाशाली युवाओं ने अपने विचार रखे। यशवीर आर्य ने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती ने सर्वप्रथम स्वराज का उदघोष किया। उनकी प्रेरणा से हजारों नौजवान स्वतंत्रता समर के लिए आजादी के आंदोलन में कूद पड़े। लाखों नौजवानों के बलिदान के बाद हमने अपना देश स्वतंत्र कराया।

हरिओम शास्त्री ने कहा कि आज सरकार के पास बड़े-बड़े पुल व सड़क बनाने के साधन तो हैं पर चरित्रवान युवाओं के निर्माण का कोई साधन नहीं है। यह साधन केवल आर्य समाज के पास है, आज आर्य समाज के गुरुकुलों में पढ़कर आज हजारों युवक व युवतियां राष्ट्रनिर्माण के संकल्प को आगे बढ़ा रहे हैं। आचार्य संदीप आर्य ने कहा कि युवाओं में चेतना जागे, तभी देश का भला हो सकता है। इसके लिए माता-पिता को श्रेष्ठ सन्तानों का निर्माण करना होगा। जीसके लिए हमारे घरों में महर्षि दयानंद कृत पुस्तक संस्कार विधि और सत्यार्थ प्रकाश का होना अत्यंत आवश्यक है। धर्मवीर आर्य ने कहा कि युवा पीढ़ी के निर्माण मे शिक्षक समुदाय का बहुत बड़ा योगदान रहता है। इसलिए हमें संस्कारयुक्त शिक्षा देने की व्यवस्था करनी चाहिए। आचार्य चंद्रदेव शास्त्री ने कहा कि स्वामी दयानंद ने युवाओं को चारित्रवान बनाने के लिए बालक तथा बालिकाओं के लिए प्रथक-प्रथक गुरुकुलों की व्यवस्था की सरकारों को उसे अमल में लाना चाहिए। वर्तमान में प्रचलित सहशिक्षा व्यवस्था अनेकों दुष्कृत्यों की जननी है। अध्यक्षता डॉ0 शिवराम सिंह आर्य ने की। उदिता आर्या, शिवराम सिंह आर्य ने भक्तिमय भजनों की अमृत वर्षा की। प्रातःकाल यज्ञ आचार्य विवेक तथा हरिओम शास्त्री ने संपन्न कराया। यजमान डॉ0 करुणेश आर्य व डॉ0 सौम्या आर्या ने सपरिवार यज्ञ में आहुतियां प्रदान कर भण्डारे का आयोजन किया। कार्यक्रम में रामप्रकाश आर्य, सुरेश चंद्र वर्मा, डॉ0 दिलीप सिंह, शिशुपाल आर्य, उदयराज आर्य, उत्कर्ष आर्य, प्रियंवदा आर्या, सूक्ष्मा पाण्डेय, रेनू आर्या, रत्नेश द्विवेदी, उपासना कटियार आदि उपस्थित रहे।

## भारत ने गरीबी-भुखमरी से निपटने के लिए यूएन फंड को 10 लाख डॉलर दिए

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** भारत ने गरीबी और भूख से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र में 10 लाख डॉलर का योगदान किया है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका गरीबी एवं भूख उन्मूलन फंड के योगदान के रूप में संयुक्त राष्ट्र दक्षिण-दक्षिण सहयोग कार्यालय की निदेशक दीमा अल-खातिब को 10 लाख डॉलर का चेक सौंपा।

इंडिया एट यूएन एनवाई ने एक्स हैंडल पर इसका संक्षिप्त सचित्र विवरण साझा किया है। उल्लेखनीय है कि भारत जरूरतमंदों की मदद में हमेशा आगे रहता है। इस मौके पर रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत की जी-20 अध्यक्षता का ध्यान लोगों का, लोगों द्वारा और लोगों के लिए विकास पर था। उन्होंने कहा कि भारत गरीबी एवं भूख उन्मूलन फंड का समर्थन करता है। इस मदद से ग्लोबल साउथ में लाखों लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। सहयोग की भावना भी मजबूत हुई। उन्होंने कहा कि इस फंड में हर साल भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका 10 लाख डॉलर का योगदान करते हैं। 2006 से अब तक इस फंड में भारत 1.8 करोड़ डॉलर से अधिक का दान दे चुका है।

## आठ सालों में बदली तस्वीर, पूरी दुनिया में हो रही है यूपी की चर्चा : गोयल

समृद्धि न्यूज



▸ 3000 मी. स्टीपलचेज़ स्पर्धा में गोल्ड जीतने वाले पहले भारतीय

**लखनऊ।** केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि पिछले सात आठ सालों में उत्तर प्रदेश की तस्वीर पूरी तरह बदल चुकी है और अब यहां का विकास पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बना हुआ है। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में उत्तर प्रदेश-निवेश प्रदेश के तहत मेन हैंगर में आयोजित एफडीआई कॉन्क्लेव यूपी-इमर्जिंग डेस्टिनेशन फॉर फॉरेन इनवेस्टमेंट इन इंडिया को संबोधित उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले सात-आठ वर्षों में यूपी का कायाकल्प किया है, लेकिन यह एक वर्ष उपलब्धियों भरा रहा है। यह उत्तर प्रदेश के इतिहास में सबसे महत्वपूर्ण वर्ष होगा। आज पूरा विश्व उत्तर प्रदेश और लखनऊ के बारे में बातचीत कर रहा है। उत्तर प्रदेश अब रुकने और थमने वाला नहीं है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कोई भी निवेशक जब निवेश करने का निर्णय लेता है तो उसके सामने सबसे बड़ी शर्त होती है विश्वास। निवेशक तभी आता है जब उसे नेतृत्व, व्यवस्था और भविष्य पर विश्वास हो। जब यह तीनों विश्वास निवेशक को मिलते हैं तो वह प्रदेश में आने को तैयार होता है। इससे उनका आत्मविश्वास बढ़ता है और 25 करोड़ लोगों को भी आत्मविश्वास मिलता है कि हमारा भी भविष्य उज्वल होगा।

2017 के पहले भेदभाव की राजनीति थी, व्यवस्थाएं चरमरा रही थीं। राज्य की अर्थव्यवस्था कमजोर थी, जिसके कारण नया निवेश, नया उद्योग न के बराबर थे। चीनी मिलें बंद पड़ी थीं। किसानों की हालत बहुत कमजोर हो गई थी। इंफ्रास्ट्रक्चर में वृद्धि नहीं हो रही थी। रेलवे प्रोजेक्ट ठप पड़े थे। इनलैंड वाटर, मल्टीलेवल ट्रांसपोर्ट फैसिलिटी, एयरपोर्ट आदि व्यवस्थाएं कमजोर स्थिति में थीं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2014 में मोदी ने देश व 2017 में योगी ने उप्र की कमान संभाली। उसके बाद के रिफॉर्म हुए। केंद्र व राज्य सरकार ने तालमेल बैठकर यूपी का कायाकल्प किया। कोविड की महामारी जैसी गंभीर परिस्थिति में मोदी-योगी के नेतृत्व में उप्र ने अपने लोगों का ध्यान रखा।

### अब उत्तर प्रदेश रुकने और थमने वाला नहीं

गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश दुनिया के सामने मिसाल के तौर पर आत्मविश्वास से भरे हुए 140 करोड़ लोग निकल पड़े हैं तो मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में यूपी का एक-एक व्यक्ति आत्मविश्वास के साथ कर्तव्य को निभा रहा है। यूपी में सुशासन देखने को मिलता है। गरीब कल्याण, नए इंफ्रास्ट्रक्चर को विकसित करने में केंद्र व राज्य सरकार डबल इंजन बनकर तेज गति दे रही है। अब उत्तर प्रदेश रुकने और थमने वाला नहीं है। आने वाले दिनों में विश्व भर में भारत व यूपी की प्रसिद्धि हो रही है। आज पूरा विश्व भारत की तरफ देखता है कि भारत विश्व की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में बड़ी भूमिका निभाएगा। वैसे ही देश देखता है कि उत्तर प्रदेश भारत की अर्थव्यवस्था को आगे ले जाने में बड़ा योगदान देगा। जब निवेश की बात होती है तो देश के साथ जुड़े तीन-चार प्रमुख विषयों पर निवेशक का ध्यान आकर्षित होता है। वो देखता है कि देश में किस प्रकार की अर्थव्यवस्था है। क्या देश मजबूत स्थिति में है। क्या देश की अर्थव्यवस्था अच्छे तरीके से संभाली जा रही है। देश के पास पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध होंगी या नहीं। उत्तर प्रदेश की व्यवस्था देखें तो 2017 के पहले यहां की कानून व्यवस्था से भलीभांति सभी अवगत हैं।

## ग्रीन मोबिलिटी के क्षेत्र में नए मानक स्थापित करने के लिए हम प्रतिबद्ध

समृद्धि न्यूज




▸ अशोक लेलैंड ने ग्रीन मोबिलिटी पर ग्रीनफील्ड प्लांट की आधारशिला रखी

**लखनऊ।** हिंदुजा समूह की प्रमुख भारतीय कंपनी और देश की अग्रणी कमर्शियल वाहन निर्माता कंपनी अशोक लेलैंड ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश में ग्रीन मोबिलिटी पर केंद्रित एक नया इंटीग्रेटेड कमर्शियल व्हीकल प्लांट स्थापित करने के लिए भूमि पूजन किया। इस समारोह के साथ कंपनी ने ग्रीन मोबिलिटी की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। कानपुर रोड, लखनऊ में नए कारखाने स्थल पर आयोजित एक समारोह में, उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री, योगी आदित्यनाथ ने आधारशिला पट्टिका का अनावरण किया और आधारशिला रखी।

समारोह में वित्त एवं संसदीयकार्य मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार सुरेश खन्ना और औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई और निवेश प्रोत्साहन मंत्री, उत्तर प्रदेश सरकार नंदगोपाल गुप्ता, हिंदुजा परिवार के वरिष्ठ सदस्य, अशोक लेलैंड के डीलर, ग्राहक और आपूर्तिकर्ता, और कई अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। ग्रीनफील्ड विनिर्माण सुविधा 70 एकड़ में फैली होगी। मैन्यूफेक्चरिंग टैक्नोलॉजी में नवीनतम से भरपूर, यह दुनिया भर में अशोक लेलैंड की सबसे आधुनिक और हरित फैक्ट्री होगी, जो विश्व स्तरीय गुणवत्ता मानकप्रदान करेगी। प्राथमिक ध्यान इलेक्ट्रिक बसों के उत्पादन पर होगा, जबकि मौजूदा और अन्य उभरतेवैकल्पिक ईंधन द्वारा संचालित अन्य वाहनों का उत्पादन करने की भी क्षमता होगी।

अशोक लेलैंड के एक्जीक्यूटिव चेयरमैन धीरज हिंदुजा ने कहा, ''शिलान्यास समारोह उत्तर प्रदेश में अशोक लेलैंड के लिए एक नए अध्याय की शुरुआत का प्रतीक है। एक बार चालू होने के बाद यह फेसिलिटी रोजगार के अवसर पैदा करने के हमारे सामान्य लक्ष्यों की दिशा में भी महत्वपूर्ण साबित होगी। हमइनोवेशन को बढ़ावा देने और ग्रीन मोबिलिटी के क्षेत्र में नए मानक स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस नए संयंत्र के साथ, हम खुद को भविष्य के लिए तैयार कर रहे हैं और अपने नेट जीरो उत्सर्जनलक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक कदम आगे बढ़ रहे हैं।'' अशोक लेलैंड के एमडी और सीईओ शेनु अग्रवाल ने कहा, ''यह सुविधा न केवल इलेक्ट्रिक वाहनों की बढ़ती मांग को पूरा करेगी, बल्कि क्षेत्र के समग्र विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इलेक्ट्रिक ट्रकों और बसों पर हमारा ध्यान इसी के अनुरूप है। सस्टेनेबल ट्रांसपोर्टेशन का विकसित होता बाजार हमें ग्रीन मोबिलिटी वाले भविष्य के निर्माण की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है।'' एक बार चालू होने के बाद, संयंत्र की शुरुआत में प्रतिवर्ष 2500 वाहन उत्पादन करने की क्षमता होगी।

आने वाले वर्षों में इलेक्ट्रिक और अन्य प्रकार के वाहनों की बढ़ती मांग को देखते हुए, अशोक लेलैंड ने अगले दशक में इस क्षमता को सालाना 5000 वाहनों तक बढ़ाने की योजना बनाई है।

अशोक लीलैंड उत्तर प्रदेश केइलेक्ट्रिक मोबिलिटी क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, विशेष रूप से भारत में पंजीकृत इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की सबसे अधिक संख्या होने इसी राज्य में होने की उल्लेखनीय उपलब्धि को देखते हुए इस बात का महत्व और बढ़ जाता है। यह उपलब्धि परिवहन के पर्यावरण-अनुकूल सॉल्यूशंस को अपनाने के लिए राज्य सरकार की मजबूत प्रतिबद्धता को भी उजागर करती है। इस संयंत्र की स्थापना अशोक लेलैंड की एक रणनीतिक पहल का प्रतीक है, जो कंपनी को राज्य में हरित गतिशीलता क्रांति में सबसे आगे रखती है। यह देशभर में अशोक लेलैंड का सातवां वाहन संयंत्र होगा।

## पीएम मोदी आज 9वें रायसीना डायलॉग का करेंगे उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को 9वें रायसीना डायलॉग का उद्घाटन करेंगे। ग्रीस के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोताकिस उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और मुख्य भाषण देंगे। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में बताया कि रायसीना डायलॉग का 9वां संस्करण 21-23 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। रायसीना डायलॉग भू-राजनीति और भू-अर्थशास्त्र पर भारत का प्रमुख सम्मेलन है। यह अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने आने वाले सबसे चुनौतीपूर्ण मुद्दों के समाधना के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21 फरवरी को इस संवाद का उद्घाटन करेंगे। ग्रीस के प्रधानमंत्री मित्सोताकिस मुख्य अतिथि के रूप में उद्घाटन सत्र में शामिल होंगे और मुख्य भाषण देंगे। 9वें रायसीना डायलॉग में 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधि, मंत्री, पूर्व राष्ट्राध्यक्ष और शासनाध्यक्ष, सैन्य कमांडर, उद्योग के नेता, प्रौद्योगिकी नेता, शिक्षाविद, पत्रकार, रणनीतिक मामलों के विद्वान, प्रमुख थिंक टैंक और युवा विशेषज्ञ भाग लेंगे। 2024 संस्करण का विषय चतुरंगा संघर्ष, प्रतियोगिता, सहयोग, निर्माण है। तीन दिनों के दौरान, दुनिया के निर्णय निर्माता और विचारक छह विषयगत स्तंभों पर विभिन्न प्रारूपों में बातचीत में एक-दूसरे से जुड़ेंगे।

## मुख्यमंत्री धामी समेत उत्तराखण्ड सरकार के मंत्रियों ने अयोध्या में राम लाल के किए दर्शन

**कैबिनेट के साथ सीएम ने मंदिर में पूजा अर्चना कर की देश-प्रदेश की खुशहाली की कामना**



समृद्धि न्यूज

**अयोध्या।** उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपनी कैबिनेट के सहयोगियों के साथ मंगलवार को श्री राम जन्मभूमि मन्दिर में रामलला के दर्शन किए। सभी लोग इस दौरान बेहद उत्साहित और भक्ति भाव में डूबे हुए नजर आए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ मंत्रिमंडल के सतपाल महाराज, प्रेमचंद अग्रवाल, सुबोध उनियाल, डॉ धन सिंह रावत, रेखा आर्य एवं राज्यसभा सांसद नरेश बंसल अयोध्या में महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पहुंचे। यहां मुख्यमंत्री धामी और उनके सहयोगियों का भव्य स्वागत हुआ। इस दौरान पूरा परिसर जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। यहां से वह राम जन्मभूमि के लिए रवाना हुए।

मुख्यमंत्री एवं उनके सहयोगी अयोध्या धाम में प्रभु राम को नमन कर पूजा अर्चना की। दर्शन करने के बाद मुख्यमंत्री धामी भावुक हो गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री रामलला के दर्शन से रोम-रोम भक्तिमय और मन प्रफुल्लित है। उन्होंने कहा कि रामलला को कई वर्षों तक टेंट में रहना पड़ा। आज भव्य मंदिर में रामलाला के दर्शन किए। मैं भाव विह्वल हूं और प्रभु श्रीराम के चरणों में समर्पित हूं। धामी ने कहा कि प्रभु श्री राम की नगरी अयोध्या में उत्तराखंड वासियों के लिए उत्तराखंड सरकार राज्य अतिथि गृह बनाने की तैयारी कर चुकी है। 4700 वर्ग मीटर में बनने वाले इस राज्य अतिथि गृह को बनाने के लिए हमारी सरकार ने भूमि की खरीद को लेकर 32 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड से भगवान श्री राम के दर्शन करने के लिए अयोध्या पहुंचने वाले श्रीराम भक्तों को इस राज्य अतिथि गृह में सुविधा मुहैया करवाई जाएगी।

### काठगोदाम-अमृतसर के बीच ट्रेन संचालन को मंजूरी

**देहरादून।** रेल मंत्रालय ने काठगोदाम रेलवे स्टेशन से अमृतसर जंक्शन के लिए ट्रेन संचालन को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री ने इसके लिए प्रधानमंत्री और रेल मंत्री का आभार व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार प्रकट करते हुए कहा कि इस रेल के चलने से यात्रियों को काफी सहूलियत होगी। मुख्यमंत्री धामी ने विगत 2 दिसंबर 2023 को रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र भेजकर काठगोदाम से अमृतसर के मध्य सीधी रेल सेवा के संचालन का अनुरोध किया था। अब, रेल मंत्रालय ने उनके इस अनुरोध को स्वीकार करते हुए काठगोदाम-अमृतसर के मध्य ट्रेन संचालन को मंजूरी प्रदान कर दी है। रेल मंत्रालय की ओर से मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर अवगत कराया गया है नयी ट्रेन के संचालन को मंजूरी दे दी गई है।

## डालमिया सीमेंट ने अभिनेता रणबीर सिंह को बनाया ब्रांड एम्बेसेडर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** घर के सबसे महत्वपूर्ण हिस्से यानी रूफ कॉलम फाउंडेशन (आरसीएफ) में सीमेंट के सही इस्तेमाल पर ग्राहकों का मार्गदर्शन और सहायता करने की जिम्मेदारी लेते हुए, डालमिया सीमेंट ने एक नई पहल की है। डालमिया सीमेंट अपने नए अभियान आरसीएफ स्ट्रॉन्ग तो घर स्ट्रॉन्ग के साथ अपने ब्रांड फोकस में एक बड़ा बदलाव ला रहा है। नए ग्राहक-केंद्रित संदेश का उद्देश्य घर बनाने वालों और ठेकेदारों के बीच सही सीमेंट चुनने, इसका सही तरीके से इस्तेमाल करने और अपने सपनों का घर बनाने के लिए सबसे बेहतरीन निर्माण प्रणालियों का पालन करने के बारे में जागरूकता पैदा करना है।

डालमिया सीमेंट को आरसीएफ एक्सपर्ट के तौर पर प्रस्तुत करने वाले इस अभियान में सुपरस्टार रणवीर सिंह नजर आयेंगे।

इस अभियान को आरसीएफ स्ट्रॉन्ग तो घर स्ट्रॉन्ग के स्लोबन के जरिए आगे बढ़ाया जाएगा। कंपनी ने देश में तमाम नेशनल लैंडमार्क बनाने और लाखों लोगों के लिए खुशहाल घर का सपना पूरा करने में अपना अहम योगदान दिया है। डालमिया सीमेंट (भारत) लिमिटेड के सीईओ समीर नागपाल ने कहा, ÷हमारा मानना है कि ब्रांड को उपभोक्ताओं के जीवन में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए, ताकि वे सही जानकारी पर आधारित विकल्प चुन सकें। डालमिया सीमेंट ने पिछले कुछ सालों में सीमेंट बनाने की प्रोप्राइटरी तकनीकी जानकारी विकसित की है, जो रूफ कॉलम और फाउंडेशन के लिए इसे सबसे उपयुक्त सीमेंट बनाती है।

## मानहानि केस में सुल्तानपुर कोर्ट से राहुल गांधी को मिली जमानत

**सुल्तानपुर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी आज मंगलवार को मानहानि के मामले में सुल्तानपुर की एमपी-एमएलए कोर्ट में पेश हुए। इसके बाद उन्हें कोर्ट ने जमानत दे दी। अमित शाह पर विवादित टिप्पणी की थी, जिस पर भारतीय जनता पार्टी के एक नेता ने उन पर केस दर्ज कराया था। इसी बात से आहत बीजेपी नेता पूर्व को ऑपरेटिव चेयरमैन विजय मिश्र ने दीवानी न्यायालय की एमपी-एमएलए कोर्ट में परिवाद दाखिल किया था। इसी मामले में आज सुनवाई हुई। लिहाजा भारत जोड़ो न्याय यात्रा छोड़कर उन्होंने न्यायालय में समर्पण किया।दरअसल, राहुल गांधी ने साल 2018 में बेंगलुरु की एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रीय पार्टी के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की थी। उन्होंने अमित शाह को हत्यारा बताया था।

## अपोलोमेडिक्स ने सर्जरी से बचाई मरीज की जान

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** चिकित्सा उपचार को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रगति में, अपोलोमेडिक्स अस्पताल लखनऊ में डॉ. विजयंत देवेनराज और टीम ने महाधमनी विच्छेदन या एऑर्टिक डिसेक्शन से पीड़ित 81 वर्षीय रोगी को बचाने के लिए एक अभूतपूर्व सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया।

वाराणसी के रहने वाले 81 वर्षीय पुरुष ओम प्रकाश कई वर्षों से उच्च रक्तचाप और मधुमेह से पीड़ित थे। उनकी तबीयत तब अचानक खराब होने लगी और उन्होंने सीने में तेज दर्द की शिकायत की और उन्हें अस्पताल ले जाया गया। किसी को भी जरा भी अंदाजा नहीं था कि यह उनके लिए जानलेवा अग्निपरीक्षा की शुरुआत है। वाराणसी के एक अस्पताल में इलाज के दौरान डॉक्टरों को पता चला कि ओम प्रकाश को टाइप ए एऑर्टिक डिसेक्शन (यह एक गंभीर स्थिति जिसमें मुख्य धमनी (आर्टरी) प्रभावित होती है) के साथ-साथ गंभीर एऑर्टिक रिगरजिटेशन का सामना करना पड़ा था। यह स्थिति एक तात्कालिक खतरा उत्पन्न करती है क्योंकि रोगी किसी भी समय ऐसी स्थिति में पहुंच सकता है, जहां उसे बचाना संभव न हो। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, उन्हें अपोलोमेडिक्स अस्पताल में आपातकालीन इलाज के लिए लखनऊ स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया। अपोलोमेडिक्स लखनऊ पहुंचने पर ओम प्रकाश का एओर्टोग्राम और कोरोनरी एंजियोग्राफी की गई, जिसमें उनके एऑर्टिक डिसेक्शन की स्थिति और सीमा और उनके मस्तिष्क, नसों, बाएं हाथ और पैरों सहित उनके शरीर के विभिन्न हिस्सों पर इसके प्रभाव का आकलन करना शामिल था।

**डॉ. विजयंत देवेनराज और टीम ने महाधमनी विच्छेदन या एऑर्टिक डिसेक्शन से पीड़ित 81 वर्षीय रोगी को बचाने के लिए सर्जरी को सफलतापूर्वक दिया अंजाम**

परिणाम चिंताजनक थे, क्योंकि यह पाया गया कि एऑर्टिक डिसेक्शन में उनकी एक किडनी भी शामिल थी। स्थिति की गंभीरता बता रही थी कि सर्जरी की मांग की जाए। आईसीयू में स्थिर होने के बावजूद, रोगियों की स्थिति तेजी से बिगड़ने लगी और हार्ट फेल्योर के लक्षण प्रकट होने लगे। डॉ. विजयंत के नेतृत्व में सीटीवीएस टीम ने बिना समय बर्बाद किए एक इमरजेंसी ऑपरेशन करने का फैसला लिया। यह ऑपरेशन, रात 9 बजे से सुबह 3 बजे तक चला।

## ग्लोबल आर्क कंसल्टेंसी के कार्यालय और पोलिसीक्यू की नई शाखा का उद्घाटन

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** ग्लोबल आर्क कंसल्टेंसी ने अपने कार्यालय परिसर और पॉलिसीक्यू इंश्योरेंस ब्रोकर ने विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ में एक नई शाखा के उद्घाटन के साथ अपनी पहुंच का विस्तार किया। इस अवसर पर कंपनी के अधिकारीगणों ने बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री तपन सिंघल को उनकी गरिमामयी उपस्थिति के लिए धन्यवाद दिया; तथा ग्लोबल आर्क कंसल्टेंसी सर्विसेज के कार्यालय और पोलिसीक्यू इंश्योरेंस ब्रोकर की लखनऊ में नई शाखा के उद्घाटन के लिए गर्मजोशी भरा स्वागत किया ।

श्री तपन करिश्माई व्यक्तित्व वाले उद्योग जगत के अग्रणी नेता हैं। वह महान पारस्परिक कौशल वाले एक प्रेरक पूर्णतावादी और अत्यधिक रचनात्मक रणनीतिकार हैं। वह हमारे लिए एक प्रेरणा स्रोत हैं और हम हमारे कार्यालय के उद्घाटन के लिए उनकी उपस्थिति के लिए आभारी हैं। ग्लोबल आर्क का लखनऊ कार्यालय कृषि क्षेत्र के लिए सभी सहायक खासकर प्रौद्योगिकी आधारित सेवाएं प्रदान करेगा। ग्लोबल आर्क कृषि क्षेत्र में सहायक सेवाओं के प्रति दृष्टिकोण में बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है। पॉलीसीक्यू इंश्योरेंस ब्रोकर, व्यापक बीमा समाधान प्रदान करने वाला एक अग्रणी बीमा ब्रोकर, लखनऊ में अपनी नई शाखा खोलने की घोषणा करते हुए गर्व महसूस कर रहा है, जो व्यापक रूप से उपभोक्ताओं को बेजोड़ बीमा सेवाएं प्रदान करने के अपने मिशन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित हो रहा है।

नई शाखा अपने संस्थापक सदस्यों के गहन अनुभव और विशेषज्ञता द्वारा समर्थित, इस क्षेत्र में एक प्रमुख भूमिका निभाने के लिए तैयार है। अनुभवी टीम के मेंटर (परामर्शदाता ) बिशेश्वरी सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा ÷अपनी लखनऊ शाखा के उद्घाटन के साथ, हमारा लक्ष्य बीमा उद्योग में नए मानक स्थापित करना है। हमारा लक्ष्य अपने ग्राहकों को बीमा निर्णय लेने के लिए जानकारीपूर्ण आवश्यक ज्ञान और साधनों से सशक्त बनाना है, जिससे वह निश्चिन्त हो सके। ग्लोबल आर्क के सह-संस्थापक अरविंद यादव ने बताया ÷टीम आने वाले दिनों में नई उपलब्धियां हासिल करने के लिए बेहद उत्साहित है। हम कृषि के क्षेत्र में सहायक सेवाओं का समर्थन करने के लिए प्रौद्योगिकी के सर्वोत्तम उपयोग के साथ अद्वितीय सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## मध्यप्रदेश के सभी पांचों प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित

**भोपाल।** राज्यसभा चुनाव के लिए मध्यप्रदेश के सभी पांचों प्रत्याशी आज निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिए गए। राज्यसभा चुनाव के लिए नियुक्त निर्वाचन अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय जनता पार्टी के चार प्रत्याशी केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्यमंत्री एल मुरुगन, उमेशनाथ महाराज, बंसीलाल गुर्जर और श्रीमती माया नारोलिया एवं कांग्रेस के एक प्रत्याशी अशोक सिंह आज दोपहर निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिए गए। राज्यसभा चुनाव के लिए आज दोपहर तीन बजे तक नाम वापसी का समय निर्धारित था। इस समयसीमा के बाद दोनों ही दलों के प्रत्याशियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया गया। राज्य विधानसभा में भाजपा के सदस्यों की संख्या के आधार पर चार सीट भाजपा के और एक अन्य सीट कांग्रेस के खाते में गई है। दो सौ तीस सदस्यीय विधानसभा में भाजपा के 163 और कांग्रेस के 66 विधायक हैं। एक अन्य विधायक कमलेश डोडियार सैलाना विधानसभा सीट से भारत आदिवासी पार्टी के बैनर तले चुनाव जीते हैं।

## छात्र सिर्फ कोचिंग कक्षाओं पर न रहें निर्भर : उपराष्ट्रपति

एजेंसी




**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) के 37वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों को सिर्फ कोचिंग कक्षाओं पर निर्भर नहीं रहना चाहिए।

धनखड़ ने दीक्षांत समारोह के दौरान क्लिक कर डिजिटल माध्यम से देश भर में स्थित इग्नू के सभी 69 क्षेत्रीय केंद्रों से पढ़ाई पूरी करने वाले तीन लाख आठ हजार 605 छात्र-छात्राओं को डिग्री प्रदान की। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने कहा कि आज छात्रों को सरकार में अच्छे पद पाने के लिए प्रतियोगी परीक्षाओं से परे सोचना चाहिए और उन अवसरों का पता लगाना चाहिए जो अब उनके लिए उपलब्ध हैं। उपराष्ट्रपति ने सभी पहलुओं में भारत की विकास गाथा का उल्लेख करते हुए इस बात पर बल दिया कि अब राष्ट्र अपने संसाधनों से परिभाषित नहीं है; बल्कि अब देश अपनी असीमित क्षमता का अनुभव कर रहा है। भारत एक राष्ट्र के रूप में स्वयं को दृढ़ता से स्थापित कर चुका है। उन्होंने छात्रों से कहा कि वे एक ऐसे भारत में प्रवेश कर रहे हैं, जो अब सुषुप्त अवस्था से जागृत अवस्था में प्रवेश कर चुका है। देश में सक्षम इकोसिस्टम को रेखांकित करते हुए उन्होंने छात्रों विकास की इस अविश्वसनीय गति का लाभ उठाने, पारदर्शिता का उपयोग करने और आर्थिक उन्नति के परिदृश्य से लाभान्वित होने तथा अवसरों को व्यक्तिगत उत्कृष्टता में परिवर्तित करने का आग्रह किया। उपराष्ट्रपति ने कहा कि असाधारण आधारभूत अवसंरचना विकास, व्यापक प्रौद्योगिकी युग में प्रवेश, डिजिटलीकरण की तीव्र गति और पारदर्शी एवं जवाबदेह शासन के प्रति प्रतिबद्धता अब केवल प्रचलित शब्द नहीं बल्कि वास्तविकता बन चुके है।

## खबरें एक नजर में

### मोदी सरकार को किसान हितों की परवाह नहीं : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार को किसानों के हित की परवाह नहीं है। उन्होंने कहा कि यह सरकार अपनी सहूलियत के हिसाब से बयान बदलती रही है। पार्टी प्रवक्ता पवन खेड़ा ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का समर्थन किया था और प्रधानमंत्री बनने के बाद वह इसके विरोधी हो गए। वर्ष 2014 के पहले एमएसपी को भाजपा किसानों का हक बताती थी और आज इस मुद्दे पर किसानों को दिल्ली तक नहीं आने दिया जा रहा है। खेड़ा ने कहा कि एमएसपी और अन्य मुद्दों को लेकर प्रदर्शन कर रहे किसानों का कांग्रेस समर्थन करती है लेकिन भाजपा सरकार को किसान हितों की परवाह नहीं है। इससे पहले हुए किसान आंदोलन में 700 से ज्यादा किसान शहीद हो गए लेकिन इनके कान पर जूं तक नहीं रेंगी। अब फिर से किसान दिल्ली आना चाहते हैं तो उन्हें रास्ते में रोक दिया गया है। किसानों के एक्स एकाउंट बंद कर दिए गए हैं। मीडिया को उनकी खबर दिखाने से रोका गया है।

### प्रधान अध्यापिका ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**जगदलपुर।** जिले के परपा थाना क्षेत्र अंर्तगत तोकापाल के बेडागुड़ा निवासी प्रधानाध्यापिका कांति नागेश ने आज मंगलवार सुबह अपने घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को किसी भी प्रकार का कोई सुसाइट नोट बरामद नहीं हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज सुबह कांति अपने कमरे से निकल कर बाथरूम तक गई। उसके बाद वापस कमरे में चली गई। आठ बजे तक जब बाहर नहीं आई तो उसकी मां बुटकी नागेश कमरे में गई। जहां बेटी को फांसी के फंदे पर झूलते हुए देखा। परपा पुलिस मौके पर पंहुचकर पंचनामा की कार्यवाही के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए मेकॉज भिजवाया है। मृतक प्रधानाध्यापिका के परिजन जीतू ठाकुर ने बताया कि बुरुंगपाल स्कूल में प्रधानाध्यापिका के पद में पदस्थ कांति नागेश (37) अपने माता-पिता के अलावा एक छोटे भाई के साथ रहती थी।

### श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर कई उड़ानें रद्द

**श्रीनगर।** श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर मंगलवार को कई उड़ानें रद्द कर दी गई हैं और खराब मौसम की स्थिति को देखते हुए परिचालन पूरी तरह से निलंबित होने की संभावना है। श्रीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के निदेशक जावेद अंजुम ने बताया कि खराब मौसम की स्थिति के कारण कई उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। रद्दीकरण की सही संख्या का खुलासा नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इंडिगो और अन्य की कई उड़ानें स्टैंडबाय मोड पर हैं और श्रीनगर में भारी बर्फबारी को देखते हुए परिचालन पूरी तरह से निलंबित होने की संभावना है। मौसम कार्यालय के अनुसार शाम या देर रात तक कश्मीर के कुछ हिस्सों में बर्फबारी जारी रहने की उम्मीद है।

### हाईकोर्ट ने शुभेंदु अधिकारी को संदेशखाली जाने की अनुमति दी

**कोलकाता।** कलकत्ता हाई कोर्ट की सख्ती के बाद आखिरकार पुलिस ने वरिष्ठ भाजपा विधायक और नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी को संदेशखाली जाने की अनुमति दे दी है। मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की खंडपीठ ने साफ कर दिया कि विधायक शुभेंदु अधिकारी और शंकर घोष केवल दो लोग एक साथ संदेशखाली जा सकते हैं। इसके बाद पुलिस ने बैरिकेडिंग हटाई और शुभेंदु अधिकारी को संदेशखाली के अंदर जाने की अनुमति दी। शुभेंदु ई-रिक्शा पर बैठकर इलाके में घूम रहे थे। उन्होंने कई लोगों से बात की है। टोटो में बैठे शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि संदेशखाली के लोग शांति और शाहजहां शेख के लिए फांसी चाहते हैं। शाहजहां बच नहीं सकता। उसके खिलाफ कार्रवाई करनी ही होगी।

### एक किलो सोना के साथ भारतीय नागरिक गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल पुलिस ने बीती रात को एक भारतीय नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से एक किलो सोने बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार काठमांडू के त्रिभुवन अन्तरराष्ट्रीय विमानस्थल पर यात्रियों की जांच के क्रम में दुबई से आए भारतीय नागरिक 35 वर्षीय शरीफ अहमद को गिरफ्तार किया गया है। अहमद के पास से एक किलो सोना बरामद किया गया है जिसको पिघलाकर अर्ध ठोस रूप में लाया गया था। एयरपोर्ट के सुरक्षा अधिकारी एसएसपी कृष्णहरि शर्मा ने बताया कि पकड़ा गया अहमद फ्लाई दुबई के विमान से बीती रात को काठमांडू आया था और आज ही भारत जाने की तैयारी में था। पकड़े गए व्यक्ति को कस्टम विभाग में भेज दिया गया है। तिरुपति में प्रतिदिन 20-25 टन निर्माण कार्य से जो मलबा निकतला है उसे प्रसंस्करण के बाद संसाधित सामग्री का उपयोग कर्ब स्टोन, टाइल्स, पेवर ब्लॉक इत्यादि के निर्माण के लिए कच्चे माल के रूप में किया जाता है। बाद में नगर निगम द्वारा फुटपाथ, सड़क के किनारे, पार्क आदि में विकासात्मक कार्यों के लिए उपयोग किया जाता है। तिरुपति में रामापुरम डंपसाइटको अब पूरी तरह से उपचारित कर लिया गया है